डाक पंजीयन क्र. MP/Bhopal/186/2021-2023
लाइसेंस क्र. WPP/Tech/23-04/08/2021-2023
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

रोज़गार और निर्माण

टेलीग्राम चैनल से जुड़ने के लिए यहां क्लिक करें

प्रति सप्ताह की प्रकाशित, संवाद 1.07.2022 से 1[illegible].2022 वर्ष-39 अंक-2[illegible] मूल्य रु. 5.00

भोपाल में बनने वाला श्रीराम संग्रहालय पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बने - मुख्यमंत्री

विद्यार्थियों को रामचरित मानस की शिक्षाओं से अवगत कराना सराहनीय

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने तुलसी मानस प्रतिष्ठान की प्रबंधकारिणी समिति की बैठक की अध्यक्षता कर संबोधित करते हुए कहा है कि तुलसी मानस प्रतिष्ठान द्वारा भगवान श्रीराम और उनके आदर्शों से युवा वर्ग को अवगत कराने के प्रयास सराहनीय हैं। भगवान श्रीराम और मानस के प्रसंग पर आधारित संग्रहालय का निर्माण प्रतिष्ठान के परिसर में किया जाएगा, जो निश्चित ही एक आकर्षक और प्रेरक स्थल के रूप में पहचान बनाएगा। संग्रहालय को इस तरह विकसित किया जाना चाहिए, जिससे भोपाल आने वाले पर्यटक भी इसे देखने अवश्य आएं। प्रतिष्ठान की निबंध स्पर्धा से भगवान श्रीराम के जीवन, अयोध्या प्रसंग और आदर्शों की जानकारी देने और विजेताओं को राम जन्म-स्थली अयोध्या के भ्रमण की योजना प्रशंसनीय है।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि राज्य शासन द्वारा प्रतिष्ठान के कार्यों में हरसंभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि संग्रहालय के अवलोकन से विद्यार्थियों को श्रीराम की शिक्षाओं को आत्मसात करने में आसानी होगी। इस संग्रहालय की स्थापना के लिए प्रतिष्ठान को आवश्यक वित्तीय सहयोग भी प्रदान किया जाएगा।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में तुलसी मानस प्रतिष्ठान की प्रबंधकारिणी समिति की बैठक को संबोधित करते हुये।

प्रतिष्ठान के कार्याध्यक्ष श्री रघुनंदन शर्मा ने जानकारी दी कि समाज में समरसता के प्रसार के लिए रामचरित मानस के ज्ञान का प्रसार किया जा रहा है। समाज के वंचित वर्ग और शिक्षण केन्द्रों में तुलसी मानस के प्रचार-प्रसार के प्रयास किए जा रहे हैं। स्कूल शिक्षा और संस्कृति विभाग के सहयोग से विद्यार्थियों के ज्ञान स्तर को जानने के लिए प्रतियोगिता की जा रही है। प्रदेश के महाविद्यालयों में स्नातक स्तर की प्रथम वर्ष की कक्षाओं में हिंदी विषय में सुंदरकांड के शिक्षण की शुरुआत हुई है। रामचरित मानस और अयोध्या प्रसंग से संबंधित अध्याय को पाठ्यक्रम में सम्मिलित करने की कार्यवाही भी प्रचलित है। प्रतिष्ठान द्वारा संभाग स्तर पर शिक्षा अधिकारियों की भागीदारी से कार्यशालाएं हो रही हैं। भारत सरकार द्वारा तुलसी मानस प्रतिष्ठान में श्रीराम संग्रहालय की स्थापना के लिए स्वीकृति प्रदान करने की प्रक्रिया संचालित हैं। इसके लिए राज्य शासन से सहयोग की अपेक्षा है।

प्रतिष्ठान की प्रबंधकारिणी बैठक के दौरान मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान को प्रतिष्ठान की मासिक मुख-पत्रिका तुलसी मानस भारती और स्वर्ण जयंती अंक की प्रति भेंट की गई। प्रतिष्ठान के संयोजक श्री राजेन्द्र शर्मा ने आभार व्यक्त किया। प्रतिष्ठान के सचिव श्री कैलाश जोशी, तुलसी मानस भारती के प्रधान संपादक श्री प्रभुदयाल मिश्र, सदस्य श्री विजयदत्त श्रीधर, श्री रमेश शर्मा, श्री कमलेश जैमिनी, श्री महेश सक्सेना, श्री माधव सिंह दांगी, श्रीमती सुशीला शुक्ला आदि उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने तुलसी मानस प्रतिष्ठान में बाबा तुलसी दास जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। उन्होंने प्रतिष्ठान द्वारा नवसज्जित पं. रामकिंकर उपाध्याय पुस्तकालय एवं शोध केंद्र का उद्घाटन भी किया।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना

बैंकों के लिये निर्देश जारी

भोपाल, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में वर्ष 2022-23 में खरीफ और रबी के लिये किसानों की अधिसूचित फसलों का बीमा कराने क्लस्टरवार निर्धारित बीमा कम्पनियों को कार्यादेश जारी कर दिये गये हैं। किसानों द्वारा बोई गई फसल में परिवर्तन पर संबंधित बैंकों को 29 जुलाई तक अवगत कराना जरूरी है। किसानों की अधिसूचित फसलों का बीमा करने के लिये बैंकों द्वारा प्रीमियम नामे किये जाने की अंतिम तिथि 31 जुलाई है।

अपर संचालक फसल बीमा ने बताया कि किसानों को बीमांकन की अंतिम तिथि 31 जुलाई, 2022 से दो दिन पहले 29 जुलाई तक संबंधित बैंक से सम्पर्क कर बोई गई वास्तविक फसल की जानकारी अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना होगी।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना खरीफ-2022 के लिये प्रदेश में नेशनल क्रॉप इंश्योरेंस पोर्टल (एनसीआईपी) पर भू-अभिलेख के एकीकरण का कार्य किया जा रहा है। पंजीयन के समय कृषक की भूमिधारिता संबंधी जानकारी भू-अभिलेख के आधार पर पोर्टल में ड्रॉप-डाउन पर उपलब्ध हो सकेगी। बीमाकर्ता (बैंकर्स, कॉमन सर्विस सेंटर और स्वयं कृषक) संगत खसरा नम्बर का चयन कर धारित भूमि का बीमा कर सकेगा।

किसानों को समय पर सही पॉलिसी जारी करने के लिये नेशनल क्रॉप इंश्योरेंस पोर्टल पर जानकारी दर्ज होना जरूरी है। बैंकों को निर्देश दिये गये हैं कि किसानों के बीमा पंजीयन के दौरान खसरा नम्बर तथा बीमित भूमि के क्षेत्रफल की सही-सही जानकारी पोर्टल पर दर्ज करें।

खास खबर

प्लास्टिक प्रदूषण रोकने में हरसंभव योगदान दें – मुख्यमंत्री

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस पर प्रदेशवासियों को पर्यावरण फ्रेंडली बैग के उपयोग का संकल्प लेने एवं प्लास्टिक प्रदूषण रोकने के पवित्र ध्येय में अपना हरसंभव योगदान देने की अपील की है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने ट्वीट कर कहा है कि 'श्रेष्ठ और सुखद भविष्य के लिए प्लास्टिक बैग को सदैव के लिए 'ना' कहिये एवं पर्यावरण फ्रेंडली बैग के उपयोग का संकल्प लीजिये। आपका यह प्रयास धरती को अधिक स्वच्छ, सुंदर और उपजाऊ बनाने में अत्यंत उपयोगी एवं क्रांतिकारी सिद्ध होगा।' श्री चौहान ने कहा कि हम सब जानते हैं कि भारत में एक जुलाई से सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

अंदर के पृष्ठों पर

- **खेल चर्चा-** प्रमुख खेल गतिविधियों का विवरण
- **सामयिकी-** देश-विदेश की प्रमुख घटनाएं
- **चर्चा में-** प्रमुख चर्चित व्यक्तियों और ध्यान आकर्षित करने वाली खबरों की चर्चा
- **पिछला सप्ताह-** देश-विदेश की साप्ताहिक खबरों का संक्षिप्त विवरण

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग

ईवीएम संधारण के लिये विस्तृत निर्देश किये गये जारी

भोपाल, मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग ने निर्वाचन के लिये उपयोग में आने वाली ईवीएम मशीनों के संधारण के संबंध में विस्तृत निर्देश जारी किये हैं। आयोग के सचिव श्री राकेश सिंह ने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के पास ईवीएम मशीन पहुंचाने से लेकर मतगणना के पश्चात इनका संधारण कैसे किया जाना है, के संबंध में निर्देश दिये हैं। जिसमें स्पष्ट किया गया है कि निष्पक्ष, निर्भीक, पारदर्शी और विश्वसनीय निर्वाचन प्रक्रिया के लिये जिला निर्वाचन अधिकारी, रिटर्निंग ऑफिसर और मतदान केन्द्र, मतगणना स्थल तथा स्ट्रांग-रूम तक ईवीएम मशीनों की व्यवस्था कैसी होनी चाहिये।

सचिव राज्य निर्वाचन आयोग श्री सिंह ने कहा है कि रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा निर्वाचन के लिये आवंटित ईवीएम के समस्त ट्रंकों को चयनित अस्थाई ईवीएम स्ट्रांग-रूम में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में विहित रीति से संधारित करना होगा। प्रशिक्षण एवं जन-जागरूकता के प्रयोजन के लिये प्रदाय की गई ईवीएम को स्ट्रांग-रूम से पृथक कक्ष, जो कि उसी भवन में हो, आरक्षित किया जाकर संधारित किया जायेगा। आरओ रेण्डमाइजेशन में आवंटित मतदान केंद्र तथा वार्ड रिजर्व सह कमीशनिंग रिजर्व ईवीएम को कमीशनिंग के लिये निकालते समय स्ट्रांग-रूम को अभ्यर्थियों और उनके अभिकर्ताओं की उपस्थिति में विहित रीति से खोला जाएगा। कमीशनिंग के बाद मतदान केंद्र तथा वार्डवार रिजर्व के लिये तैयार की गई ईवीएम को यथा-निर्धारित अस्थाई स्ट्रांग-रूम में संधारित किया जाकर विहित रीति से स्ट्रांग-रूम को सील किया जाएगा। कमीशनिंग के दौरान नॉन-वर्किंग पाई गई ईवीएम एवं रिटर्निंग ऑफिसर के पास शेष कमीशनिंग रिजर्व ईवीएम, जो कि मतदान के लिये उपयोग में नहीं लाई जा रही हैं, को स्ट्रांग-रूम से पृथक कक्ष, जिसमें प्रशिक्षण एवं जन-जागरूकता के लिये आवंटित ईवीएम को भी रखा जायेगा, में संधारित किया जाएगा। सामग्री वितरण दिवस पर मतदान दलों को उनके मतदान केंद्र से संबंधित ईवीएम तथा सेक्टर/जोनल मजिस्ट्रेट को उनके संबंधित सेक्टर की वार्डवार रिजर्व ईवीएम प्रदाय करने के लिये स्ट्रांग-रूम को अभ्यर्थियों और उनके अभिकर्ताओं की उपस्थिति में विहित रीति अनुसार खोला जाएगा।

राज्य निर्वाचन आयोग ने अगले चरण में मतदान के बाद मतयुक्त (Polled) तथा मतरहित (Unpolled) ईवीएम की प्राप्ति और संधारण के लिये इन्हें 4 श्रेणियों में वर्गीकृत किया है। श्रेणी-ए में मतयुक्त वर्किंग ईवीएम, जिसमें संबंधित मतदान केंद्र के मत रिकॉर्ड किये गये हैं और जिसे पीठासीन अधिकारी द्वारा अंतिम रूप से क्लोज किया जाकर विहित रीति से सील किया गया है, शामिल हैं। श्रेणी-बी में मतयुक्त नॉन-वर्किंग ईवीएम, जिसमें संबंधित मतदान केंद्र के कतिपय मत रिकॉर्ड होने के बाद बीच मतदान में नॉन-वर्किंग हुई ईवीएम शामिल हैं।

दस्तक अभियान में प्लानिंग और प्रशिक्षण पर दें पर्याप्त ध्यान

स्वास्थ्य आयुक्त डॉ. सुदाम खाड़े दस्तक अभियान की कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में उपस्थित हुये।

भोपाल, दस्तक अभियान के पहले कार्ययोजना तैयार करने और अभियान से जुड़े अमले को प्रशिक्षण देने पर पर्याप्त ध्यान दिया जाये। दस्तक अभियान की कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में स्वास्थ्य आयुक्त डॉ. सुदाम खाड़े ने यह बात कही।

स्वास्थ्य आयुक्त ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी स्वास्थ्य संसाधनों को ध्यान में रख कार्ययोजना तैयार करें। उन्होंने कहा कि बेहतर प्लानिंग के साथ प्रशिक्षण पर भी ध्यान दिया जाये। गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण से क्रियान्वयन स्तर पर बेहतर परिणाम प्राप्त होते हैं। स्वास्थ्य आयुक्त ने कहा कि अभियान को वास्तविक रूप में परिणामदायक बनाना है।

डॉ. खाड़े ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में संदेश पहुंचाने के लिये सुलभ साधन का उपयोग कर प्रचार-प्रसार किया जाये। अभियान का व्यवस्थित डॉक्यूमेंटेशन भी करें। एमडी एनएचएम श्रीमती प्रियंका दास ने दस्तक अभियान संबंधी प्रजेंटेशन दिया। उन्होंने कहा कि इस वर्ष हमें पूरी तैयारी के साथ अभियान को संचालित करना है। उन्होंने बताया कि अभियान में 5 वर्ष तक के बच्चों में प्रमुख बाल्यकालीन बीमारियों की सक्रिय पहचान और प्रबंधन किया जाना है। अभियान में एएनएम, आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता का संयुक्त दल 5 वर्ष उम्र तक के बच्चों वाले परिवारों के घर जाकर बच्चों की स्वास्थ्य जांच कर बीमारियों की पहचान, उचित उपचार तथा प्रबंधन सुनिश्चित करेगा। मुख्य रूप से शैशव एवं बाल्यकालीन निमोनिया की पहचान, प्रबंधन और रेफरल, गंभीर कुपोषित बच्चों की सक्रिय पहचान, रेफरल और प्रबंधन, 6 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों में गंभीर एनीमिया की सक्रिय स्क्रीनिंग और प्रबंधन, बच्चों में दिखाई देने वाली जन्मजात विकृतियों की पहचान आदि गतिविधियां दस्तक दल द्वारा की जायेंगी।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

2 जुलाई

रक्षा मंत्रालय ने प्रारंभ की अग्निवीरों की भर्ती प्रक्रिया

● वायु सेना के बाद अब थल सेना और नौसेना ने अग्निपथ योजना के तहत अग्निवीरों की भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि भारतीय वायु सेना में अग्निवीरों की भर्ती प्रक्रिया 24 जून को शुरू हो गई थी, अब एक जुलाई से थल सेना और नौसेना में भी इस योजना के तहत भर्ती प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार तीनों सेनाओं में अग्निपथ योजना के तहत अग्निवीरों के लिये रजिस्ट्रेशन शुरू हो गये हैं। मंत्रालय ने युवाओं से आह्वान किया कि वे वायु सेना, थल सेना और नौसेना का हिस्सा बनें और अग्निवीर के रूप में देश की सेवा करने के अपने सपने को पूरा करें। रक्षा मंत्रालय के अनुसार ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के बाद अगस्त के दूसरे सप्ताह से देशभर में भर्ती रैलियां शुरू हो जायेंगी। अग्निवीरों के पहले बैच के लिये कंबाइंड एंट्रेंस टेस्ट (लिखित परीक्षा) 16 अक्टूबर से 13 नवम्बर के बीच होंगे।

● यूरो मुद्रा का उपयोग करने वाले 19 यूरोपीय देशों में जून 2022 में महंगाई रिकॉर्ड स्तर 8.6 प्रतिशत पर पहुंच गई है। यूरोपियन यूनियन स्टेटिक्स एजेंसी के अनुसार रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध के कारण यूरोजोन में ऊर्जा लागत बढ़ गई है तथा खाद्य कीमतों में तेजी के कारण महंगाई दर में वृद्धि हुई है। इससे पहले मई 2022 में इन देशों में महंगाई दर 8.1 प्रतिशत थी। एजेंसी द्वारा जारी आंकड़े के अनुसार जून माह में यूरोजोन में ऊर्जा की कीमतों में 41.9 प्रतिशत, खाद्य तथा अल्कोहल की कीमतों में 8.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

3 जुलाई

डीआरडीओ ने किया देश के पहले मानव रहित स्वदेशी विमान का सफल परीक्षण

● रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने कर्नाटक के चित्रदुर्ग में स्वदेश में विकसित मानव रहित लड़ाकू विमान का सफल परीक्षण किया। डीआरडीओ ने ऑटोनॉमस फ्लाइंग विंग टेक्नोलॉजी डिमॉन्स्ट्रेटर के जरिये इस विमान की पहली उड़ान को परखा। डीआरडीओ ने बताया कि परीक्षण के दौरान विमान ने बिना किसी पायलेट की मदद से उड़ने से लेकर लैंड करने तक सारा काम खुद किया। इसने भविष्य में इस तरह के विमानों के विकास की राह आसान कर दी है। डीआरडीओ ने कहा कि विमान को लेकर सबसे बड़ी बात उसका स्वचलित होना है। इसमें टेक ऑफ, वे प्वॉइंट नेविगेशन और आसानी से टचडाउन शामिल है। यह सामरिक रक्षा तकनीक को लेकर आत्मनिर्भरता की दिशा में अहम कदम है।

● भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) को लेकर पहले दौर की वार्ता पूरी हो गई है। यह जानकारी केंद्रीय वाणिज्य मंत्रालय ने दी। मंत्रालय ने बताया कि एफटीए को लेकर अगले दौर की वार्ता सितम्बर 2022 को ब्रुसेल्स में होगी। मंत्रालय द्वारा जारी बयान के अनुसार भारत की तरफ से एफटीए वार्ता की अगुवाई वाणिज्य विभाग के संयुक्त सचिव सुश्री निधि मणि त्रिपाठी ने की।

4 जुलाई

मधुमेह और रक्तचाप सहित 84 दवाओं की खुदरा कीमतें तय

● राष्ट्रीय दवा मूल्य प्राधिकरण (एनपीपीए) ने मधुमेह, सिरदर्द और उच्च रक्तचाप सहित 84 जरूरी दवाओं के लिये खुदरा कीमतें तय की हैं। नियामक द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार दवा (मूल्य नियंत्रण) आदेश-2013 की तरफ से मिली शक्तियों का इस्तेमाल करते हुये एनपीपीए ने दवाओं की खुदरा कीमतें तय की हैं। अधिसूचना के अनुसार कोलेस्ट्रॉल (हाई) और ट्राइग्लिसराइड्स के स्तर को कम करने में इस्तेमाल होने वाले फॉर्मूलेशन की कीमतें भी तय की गई हैं। एक अन्य अधिसूचना में एनपीपीए ने कहा कि लिक्विड मेडिकल ऑक्सीजन और ऑक्सीजन इनहेलेशन (औषधीय गैस) की संशोधित अधिकतम कीमत को 30 सितम्बर, 2022 तक बढ़ाया गया है।

● अमेरिका के न्यूयॉर्क प्रांत ने एक कानून पारित कर टाइम्स स्क्वायर सहित कई सार्वजनिक स्थानों पर बंदूक ले जाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। अमेरिका की सुप्रीम कोर्ट ने पिछले दिनों न्यूयॉर्क के बंदूक लाइसेंस पर प्रतिबंध संबंधी कानून को समाप्त करने का ऐतिहासिक फैसला सुनाया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि अमेरिकी संविधान किसी व्यक्ति को अपनी रक्षा के लिये हथियार रखने का अधिकार प्रदान करता है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के जवाब में न्यूयॉर्क की डेमोक्रेटिक सरकार ने कहा कि ज्यादा लोग बंदूक रखेंगे तो हिंसक वारदातों में वृद्धि होगी। इसके बाद न्यूयॉर्क में कानून पारित कर सरकारी भवनों, चिकित्सालयों, पूजा स्थलों, पुस्तकालयों, खेल मैदान, स्टेडियम, पार्क, स्कूल, कॉलेज, आश्रय स्थलों, सार्वजनिक परिवहनों, संग्रहालयों और थियेटरों में बंदूक ले जाने पर रोक लगाई गई है।

5 जुलाई

अमेरिका में फ्रीडम डे परेड में हुई फायरिंग में छह लोगों की मौत

● अमेरिका में फ्रीडम डे परेड के दौरान अचानक हुई गोलीबारी में छह लोगों की मृत्यु हो गई, जबकि 24 लोग घायल हुये हैं। गोलीबारी की यह घटना इलिनायस प्रांत के शिकागो शहर के उपनगर हाईलैंड पार्क में हुई। शिकागो पुलिस के अनुसार 4 जुलाई को अमेरिका के 246वें स्वतंत्रता दिवस पर फ्रीडम डे परेड आयोजित की गई। हमलावर ने किसी बिल्डिंग की छत से परेड मार्ग पर फायरिंग की। फायरिंग के बाद लोग जान बचाने के लिये इधर-उधर भाग गये। इस दौरान छह लोग मारे गये, जबकि कई घायल हुये हैं।

● केंद्रीय संचार मंत्रालय के दूरसंचार विभाग ने वायरलैस जैमर और बूस्टर/रिपीटर्स के उचित उपयोग के बारे में आमजन के लिये एक एडवाइजरी जारी की है। एडवाइजरी के अनुसार भारत सरकार द्वारा विशेष रूप से दी गई अनुमति के अलावा सेलुलर सिग्नल जैमर, जीपीएस ब्लॉकर या अन्य सिग्नल जैमिंग उपकरण का उपयोग अवैध है। निजी क्षेत्र के संगठन या व्यक्ति निजी तौर पर देश में सिग्नल जैमर्स की खरीदारी और उपयोग नहीं कर सकते हैं। दिशा-निर्देश के तहत प्राप्त अनुमति को छोड़कर देश में सिग्नल जैमिंग उपकरणों का प्रचार, बिक्री, वितरण, आयात या अन्य प्रकार से विपणन करना गैर कानूनी है।

6 जुलाई

इरडा ने लॉन्च की एक से ज्यादा वाहनों के लिये एक बीमा पॉलिसी

● भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (इरडा) ने एक से ज्यादा वाहन रखने वाले वाहन मालिकों को राहत दी है। इरडा ने कहा कि एक से ज्यादा कार या दोपहिया वाहन होने पर अब एक ही बीमा पॉलिसी होगी। अलग-अलग गाड़ियों के लिये अलग-अलग पॉलिसी लेने की जरूरत नहीं होगी। इरडा ने कहा कि स्वास्थ्य बीमा के फ्लोटर पॉलिसी की तरह फ्लोटर मोटर बीमा पॉलिसी होगी। इसके अलावा इरडा ने कहा कि अब बीमा प्रीमियम की राशि गाड़ी चलाने के तरीके पर तय होगी। सुरक्षित और अच्छे तरीके से गाड़ी चलाने पर मोटर बीमा के लिये प्रीमियम कम देना होगा, जबकि नियमों को तोड़ने या गलत तरीके से वाहन चलाने पर ज्यादा प्रीमियम देना होगा।

● चीन ने लगभग दो वर्ष से देश में अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों पर लगी रोक को हटाने का फैसला किया है। कोरोना महामारी के कारण चीन ने दो वर्ष पहले अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों पर प्रतिबंध लगाया था। ग्लोबल टाइम्स के अनुसार चीन ने दूसरे देशों से आने वाले लोगों के लिये निर्धारित होटलों में पृथकवास की अवधि को घटाकर सात दिन कर दिया है।

7 जुलाई

कोरोना की बूस्टर डोज 9 की जगह 6 माह में लगेगी

● देश में कोरोना की बूस्टर डोज अब 9 की जगह 6 महीने में लगायी जा सकेगी। केंद्र सरकार ने इस संबंध में सभी राज्य सरकारों को चिट्ठी लिखी है। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने चिट्ठी में लिखा कि नेशनल टेक्निकल एडवाइजरी ग्रुप ऑफ इम्यूनाइजेशन (एनटागी) की अनुशंसा के बाद कोरोना वैक्सीन के दूसरे डोज और बूस्टर डोज के बीच 9 महीने या 39 सप्ताह के अंतराल को घटाकर 6 महीने या 26 सप्ताह करने का फैसला किया गया है। अब 18 वर्ष या इससे ऊपर के सभी व्यक्ति 6 महीने के अंतराल में बूस्टर डोज ले सकेंगे।

● लंबे समय से आर्थिक संकट का सामना कर रहे श्रीलंका ने रूस से रियायती दर पर कच्चा तेल मांगा है। श्रीलंका के राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे ने बताया कि उन्होंने अपने रूसी समकक्ष व्लादिमीर पुतिन के साथ फोन पर बातचीत के दौरान रूस से रियायती दर पर कच्चा तेल खरीदने के लिये क्रेडिट लाइन पर भी सकारात्मक चर्चा हुई। गोटबाया ने बताया कि उन्होंने रूसी राष्ट्रपति से आग्रह किया कि वे विदेशी मुद्रा संकट से जूझ रहे श्रीलंका की तत्काल मदद करें।

8 जुलाई

तीन निजी बैंकों को सैन्य खरीद में वित्तीय सेवाएं प्रदान करने की मंजूरी

● सरकारी कामकाज में निजी क्षेत्र के बैंकों को शामिल करने की व्यवस्था किये जाने के बाद अब रक्षा मंत्रालय ने निजी क्षेत्र के तीन बैंक एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, आईसीआईसीआई बैंक और एक्सिस बैंक को मंत्रालय द्वारा की जाने वाली विदेशी खरीद के लिये वित्तीय सेवाएं प्रदान करने की मंजूरी प्रदान की है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि इन बैंकों के प्रदर्शन पर नियमित तौर पर नजर रखी जायेगी, ताकि जरूरत पड़ने पर आवश्यक कदम उठाये जा सकें।

● भारत को वर्ष 2022-26 की अवधि के लिये अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की रक्षा के लिये यूनेस्को की 2003 कन्वेंशन की अंतर सरकारी समिति का सदस्य चुना गया है। यह जानकारी केंद्रीय पर्यटन मंत्री श्री जी किशन रेड्डी ने दी। श्री रेड्डी ने बताया कि समिति में एशिया प्रशांत समूह के भीतर खाली चार सीटों के लिये भारत, बांग्लादेश, वियतनाम, कंबोडिया, मलेशिया और थाइलैंड ने अपनी दावेदारी पेश की थी। इन सीटों के लिये हुये मतदान में भारत को 155 देशों में से 110 देशों के वोट मिले।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित फोटो : गूगल से साभार)

वर्ष 39, अंक 28 11.07.2022 से 17.07.2022

रोज़गार और निर्माण

www rojgaraurnirman.in

- प्रबंध संचालक - राघवेन्द्र कुमार सिंह
- सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह
- कार्यकारी सम्पादक - राजीव तिवारी
- प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
- प्रबंधक - सुभाष चन्द्र जोशी (मुद्रण)
- आकल्पन - आशा रोमन, अरविन्द टोप्पो, सुशील लांडगे
- वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनीऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें :-

रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011

फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, **e-mail : madhyam.rojgar@gmail.com**

रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। जरूरी नहीं कि सम्पादक उससे सहमत हों। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

इंडस्ट्रियल कॉरिडोर से बदलेगी राज्यों की तकदीर और तस्वीर

केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में इंडस्ट्रियल कॉरिडोर मॉनीटरिंग अथॉरिटी की वर्चुअल बैठक हुई। बैठक में केंद्रीय रेल एवं उद्योग मंत्री सहित छह राज्यों के मुख्यमंत्री वर्चुअली शामिल हुये। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान जबलपुर से बैठक में वर्चुअली जुड़े। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विजन का यह कमाल है कि देश में ग्यारह इंडस्ट्रियल कॉरिडोर बनने वाले हैं, जो राज्यों की तकदीर और तस्वीर बदलने का कार्य करेंगे। उनके विजन से दिशा मिलती है और इससे तेज गति से काम करने का प्रयास होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली-मुंबई इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के प्रजेंटेशन में दिखाया गया कि मध्यप्रदेश ने तेज गति से काम किया है। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के सपने को साकार करने के लिये मध्यप्रदेश में विकास की प्रतिबद्धता जाहिर की और कहा कि विक्रम उद्योगपुरी को 202 एकड़ जमीन अलॉट की गई है। इसमें 20 उद्योगपति जमीन भी ले चुके हैं और कई ने कार्य भी प्रारंभ कर दिये हैं। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुये कहा कि नवम्बर में एक कंपनी प्रोडक्शन प्रारंभ कर देगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि 15 कंपनियों के आवेदन आ चुके हैं, जिन्हें बहुत जल्द जमीन आवंटित कर दी जायेगी। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि उज्जैन के विक्रम उद्योगपुरी के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। उद्योगपतियों को कोई दिक्कत नहीं होगी। मध्यप्रदेश वैसे भी इन्वेस्टर्स फ्रेंडली स्टेट है। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में भी औद्योगिक विकास के लिये लगातार प्रयास किये गये हैं, जिससे निवेश आने की गति न रुके। उन्होंने डेलिगेशन ऑफ पावर को आदेशित किया कि वे तत्काल पूरा करेंगे। मुख्यमंत्री ने दिल्ली-नागपुर कॉरिडोर के संबंध में कहा कि मध्यप्रदेश का वह क्षेत्र जहां से यह निकलेगा, वहां भारत माला परियोजना में 320 किलोमीटर में अटल एक्सप्रेस-वे का कार्य प्रारंभ कर रहे हैं। इसके दोनों ओर इंडस्ट्रियल कॉरिडोर विकसित करने का कार्य भी शुरू कर दिया गया है। उद्योगपतियों को जमीन देने के लिये योजना भी तैयार की जा चुकी है। इसके लिये 11 हजार एकड़ जमीन चिन्हित की जा चुकी है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश में औद्योगिक विकास के लिये प्रधानमंत्री का जो विजन है, उसे पूरी तत्परता के साथ समय-सीमा में विभिन्न परियोजना पर काम कर पूरा करेंगे। उन्होंने दिल्ली-नागपुर इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के प्रस्ताव को प्राथमिकता से बनाने को कहा। इससे आगरा, मुरैना, ग्वालियर, गुना, भोपाल, नर्मदापुरम् (होशंगाबाद), बैतूल और नागपुर में बेहतर तरीके से उद्योग लाये जा सकेंगे। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में कई जगह अलग-अलग क्लस्टर चिन्हित कर जमीन देने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि दिल्ली-नागपुर इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के अलावा वाराणसी-मुंबई इंडस्ट्रियल कॉरिडोर का प्रस्ताव दिया गया, जिसमें बताया गया कि पूर्वी मध्यप्रदेश खनिज संसाधन की दृष्टि से सम्पन्न है। एल्युमिनियम, कोयला और अन्य खनिज प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हैं। यदि पूर्वी मध्यप्रदेश को पश्चिम से जोड़ दिया जाये तो क्षेत्र में बेहतर रोड कनेक्टिविटी और मार्केट विकसित होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में निश्चित समय-सीमा में कार्य होगा। उन्होंने कदम से कदम तथा कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करने के साथ प्रधानमंत्री के सपनों को पूरा करने को कहा।

अंधेरे में भी उगाये जा सकेंगे पौधे

अब तक यह माना जाता है कि पौधों का विकास धूप के बिना संभव नहीं है। भोजन की जरूरत भी पौधे धूप की मदद से पूरा करते हैं, लेकिन हाल ही में अमेरिका में शोधकर्ताओं ने एक ऐसी विधि खोजी है, जिससे सूर्य की रोशनी के बिना पौधे का विकास मुमकिन हो सकता है। शोधकर्ताओं ने बिना धूप यानी पूरी तरह से अंधेरे में भी पौधों को उगाया है। अमेरिका के कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने बताया कि उन्होंने बिना धूप के पौधे उगाने के लिये कृत्रिम प्रकाश संश्लेषण (भोजन बनाने की प्रक्रिया) की ऐसी विधि विकसित की है, जिससे पृथ्वी पर पौधों को उगाने के नये तरीके सामने आ सकते हैं। शोधकर्ताओं का कहना है कि इस तकनीक की मदद से भविष्य में मंगल ग्रह पर भी पौधे उगाये जा सकेंगे। प्राकृतिक रूप से पौधे स्वपोषी होते हैं, यानी वह अपना भोजन बनाने के लिये कार्बन डाईऑक्साइड पानी और मिनरल इस्तेमाल करते हैं। यह प्रक्रिया प्रकाश संश्लेषण द्वारा होती है, जिसमें सूर्य की रोशनी की जरूरत पड़ती है, लेकिन कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं का कहना है कि यह प्राकृतिक प्रक्रिया प्रभावहीन है। वर्तमान में शोधकर्ता राजमा, टमाटर, तंबाकू, चावल, कॅनोला और हरी मटर जैसी फसलों के उत्पादन के तरीकों का आकलन कर रहे हैं, जिनकी खेती अंधेरे में करने पर वह एसीटेट से कार्बन का इस्तेमाल करते हैं। प्रोफेसर मार्था ओरोज्को ने कहा कि कल्पना कीजिये अंधेरे में और मंगल ग्रह पर टमाटर के पौधे उगाने वाले विशाल जहाजों के लिये यह सब कितना आसान होगा। शोध के तहत कार्बन डाइऑक्साइड, बिजली और पानी को एसीटेट में बदलने के लिये दो चरणों वाली रासायनिक प्रक्रिया का इस्तेमाल किया गया। इसमें सिरका प्रमुख कॉम्पोनेंट था। शोधकर्ताओं ने पाया कि भोजन पैदा करने वाले जीवों ने अंधेरे में एसीटेट का सेवन किया। इस केमिकल रिएक्शन को ऊर्जा देने के लिये सौर पैनलों के जरिये बिजली पैदा की गई। यह सिस्टम कुछ पौधों के विकास को और बेहतर बना सकता है। वह अपना भोजन बनाने में 18 गुना तक बेहतर हो सकते हैं।

- देवेश तिवारी
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं)

विश्व जनसंख्या दिवस 11 जुलाई

जनसंख्या नियंत्रण के लिये जरूरी है जागरूकता

संयुक्त राष्ट्र महासचिव, एंटोनियो गुटेरेस ने कुछ साल पहले विश्व जनसंख्या दिवस पर स्थाई (सस्टेनेबल) विकास के लिए वर्ष 2030 के संकल्पों की कार्यसूची में जनसंख्या से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर व्यापक चर्चा की थी। इसी चर्चा में उन्होंने वर्ष 2030 के संकल्पों की कार्यसूची में उल्लेखित एक लक्ष्य 'स्वस्थ ग्रह पर सभी के लिए बेहतर भविष्य' को विश्व के उन्नयन की रूपरेखा (ब्लूप्रिन्ट) बताया था। उन्होंने तब यह भी कहा था कि विश्व जनसंख्या दिवस पर हम जनसंख्या बढ़ोतरी से जुड़े जिन रुझानों पर गौर करते हैं, उनमें जनसंख्या वृद्धि, वृद्ध होती विश्व की आबादी, प्रवासी जनसंख्या और शहरीकरण पर प्रमुखता से चर्चा होनी चाहिए। वस्तुतः विश्व जनसंख्या दिवस पर इन्हीं जनसांख्यिकीय रुझानों पर विमर्श हमारी प्राथमिकता भी होनी चाहिए। विश्व जनसंख्या दिवस पर जनसंख्या वृद्धि के कारक और जनसंख्या के विभिन्न सकारात्मक और नकारात्मक पहलुओं पर विमर्श भी बेहद जरूरी है। विश्व की जनसंख्या लगातार बढ़ रही है, लेकिन यह वृद्धि बहुत असमान है, जो चिंता का विषय है। विश्व की सबसे बड़ी चुनौती तेजी से बढ़ती जनसंख्या और जलवायु परिवर्तन के प्रति गैर संवेदनशीलता है। इसके अलावा उन देशों को वृद्ध होते लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता पैदा करने और पर्याप्त सामाजिक संरक्षण प्रदान करने की चुनौती का भी सामना करना पड़ रहा है। कोरोना वायरस के इस संक्रमण में मुख्य रूप से पैंसठ वर्ष से अधिक आयुवर्ग के वृद्ध सर्वोच्च जोखिम में माने गये थे। ऐसे में वृद्धों की साज-सम्हाल को समुचित प्राथमिकता दिये जाने जैसे कारक पर भी विमर्श अब बेहद प्रासंगिक हो गया है।

ग्यारह जुलाई को ही क्यों मनाया जाता है विश्व जनसंख्या दिवस?

समूचे विश्व में 'विश्व जनसंख्या दिवस' 11 जुलाई को मनाया जाता है। इस तिथि को विश्व जनसंख्या दिवस मनाने की शुरुआत वर्ष 1989 में, संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम की संचालक परिषद द्वारा पारित प्रस्ताव के अनुपालन में हुई थी। दरअसल 11 जुलाई, 1987 को वैश्विक जनसंख्या का आंकड़ा पांच अरब के भी पार हो गया था, जिसे देखते हुए वैश्विक हितों को ध्यान में रखते हुए इस दिवस को मनाने का निर्णय लिया गया था। वास्तव में विश्व जनसंख्या दिवस को मनाना तभी सार्थक हो सकता है, जब हम बढ़ती जनसंख्या के प्रति जागरूक रवैया अपनाएं और इसके विभिन्न पहलुओं एवं हितों पर ध्यान देते हुए जनसंख्या विस्फोट में कमी लाने का प्रयास करें। जनसंख्या वृद्धि के विभिन्न कारणों पर विचार कर इनके लिए उपायों पर ध्यान देना भी बेहद जरूरी है। विश्व जनसंख्या दिवस पर जागरूकता फैलाने के लिए कई तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है, जिसमें सोशल मीडिया, विभिन्न समाजिक कार्यक्रमों और सभाओं का संचालन, प्रतियोगिताओं का आयोजन, रोड शो, नुक्कड़ नाटक और अन्य कई तरीके शामिल हैं। लेकिन इन सभी का उद्देश्य एक ही है, जनसंख्या वृद्धि के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालना और इसके प्रति लोगों को जागरूक करना।

महत्वपूर्ण और दिलचस्प तथ्य

- चीन और भारत दुनिया के सबसे अधिक जनसंख्या वाले देश हैं। इन दोनों देशों में पूरी दुनिया की आबादी के तीस फीसदी से भी ज्यादा लोग रहते हैं।
- आज के दौर में सबसे तेज गति से जनसंख्या वृद्धि करने वाला देश नाइजीरिया है। जनसंख्या के मामले में नाइजीरिया भले ही अभी विश्व में सातवें स्थान पर हो, लेकिन 2050 से पहले यह अमेरिका को पीछे छोड़ कर तीसरे स्थान पर पहुंच सकता है।

- वर्ष 2010 से 2015 के बीच दुनिया की 46 फीसदी आबादी 83 देशों में रह रही है, जहां प्रजनन स्तर 2.1 की सीमा से नीचे था।
- दुनियाभर में बुजुर्गों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। वर्ष 1950 में बुजुर्गों से कहीं ज्यादा संख्या में युवा थे। वर्ष 2017 में युवा कम और बुजुर्ग अधिक हैं। वर्ष 2050 तक बुजुर्गों की संख्या और भी ज्यादा हो जायेगी।

जागरूकता के लिए परिवार नियोजन का संकल्प जरूरी है

जनसंख्या वृद्धि के प्रति जागरूकता मानव समाज की नई पीढ़ियों को बेहतर जीवन देने का संदेश देती है। बच्चों को भविष्य में बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य और रहन-सहन के वातावरण जैसी आवश्यक सुविधाएं मिलती रहें इसके लिए छोटे परिवार की महती आवश्यकता निरन्तर बढ़ती जा रही है। प्राकृतिक संसाधनों का समुचित दोहन कर मानव समाज को सर्वश्रेष्ठ बनाए रखने और हर इंसान के भीतर इन्सानियत को बरकरार रखने के लिए यह बहुत जरूरी हो गया है कि 'विश्व जनसंख्या दिवस' की महत्ता को समझा जाए। इस विशेष दिन को हर साल परिवार नियोजन का संकल्प लेने के दिन के रूप में याद किया जाना जरूरी है। हर राष्ट्र में इस दिन का विशेष महत्व है, क्योंकि आज दुनिया के हर विकासशील और विकसित दोनों तरह के देश जनसंख्या विस्फोट से चिन्तित हैं। विकासशील देश अपनी आबादी और जनसंख्या के बीच तालमेल कायम करने को सचेष्ट हैं तो विकसित देश पलायन और रोज़गार की चाह में बाहर से आकर रहने वाले शरणार्थियों की वजह से परेशान हैं।

जनसंख्या वृद्धि के कारणों की व्यापक पड़ताल भी जरूरी है

जब हम जनसंख्या पर नियंत्रण की बात करते हैं तब हमारी कोशिश जनसंख्या वृद्धि के कारणों की पड़ताल की भी होनी चाहिए और इस प्रयोजन से विश्व जनसंख्या दिवस सबसे उपयुक्त अवसर होता है। इस दिन आबादी की वृद्धि के हरसम्भव कारणों की चर्चा होनी चाहिए। इन कारणों की विवेचना करें तो आज भी हमारे देश में कई ऐसे पिछड़े इलाके और गांव हैं, जहां बाल विवाह की कुरीति कभी-कभी दिखती रहती है, जिसके कारण कम उम्र से ही बच्चे पैदा होने शुरू हो जाते हैं, फलस्वरूप अधिक बच्चे पैदा होते हैं। शिक्षा का अभाव जनसंख्या वृद्धि की एक बड़ी वजह है और रूढ़िवादी सोच और पुरुष-प्रधान समाज में लड़के की चाह में लोग कई बच्चे पैदा कर लेते हैं, यह भी एक प्रमुख कारण है। आज भी कई ऐसी जगहें हैं, जहां बड़े-बुजुर्गों की ऐसी सोच होती है कि यदि उनकी पुश्तैनी धन-संपत्ति अधिक है, तो उसे आगे बढ़ाने और सम्भालने के लिए ज्यादा लड़के पैदा किए जाएं। कई मामलों में शादीशुदा जोड़ों पर बच्चे पैदा करने का दबाव तक बनाया जाता है। शिक्षित और मध्यमवर्गीय परिवार की यह सोच कि अधिक बच्चे विशेष तौर पर अधिक लड़के उनके बुढ़ापे का सहारा होते हैं यह सोच भी जनसंख्या अभिवृद्धि का एक कारण है। परिवार नियोजन के महत्व को समझाए बगैर ही युवाओं की शादी कर देना भी आबादी बढ़ने का एक मुख्य कारण है। इस तरह की बातों पर आज भी घर-परिवारों में चर्चा करना गलत समझा जाता है और युवा बच्चों को यौन सम्बन्धों और उनके परिणामों के बारे में बताए बगैर ही सीधे उनकी शादी कर दी जाती है। ऐसे में कई मामलों में लोग अज्ञानतावश ही बच्चे पैदा कर बैठते हैं। आज भी लड़कियों को गर्भ निरोधक उपाय से संबंधित जानकारी शादी के पहले नहीं दी जाती है और कई मामलों में शादी के बाद भी कैसे अनचाहे गर्भ से बचें, उन्हें इसकी जानकारी तक नहीं होती है।

काहिरा सम्मेलन के विमर्श से होगा जनसंख्या वृद्धि पर नियंत्रण

जनसांख्यिकीय रुझानों को सम्भालने के साथ-साथ हमें जनसंख्या, विकास और व्यक्तिगत कल्याण के बीच के सम्बन्धों का भी विश्लेषण करना होगा। 1994 में जनसंख्या और विकास पर काहिरा अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में विश्व नेताओं ने सबसे पहले जनसंख्या, विकास और प्रजनन अधिकारों सहित मानवाधिकारों के बीच के सम्बन्धों को रेखांकित किया था। जिसमें इस बात को भी स्वीकार किया गया कि स्त्री-पुरुष समानता न सिर्फ सही दिशा में उठाया जाने वाला कदम है, बल्कि टिकाऊ विकास और सभी के कल्याण के लिए भी सबसे भरोसेमन्द मार्ग है। काहिरा सम्मेलन जनसंख्या और विकास पर अब तक का सबसे बड़ा अंतर सरकारी सम्मेलन था, जिसमें 179 देश के राष्ट्राध्यक्षों ने भाग लिया था। इनके अलावा संयुक्त राष्ट्र की विशेष एजेंसियों और संगठनों, अंतर सरकारी संगठनों, गैर-सरकारी संगठनों और मीडिया से बड़ी संख्या में पंजीकृत प्रतिभागियों ने भाग लिया था। सम्मेलन से पहले जनसंख्या विशेषज्ञ समूहों की बैठकें बुलाई गई थीं, जिनमें जनसंख्या, पर्यावरण और विकास, जनसंख्या नीतियां और कार्यक्रम, जनसंख्या और महिलाएं, परिवार नियोजन, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, जनसंख्या वृद्धि और जनसांख्यिकीय संरचना और जनसंख्या वितरण और प्रवासन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विमर्श हुआ था।

आठ बिलियन आबादी को लेकर गढ़ी है इस वर्ष की थीम

प्रतिवर्ष विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर संयुक्त राष्ट्र उस वर्ष के परिप्रेक्ष्य में एक थीम की घोषणा करता है। वर्ष 2022 के लिए संयुक्त राष्ट्र ने थीम घोषित की है - 'आठ बिलियन की दुनिया : सभी के लिए एक लचीला भविष्य - अवसरों का दोहन और सभी के लिए अधिकार और विकल्प सुनिश्चित करना।' वर्ष 2011 में विश्व की जनसंख्या सात बिलियन तक पहुंच गई थी और इस साल यह आठ बिलियन तक पहुंच जायेगी, ऐसे में तीखी और प्रखर प्रतिक्रियाएं होंगी, यह आशंका तो थी ही और उसी के सन्दर्भ में यह थीम घोषित की गई है। संयुक्त राष्ट्र ने इस थीम की विवेचना में यह बताया है कि विश्व में स्वास्थ्य में प्रगति ने मनुष्य मात्र का जीवनकाल बढ़ाया है और मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी भी आई है ऐसे में सभी आठ बिलियन लोगों का ध्यान एक लचीले भविष्य की ओर केंद्रित करना होगा। पिछले कुछ सालों की विश्व जनसंख्या दिवस की थीम की यदि हम बात करें तो वर्ष 2021 की थीम- कोविड-19 महामारी का प्रजनन क्षमता पर प्रभाव, वर्ष 2020 में भी थीम कोरोना संक्रमण के आसपास ही थी कि कोविड-19 की रोकथाम में महिलाओं और लड़कियों के स्वास्थ और अधिकारों की सुरक्षा कैसे होती थी। इसी प्रकार वर्ष 2016 में थीम- टीनएज की लड़कियों पर ध्यान देना, वर्ष 2015 में थीम- आपातकाल में जनसंख्या की अतिसम्वेदनशील स्थिति और वर्ष 2014 में थीम-जनसंख्या से संबंधित मुद्दों में युवाओं के योगदान को देखने का समय तय की गई थी।

राजा दुबे
(लेखक, जनसम्पर्क विभाग से सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक हैं)

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग

रेसीडेंसी क्षेत्र - इंदौर

शुद्धिपत्र क्रमांक 06/10/2021, दिनांक 05.07.2022

राज्य सेवा परीक्षा 2021

01 आयोग द्वारा मध्यप्रदेश शासन के विभिन्न विभागों के प्रशासनिक पदों की पूर्ति हेतु "राज्य सेवा परीक्षा-2021" का विज्ञापन क्रमांक 10/2022, दिनांक 22.12.2021 आयोग की वेबसाइट **www.mppsc.nic.in** पर जारी किया गया है।

02 उक्त विज्ञापन में उल्लिखित निम्न पदों के रिक्ति विवरण विभाग से प्राप्त मांगपत्रानुसार निम्नानुसार संशोधित किए जाते हैं :-

स. क्र.	विभाग एवं पदनाम	कुल रिक्तियों की वर्गवार संख्या					रिक्तियों में से मध्यप्रदेश की मूल निवासी महिला अभ्यर्थियों हेतु आरक्षित पदों की संख्या					मध्यप्रदेश के मूल निवासी भूतपूर्व सैनिकों हेतु आरक्षित पद संख्या					मध्यप्रदेश के मूल निवासी दिव्यांगजन हेतु आरक्षित पदों की संख्या				कुल	वेतनमान
		UR	SC	ST	OBC	EWS	UR	SC	ST	OBC	EWS	UR	SC	ST	OBC	EWS	VH	HH	OH	MD		
द्वितीय श्रेणी राजपत्रित																						
	वाणिज्यिक कर विभाग																					
1.	जिला पंजीयक	0	0	2	0	0	0	0	1	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	2	15600-39100+5400 ग्रेड पे
तृतीय श्रेणी कार्यपालिक																						
	वाणिज्यिक कर विभाग																					
2.	उप पंजीयक	0	3	2	5	2	0	1	1	2	1	0	0	0	0	0	0	0	0	0	12	9300-34800+3600 ग्रेड पे

उक्त संशोधन के फलस्वरूप राज्य सेवा परीक्षा 2021 हेतु विज्ञापित कुल पदों की संख्या 290 हो गई है।

03 विज्ञापन की शेष शर्तें पूर्ववत रहेंगी।

जी-14171/47231/2022 **उप सचिव**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग खण्ड शहडोल
पाण्डवनगर, शहडोल (म.प्र.)

Website : www.mpphe.gov.in, Email : eephedshd@mp.nic.in
Phone No. 07652-240307, Fax No. : 07652-240307

पत्र क्रमांक 1722/व.ले.लि./का.यं./लो.स्वा.यां./2022-23 **शहडोल, दिनांक : 04.07.2022**

निविदा आमंत्रण सूचना

शहडोल जिले के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन के तहत नवीन नलजल योजनाओं के निर्माण कार्य से संबंधित कार्य की निविदा ई-टेंडरिंग पद्धति से **Website : http://mptenders.gov.in** निविदा प्रारूप एपेन्डिक्स 2.1 पर आमंत्रित की जाती है। जिसमें ऑनलाइन निविदा प्रपत्र क्रय की **अंतिम तिथि 19.07.2022** सायं 5.30 बजे तक नियत है। निविदाओं का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है :-

निविदा क्र.	ऑनलाइन निविदा क्र.	ग्राम का नाम	विकास खण्ड	अनुमानित राशि (रु. लाख में)	अमानत राशि (रुपये में)	निविदा प्रपत्र की राशि (रुपये में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा आमंत्रण संख्या
14	210600	जुगवारी, चंदनियाखुर्द, पुरनिहा, दूधी, देवरीटोला	सोहागपुर	351.19	351195/-	15000/-	09 माह	तृतीय
15	210601	छपरा टोला, मलौटी, लखनौटी, करपा, दुआरी, खरिका टोला, कुसमी, नगड़वाह	जयसिंहनगर	432.69	432688/-	15000/-	09 माह	प्रथम
16	210602	नक्टी टोला	जयसिंहनगर	28.21	50000/-	5000/-	03 माह	प्रथम
17	210603	शहडोल जिले हेतु 400/200 मि.मी. व्यास के 75 मी. गहरे 17 नग ग्रेवल पैक नलकूप खनन कार्य।	समस्त विकास खण्ड	19.24	38488/-	2000/-	01 माह	प्रथम
18	210604	शहडोल जिले हेतु 400/200 मि.मी. व्यास के 75 मी. गहरे 17 नग ग्रेवल पैक नलकूप खनन कार्य।	समस्त विकास खण्ड	19.24	38488/-	2000/-	01 माह	प्रथम
19	210605	शहडोल जिले हेतु 200 मि.मी. व्यास के 120 मी. गहरे 20 नग साधारण नलकूप खनन कार्य।	समस्त विकास खण्ड	18.33	36662/-	2000/-	01 माह	प्रथम
20	210606	शहडोल जिले हेतु 200 मि.मी. व्यास के 120 मी. गहरे 20 नग साधारण नलकूप खनन कार्य।	समस्त विकास खण्ड	18.33	36662/-	2000/-	01 माह	प्रथम
21	210607	शहडोल जिले के अंतर्गत खनित नलकूपों के जल आवक क्षमता परीक्षण का कार्य (Aove 3 to 7.5 HP)	समस्त विकास खण्ड	12.97	25942/-	2000/-	12 माह	प्रथम
22	210608	शहडोल जिले के अंतर्गत जल जीवन मिशन के तहत 227 नवीन एकल नलजल योजनाओं की डी.पी.आर. का निर्माण कार्य।	सोहागपुर गेहपारू बुढ़ार जयसिंहनगर	27.35	50000/-	2000/-	02 माह	द्वितीय

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड शहडोल (म.प्र.)

जी-14158/47225/2022

आज़ादी का अमृत महोत्सव

म.प्र. शासन द्वारा संचालित

ग्लोबल स्किल्स पार्क सिटी-कैंपस

प्रवेश प्रारंभ CLC राउंड
जुलाई 2022

एडवांस सर्टिफिकेट इन प्रिसिज़न इंजीनियरिंग
(एक वर्षीय सर्टिफिकेशन कोर्स)

ऑनलाइन पंजीकरण की प्रारंभिक तिथि 11 जुलाई 2022

संस्थान की प्रमुख विशेषताएँ
- देश का पहला अंतर्राष्ट्रीय स्तर का स्किल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट।
- अत्याधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर।
- कोर्स एवं प्रशिक्षण के लिए ITE Education Services सिंगापुर के साथ संबद्धता।
- 4 और 5 एक्सिस एडवांस्ड CNC मशीनें (DMG Mori, जर्मनी द्वारा)
- सॉफ्ट स्किल ट्रेनिंग एवं इंडस्ट्री इंटर्नशिप (OJT)
- 25 एडवांस्ड CNC मशीनें – CNC लेथ, CNC मिलिंग, CMM, EDM वायरकट मशीन।
- प्रशिक्षण के लिये एक स्टूडेंट पर एक मशीन की सुविधा।
- कैंपस प्लेसमेंट की सुनिश्चितता।

विगत 2 बैच के प्रशिक्षणार्थियों का राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 95 प्रतिशत प्लेसमेंट।

पात्रता
- आईटीआई (टर्नर/फिटर/मशीनिष्ट/मशीनिष्ट ग्राइंडर/मैकेनिक मशीन टूल मेंटेनेंस)
- डिप्लोमा या B.E./B.Tech. (मैकेनिकल/इंडस्ट्रियल/प्रोडक्शन)

CLC राउंड में प्रवेश हेतु
- सीमित रिक्त सीटों में प्रवेश के लिए आवेदक को gsp.mponline.gov.in में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य है।
- प्रवेश के लिए आवेदक को ग्लोबल स्किल्स पार्क सिटी-कैंपस, भोपाल में **11 जुलाई से 26 जुलाई के मध्य** आवश्यक दस्तावेज की मूल प्रति एवं 2 सेट फोटोकॉपी के साथ रिपोर्टिंग करनी होगी।
- सीमित रिक्त सीटें भर जाने पर प्रवेश कार्यवाही समाप्त हो जायेगी।
- **विस्तृत जानकारी के लिए विजिट करें :**
gsp.mponline.gov.in
www.globalskillspark.mp.gov.in
9893346258, 9713992665

ग्लोबल स्किल्स पार्क-सिटी कैंपस (GSP-CC), भोपाल
आई.टी.आई. कैंपस, गोविन्दपुरा, रायसेन रोड, भोपाल-462023, मध्यप्रदेश
फोन नं. : 0755-2925649 ई-मेल : admission.gsp@mp.gov.in
तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोज़गार विभाग, मध्यप्रदेश शासन

GLOBAL SKILLS PARK BHOPAL-MADHYA PRADESH
ITE Education Services

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी G-14195/R-47232/22 आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2022

G-14195/47232/2022

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(AN AGENCY OF PANCHAYAT & RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT, GOVT. OF M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryavas Bhawan, Bhopal M.P.-462 011
(GST No. 23AAATM9054A3ZX)

NOTICE INVITING TENDER No. 181/MTN/2022

No./9172/22/D-12/NIT-Maint./2022 **Bhopal, Dated : 05.07.2022**

Online Tenders for the following works are invited on the E-Procurement System portal **https://mptenders.gov.in** as detailed below.

1. Table No. 1 :- Name of Work – Repair/Maintenance of the Rural Roads For Five Years Constructed Under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna. (Post 5 Year)

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (in Rs.)
1.	Alirajpur	1	10843616.00
2.	Ashoknagar	4	35024032.00
3.	Agar Malwa	2	25049632.00
4.	Balaghat	2	17523816.00
5.	Bhind	5	48274017.00
6.	Betul	4	36711930.00
7.	Bhopal	4	38259507.00
8.	Chhatarpur	3	21853215.00
9.	Dhar	4	25344387.00
10.	Dewas	1	6936392.00
11.	Damoh	3	31534509.00
12.	Guna	3	16854165.00
13.	Gwalior	2	6495813.00
14.	Harda	2	32779645.00
15.	Jabalpur	2	29950288.00
16.	Jhabua	2	31179137.00
17.	Katni	3	36240406.00
18.	Khandwa	2	15157885.00
19.	Morena	1	1982912.00
20.	Narmadapuram	2	15528213.00
21.	Panna	1	6107243.00
22.	Raisen	3	16629821.00
23.	Rajgarh	2	9939888.80
24.	Rewa	4	36055850.00
25.	Sagar	2	18606598.00
26.	Satna	1	7603056.00
27.	Seoni	3	35145988.00
28.	Sidhi	2	19183330.00
29.	Shivpuri	2	6622019.00
30.	Sheopur	1	6445260.00
31.	Singrauli	7	58688847.00
32.	Ujjain	3	14206573.00
33.	Umaria	1	4425984.00
34.	Vidisha	5	45177973.00

2. Table No. 2 :- Name of Work – Repair/Maintenance of the Rural Roads For Five Years Constructed Under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna. (Post 10 Year)

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (in Rs.)
1.	Alirajpur	2	35863972.00
2.	Betul	4	42206845.00
3.	Burhanpur	1	9805703.00
4.	Dhar	5	48771368.00
5.	Datia	2	35244829.00
6.	Harda	3	48646431.00
7.	Jhabua	1	25355042.00
8.	Khargone	2	41418439.00
9.	Khandwa	3	36665389.00
10.	Ratlam	2	24850756.00
11.	Shajapur	1	2962330.00
12.	Sidhi	2	14998867.00
13.	Sehore	3	43447391.00
14.	Sheopur	1	14449875.00
15.	Shahdol	1	11209178.00
16.	Shivpuri	1	5398282.00
17.	Vidisha	1	9047357.00

3. Table No. 3 :- Name of Work – Repair/Maintenance of the Rural Roads for Five Years Constructed Under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna. (Post 15 Year)

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (in Rs.)
1.	Alirajpur	1	3855584.00
2.	Betul	1	6922511.00
3.	Bhind	2	45972268.00
4.	Chhindwara	2	14464624.00
5.	Dhar	3	11969520.00
6.	Harda	1	11663431.00
7.	Jhabua	1	4383246.00
8.	Katni	1	3132165.00
9.	Morena	1	11857283.00
10.	Raisen	1	7806731.00
11.	Ratlam	2	22546252.00
12.	Shajapur	1	4615690.00
13.	Sehore	1	14042183.00
14.	Shivpuri	1	9793861.00
15.	Ujjain	1	10226921.00
16.	Vidisha	2	17683031.00

1. Tender document can be purchased only online from the above website from **14.07.2022 from 17:30 hrs.**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU.

M.P. Madhyam/105373/47238/2022 **CHIEF GENERAL MANAGER (TENDER)**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खण्ड सरदारपुर, जिला धार (म.प्र.)

दूरभाष - 07296-245865, ई-मेल - eephedsardha@mp.gov.in

नि.सू.क्र. 11/2022-23 सरदारपुर, दिनांक : 06.07.2022

प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना

निम्न कार्यों हेतु ऑनलाइन निविदाएं ई-टेण्डर प्रक्रिया के अंतर्गत आमंत्रित किये जाने हेतु विभागीय इंटरनेट साइट पोर्टल **https://www.mptenders.gov.in/** जल जीवन मिशन अंतर्गत खंड सरदारपुर के अंतर्गत विभिन्न विकासखंडों की रेट्रोफिटिंग आधारित नलजल योजना की ड्राइंग डिजाईन अनुसार आर.सी.सी. उच्चस्तरीय टंकी मय सम्पवेल एवं पंपहाउस आर.सी.सी. सेनेटरी कुआं, स्टील स्ट्रक्चर पर एच.डी.पी.ई. 5 मीटर ऊंचाई टैंक सहित निर्माण एवं मुख्य पाइप लाइन, जल वितरण नलिकाएं पाइप लाइन, घरेलू नल कनेक्शन, 11 केवी इलेक्ट्रिक पावर लाइन एक्सटेंशन कनेक्शन समस्त सामग्री एवं मजदूरी सहित कार्य हेतु निर्धाग्रत प्रक्रिया संपादित की गई है :-

सिस्टम टेण्डर क्र.	कार्य का विवरण	निविदा लागत रु. लाख में	धरोहर राशि रु. में	निविदा प्रपत्र का मूल्य रु. में	ठेकेदारों की श्रेणी	कार्य पूर्ण करने की अवधि
2022_PHED_210846_1	निसरपुर	49.47	50,000/-	5000/-	म.प्र. लोक निर्माण विभाग, भोपाल में	04 माह वर्षाकाल में पूर्ण कर 90 दिनों का परीक्षण करने का कार्य।
2022_PHED_210847_1	डही	211.51	2,11,510/-	15000/-	केन्द्रीयकृत	04 माह
2022_PHED_210848_1	गंधवानी	274.46	2,74,460/-	15000/-	प्रणाली	वर्षाकाल में
2022_PHED_210849_1	मनावर	231.95	2,31,950/-	15000/-	अंतर्गत	पूर्ण कर 90
2022_PHED_210850_1	सरदारपुर	270.95	2,70,950/-	15000/-	उपयुक्त	दिनों का सफल
2022_PHED_210852_1	सरदारपुर	215.95	2,15,950/-	15000/-	श्रेणी में	परीक्षण करने
2022_PHED_210853_1	सरदारपुर	203.36	2,03,360/-	15000/-	पंजीयन	का कार्य।

ऑनलाइन निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि : **23.07.2022, 17.30 बजे**
ऑनलाइन निविदा दर डालने की अंतिम तिथि : 23.07.2022 17.30 बजे
ऑनलाइन निविदा दर खोलने की तिथि : 25.07.2022 11.00 बजे

नोट :- निविदा प्रपत्र सिर्फ उपरोक्त इंटरनेट साइट पर ऑनलाइन पर केश कार्ड, ए.टी.एम. कम डेबिट कार्ड या इंटरनेट बैंकिंग अकाउण्ट एवं आय.टी.जेड. केश कार्ड के माध्यम से क्रय किये जा सकते हैं।
विस्तृत निविदायें एवं अन्य विवरण उपरोक्त लिखित पोर्टल पर देखी जा सकती हैं।

कार्यपालन यंत्री (प्रोक्योरमेंट)

जी-14179/47230/2022 **लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खण्ड सरदारपुर, जिला-धार (म.प्र.)**

मान (मेयो) कॉलेज ऑफ नर्सिंग

सुल्तानिया रोड, स्टेट बैंक चौराहे के पास, भोपाल–462001
इन्द्र विहार कालोनी, एयरपोर्ट रोड़, भोपाल–462032
Tel. No. 9425010770, 9425605962

इंडियन नर्सिंग कांउसिल, नई दिल्ली, मध्य प्रदेश नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल, भोपाल, म.प्र. मेडिकल साइंस विश्वविद्यालय, जबलपुर एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग म.प्र. से मान्यता प्राप्त

प्रवेश सत्र 2022-23

क्र.	पाठ्यक्रम	अवधि
1.	मास्टर ऑफ नर्सिंग **(एम.एस.सी नर्सिंग)**– योग्यता बी.एस.सी. नर्सिंग	2 वर्ष
2.	पोस्ट बैसिक बी.एस.सी नर्सिंग–योग्यता जी.एन.एम.	2 वर्ष

अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछडे वर्ग के छात्रों के लिये शासन अनुसार छात्रवृत्ति की सुविधा। छात्राओं के लिए उत्तम भोजन युक्त छात्रावास की विशेष सुविधा उपलब्ध है।

संचालक

LAKECITY

R-47235/2022

मान (मेयो) कॉलेज आफ फिजियोथेरेपी

सुल्तानिया रोड, स्टेट बैंक चौराहे के पास, भोपाल–462001
इन्द्र विहार कालोनी, एयरपोर्ट रोड़, भोपाल–462032
Tel. No. 9425010770, 9425605962

म.प्र. पैरामेडिकल काउंसिल, म.प्र. मेडिकल साइंस विश्वविद्यालय, जबलपुर, एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग म.प्र. से मान्यता प्राप्त

प्रवेश सत्र 2021-22

क्र.	पाठ्यक्रम	अवधि
1.	बैचलर ऑफ फिजियोथेरेपी **(बी.पी.टी.)** 6 माह इंटर्नशिप	4½ वर्ष

योग्यता 12वीं जीव विज्ञान विषय से। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछडे वर्ग के छात्रों के लिये शासन अनुसार छात्रवृत्ति की सुविधा।

संचालक

LAKECITY

R-47234/2022

SHRI REWA GURJAR BAL NIKETAN COLLEGE, SANAWAD

(Approved by Govt. of MP and Affiliated to DAVV, Indore)
Khargone Road, Sanawad-451111, Ph. No. : 8989432589
E-mail : srg.college@gmail.com

ADVERTISEMENT FOR PRINCIPAL AND VARIOUS REGULAR FACULTY IN THE COLLEGE

(under code 28 Norms)

Subjects : Botany/Microbiology/Biotechnology/Commerce/Management/Sociology/Mathematics/Political Science/Seeds Technology/Computer/Hindi/English Literature/Chemistry/Zoology/Physics/Horticulture/Sports/Home Science

Posts : Principal/Assistant Professor/Associate Professor/Professor.

For other Course : B.Ed. 16 Posts

*Candidate who are eligible under Code-28 as per UGC Norms of University can apply within 15 days.

R-47233/2022 **PRESIDENT**

COMPUTER PROFICIENCY CERTIFICATION TEST

MADHYA PRADESH STATE ELECTRONICS DEVELOPMENT CORPORATION LIMITED

सूचना

MPSEDC/CPCT/Exam/2022/

मध्यप्रदेश राज्य सरकार निर्णय अनुसार विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग ने आदेश संख्या क्रमांक 10-1/2019/41-2 दिनांक 08.02.2021 जारी किया गया है, जिसके अनुसार, सूचना प्रौद्योगिकी के प्रचार के लिए मध्यप्रदेश एजेंसी (मैप_आईटी) का विघटन कर इसकी सभी परिसंपत्तियों और देनदारियों, परियोजनाओं, समझौतों, अनुबंधों, समझौता ज्ञापनों, जनादेशों आदि को उनकी निरंतरता और निष्पादन हेतु उन्हें मध्य प्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम (एमपीएसईडीसी) को स्थानांतरित कर दिया गया है। पूर्व में परीक्षार्थियों की सुविधा एवं मार्गदर्शन हेतु, सीपीसीटी परीक्षा प्रक्रिया के संबंध में विभिन्न मार्गदर्शन दस्तावेज तैयार कर सीपीसीटी पोर्टल पर पहले कई अवसरों पर अपलोड किए गए, जो की सीपीसीटी परीक्षा के संचालन के लिए नोडल/कार्यान्वयन एजेंसी के रूप में एमएपी_आईटी को दर्शाते हैं। इसलिए, उपरोक्त आदेश के प्रकाश में, सीपीसीटी पोर्टल पर उपलब्ध सभी दस्तावेजों में जहां कहीं भी मैप_आईटी या इसके लोगो का उल्लेख हो वहां उक्त के स्थान पर इसे एमपीएसईडीसी और इसके लोगो के रूप में सही/समझा/पढ़ा/व्याख्या किया/की जाना चाहिए। सामान्य प्रशासन विभाग (GAD) के आदेश क्रमांक सी-3-15/2014/1/3, दिनांक 17.09.2021 के अनुसार CPCT परीक्षा के स्कोरकार्ड की वैधता को सात (07) वर्ष तक बढ़ा दिया गया है। पूर्व में छात्रों की सुविधा एवं मार्गदर्शन हेतु सीपीसीटी परीक्षा प्रक्रिया के संबंध में विभिन्न मार्गदर्शन दस्तावेज तैयार कर कई अवसरों पर सीपीसीटी पोर्टल पर अपलोड किए गए हैं। चूंकि ये दस्तावेज़ उपरोक्त GAD आदेश से पहले के हैं, इसलिए वे विभिन्न उदाहरणों में स्कोर कार्ड की वैधता अवधि को 2 वर्ष के रूप में दर्शा सकते हैं। इसलिए, उपरोक्त आदेश के प्रकाश में, जहां कहीं भी सीपीसीटी पोर्टल पर उपलब्ध सभी दस्तावेजों में सात (07) वर्षों के अलावा अन्य के रूप में वैधता अवधि अगर अंकित पाई जाती है, इसे सात (07) वर्ष की वैधता के रूप में सही/समझा/पढ़ा/व्याख्या किया/की जाना चाहिए।

मुख्य महाप्रबंधक
मध्यप्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम लिमिटेड (MPSeDC)

म.प्र. माध्यम/105403/47241/2022 **स्टेट आई टी सेंटर, 47-A, अरेरा हिल्स भोपाल-462011**

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(An Agency of Panchayat & Rural Development Department, Govt. of M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryavas Bhawan, Bhopal, M.P.–462011
(GST No. 23AAATM9054A3ZX)
No./9315/22/D-12/MPRRDA/2022 Bhopal, Dated : 08.07.2022

NOTICE INVITING TENDER No. 999 (RCPLWEA-Road) (Batch-1, Year 2021-22)

Online Tenders for Construction of Rural Roads/CDs with 5 years maintenance are invited on the E-Procurement System portal **www.pmgsytenders.gov.in** as detailed below;

- **Name of work-RCPLWE (Road)–Batch-I, Year 2021-22**

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (In Rs.)
1.	Balaghat	15	1342956000.00

1. Tender document can be purchased and submitted only online from the above website from **17.07.2022 from 17:30 hrs.**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU.

M.P. Madhyam/105410/47239/2022 **CHIEF GENERAL MANAGER (TENDER)**

'मेरी सड़क' ऐप डाउनलोड कर फीडबैक देकर राष्ट्र के विकास में सहयोग दें।

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(An Agency of Panchayat & Rural Development Department, Govt. of M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryawas Bhawan, Bhopal M.P.–462 011

IFB No. - WB –35/1000

No./9318/FA/WB/CMGSY/2022 Bhopal, Dated : 08.07.2022

Online item rate bids are invited on e-procurement portal **https://www.mptenders.gov.in** for construction and up-gradation of Rural Roads of Gravel Standard Constructed under CMGSY to Black top Standards under World Bank and AIIB Financed MPRC Project P-157054, as under :

S. No.	Name of District	Number of Packages	No. of Roads	Grand Total (In Rs.)
1.	Ashoknagar	3	9	125612000.00
2	Dewas	2	5	43114000.00
3	Guna	4	12	113829000.00

1. Tender document can be purchased only online from the above website from **18.07.2022 from 17:30 hrs.**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed IFB and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU.

CHIEF GENERAL MANAGER
M.P. Madhyam/105411/47240/2022 **(TENDER)**

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(An Agency of Panchayat & Rural Development Department, Govt. of M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryawas Bhawan, Bhopal M.P.-462 011
(GST No. 23AAATM9054A3ZX)

NOTICE INVITING TENDER No. 998

Deposit Work

No./9158/22/D-12/MPRRDA/2022 Bhopal, Dated : 04.07.2022

Online Tenders for Construction of Rural Roads/CDs with 5 years maintenance are invited on the E-Procurement System portal **https://www.mptenders.gov.in** as detailed below.

- **Name of work : Deposit Work (DW)**

S. No.	Name of District	No. of Package	Total PAC (In Rs.)
1.	Khandwa	2	189080000.00

1. Tender document can be purchased and submitted only online from the above website from **05.07.2022 from 17:30 hrs.**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document for construction & maintenance of rural roads/Bridges Sept. 2017 on the above-mentioned portal and concerned PIU.

CHIEF GENERAL MANAGER
M.P. Madhyam/105372/47237/2022 **(TENDER)**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
परियोजना खण्ड कटनी

E-mail : mp.eephedkat@gmail.com, Phone No. : 07622-225752
क्रमांक 1955/का.यं./निप्रको./लो.स्वा.यां.परि.खण्ड/2022 कटनी, दिनांक : 05.07.2022

निविदा आमंत्रण सूचना
क्रमांक 09 से 12 एवं 14, 15, 16/22-23

ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल **http://www.mptender.gov.in** पर जिले के विभिन्न विकासखण्डों के ग्रामों में स्थापित हैण्ड पम्पों के संधारण, रेट्रोफिटिंग के अंतर्गत आर.सी.सी. ओवर हैड टैंक निर्माण, सी.सी. सम्पवेल निर्माण मोटर पंप स्थापना, पंप हाउस/सम्पवेल निर्माण, पाइप लाइन बिछाने का कार्य, घर-घर कनेक्शन एवं योजना का 90 दिन ट्रायलरन सफल संचालन-संधारण के कार्य एवं नवीन नलकूप खनन हेतु निम्नानुसार निविदा म.प्र. लोक निर्माण विभाग में नवीन पंजीयन प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत फर्मों से आमंत्रित है।

हैण्ड पम्प संधारण कार्य विकासखंड कटनी एवं रीठी

09/ 22-23	2022_PHED_ 210655_1	विकासखंड रीठी में स्थापित हैण्ड पम्पों के संधारण कार्य।	18.04	36080	2000	एक वर्ष
10/ 22-23	2022_PHED_ 210664_1	विकासखंड कटनी में स्थापित हैण्ड पम्पों के संधारण कार्य।	17.17	34340	2000	एक वर्ष

रेट्रोफिटिंग के कार्य

निविदा क्रमांक	सिस्टम निविदा क्र.	विकासखंड	ग्राम की संख्या	निविदा लागत लाख में	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र मूल्य	कार्य पूर्ण करने की समय अवधि
11/ 22-23	2022_PHED_ 210666_1	Bahoriband	1	240.71	240710	15000	8 माह
12/ 22-23	2022_PHED_ 210668_1	Bahoriband	1	115.83	115830	12500	8 माह

नलकूप खनन कार्य

निविदा क्रमांक	सिस्टम निविदा क्र.	कार्य का विवरण	नलकूपों की संख्या	निविदा की लागत लाख में	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र मूल्य	कार्य पूर्ण करने की समय अवधि
14/22-23 (2nd call)	2022_ PHED_ 210671_1	कटनी जिले के विभिन्न विकासखंडों में 200 मिमी व्यास के 120 मीटर गहरे साधारण नलकूप खनन कार्य।	20	19.52	39040	2000	60 दिवस
15/22-23 (2nd call)	2022_ PHED_ 210672_1	कटनी जिले के विभिन्न विकासखंडों में 200 मिमी व्यास के 120 मीटर गहरे साधारण नलकूप खनन कार्य।	20	19.52	39040	2000	60 दिवस
16/22-23 (2nd call)	2022_ PHED_ 210673_1	कटनी जिले के विभिन्न विकासखंडों में 200 मिमी व्यास के 120 मीटर गहरे साधारण नलकूप खनन कार्य।	20	19.52	39040	2000	60 दिवस

ऑनलाइन निविदा क्रय एवं बिड की तिथि - **19.07.2022 18.00 बजे**
ऑनलाइन निविदा दर खोलने की तिथि - 21.07.2022 10.00 बजे
निविदा फार्म ऊपर दर्शित वेबसाइट पर (Online System) क्रेडिट कार्ड या ऑनलाइन भुगतान कर ही क्रय किये जा सकते हैं। निविदा एवं उससे संबंधित जानकारी ऊपर दर्शाई गई वेबसाइट पर देखें।

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
जी-14165/47226/2022 **परियोजना खण्ड कटनी, फोन नं. - 07622-225752**

मुख्य सचिव की अध्यक्षता में समन्वय समिति गठित

भोपाल, राज्य शासन ने प्रदेश के 2 शहरों इंदौर एवं भोपाल में होने वाली जी-20 समूह की बैठकों के दौरान अंतर्राष्ट्रीय प्रतिभागियों के प्रवास पर उनके सत्कार, आवास, सुरक्षा व्यवस्था के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में समन्वय समिति का गठन किया है।

समन्वय समिति में अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन, गृह, प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं प्रोत्साहन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान भोपाल सदस्य होंगे। प्रमुख सचिव पर्यटन को सदस्य सचिव एवं नोडल अधिकारी बनाया गया है।

उल्लेखनीय है कि एक दिसंबर 2022 से 30 नवंबर 2023 तक की अवधि में भारत जी-20 समूह की अध्यक्षता करेगा। इस अवधि में देश के विभिन्न स्थानों पर 190 से अधिक बैठकों का आयोजन किया जाना है।

त्रि-स्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय आम निर्वाचन-2022

मध्यप्रदेश के नगरीय निकायों में पहले चरण में 61 प्रतिशत हुआ मतदान

भोपाल, नगरीय निकाय आम निर्वाचन-2022 के प्रथम चरण में 6 जुलाई को शाम 8 बजे तक प्राप्त जानकारी के अनुसार सभी 133 नगरीय निकायों में शांति पूर्ण मतदान संपन्न हुआ। कुल 61 प्रतिशत अनुमानित मतदान हुआ। इनमें 59.10 प्रतिशत महिला, 63.20 प्रतिशत पुरुष और 34.60 प्रतिशत अन्य मतदाता हैं। प्रथम चरण में 44 जिलों में 11 नगर निगम, 36 नगरपालिका परिषद और 86 नगर परिषदों में मतदान हुआ। आज हुए मतदान में सुबह 9 बजे तक 11 प्रतिशत, सुबह 11 बजे तक 26 प्रतिशत, दोपहर एक बजे तक 42 प्रतिशत, दोपहर 3 बजे तक 52 प्रतिशत और शाम 5 बजे तक 61 प्रतिशत मतदान हुआ।

अनुमानित मतदान प्रतिशत 8 बजे तक

राज्य	महिला	पुरुष	अन्य	कुल
मध्यप्रदेश	59.10%	63.20%	34.60%	61%

जिलेवार मतदान प्रतिशत

जिला	महिला	पुरुष	अन्य	कुल
श्योपुर	70.90	75.30	100	73.20
मुरैना	65.10	67	16.70	66.10
भिंड	66.40	69.50		68
ग्वालियर	73.20	76.20	50	74.80
दतिया	63.70	70.40	18.80	67.10
शिवपुरी	70.50	74.30	50	72.50
गुना	60.40	65.70	54.50	63.10
अशोक नगर	73.20	77.50	83.30	75.40
सागर	58.90	65		62
टीकमगढ़	66	73.10		69.60
छतरपुर	63	67.40	28.60	65.30
दमोह	67.80	72.30	42.90	70.10
पन्ना	71.20	75	66.70	73.10
सतना	64.20	67		65.60
रीवा	74.20	72.50		73.30
सिंगरौली	50	52.70		51.50
अनूपपुर	65.90	64.50		65.10
उमरिया	70.10	74.20	75	72.10
कटनी	63.60	64.30	100	64
जबलपुर	73.60	78.50		76.10
बालाघाट	67.40	72.50		69.90
सिवनी	62.70	67.60	66.70	65.10
नरसिंहपुर	69.20	75.40	33.30	72.30
छिंदवाड़ा	75.20	80.90		78
बैतूल	67.50	70.70	50	69.10
हरदा	71.10	76.10		73.70
नर्मदापुरम	68.20	73.90	57.10	71.10
रायसेन	69.70	76.70	57.10	73.30
विदिशा	65.40	71.40	30	68.50
भोपाल	42	45.50	23.20	43.80
सीहोर	70.30	75.10	66.70	72.80
राजगढ़	70.10	75.80	57.10	73
आगर मालवा	85.40	91.30	100	88.40
शाजापुर	73.80	78.70	60	76.30
देवास	77.50	82.60	33.30	80.10
खंडवा	52.10	58.90		55.50
बुरहानपुर	66.50	73.50	46.70	70
धार	73.20	78.10		75.70
इंदौर	74.30	77.70	100	76
उज्जैन	73.30	79.80	100	76.60
रतलाम	81	86.40	66.70	83.70
मंदसौर	65.60	69.80	28.60	67.70
नीमच	68.60	72.90	100	70.80
निवाड़ी	69.80	74.10		72

पुलिस विभाग के

उत्कृष्ट अधिकारी-कर्मचारियों को मिलेगा रुस्तमजी अवॉर्ड

भोपाल, गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा के अनुसार प्रदेश के 61 पुलिसकर्मियों को 3 श्रेणी में 'रुस्तमजी अवॉर्ड' प्रदान किया जायेगा। उन्होंने बताया कि नक्सल विरोधी अभियानों, आतंकवाद विरोधी गतिविधियों, साम्प्रदायिक तनाव और कानून-व्यवस्थाओं की गंभीर परिस्थितियों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को अवॉर्ड मिलेगा।

गृह मंत्री ने बताया कि सरकार ने उत्कृष्ट अधिकारी-कर्मचारियों को 'रुस्तमजी अवॉर्ड' पुनः प्रदान करने का निर्णय लिया है।

पुरस्कार की परम विशिष्ट श्रेणी में 5 पुरस्कार 5-5 लाख रुपये, अति विशिष्ट श्रेणी में 6 पुरस्कार 2-2 लाख रुपये, विशिष्ट श्रेणी के 50-50 हजार रुपये के 50 पुरस्कार के साथ प्रमाण-पत्र भी प्रदान किये जायेंगे।

डॉ. मिश्रा ने बताया कि रुस्तमजी अवॉर्ड पुनः प्रदान किये जाने से प्रदेश के कर्तव्यनिष्ठ पुलिसकर्मियों में नई स्फूर्ति एवं ऊर्जा का संचार होगा।

भोपाल पहुंची 44वें शतरंज ओलिंपियाड की मशाल

भोपाल, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 19 जून को रवाना की गई 44वें शतरंज ओलिंपियाड की मशाल रिले 4 जून को भोपाल पहुंची। ग्रैंड मास्टर अनुराग महामल के नेतृत्व में मशाल टी.टी. नगर स्टेडियम पहुंची, जिसका खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया ने स्वागत किया।

श्रीमती सिंधिया ने कहा कि भारत में पहली बार चेस ओलिंपियाड होने जा रहा है। तमिलनाडु के महाबलिपुरम में 28 जुलाई से 10 अगस्त तक लगभग 187 देश के 2 हजार खिलाड़ी अपने खेल का प्रदर्शन करेंगे। श्रीमती सिंधिया ने कहा कि ये देश के लिए गौरव की बात है कि शतरंज का भारत में जन्म हुआ था, वर्तमान में कई वर्षों के बाद पुनः भारत में चेस ओलिंपियाड हो रहा है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश को ये मौका मिल रहा है कि शतरंज ओलिंपियाड मशाल उज्जैन, इंदौर, भोपाल, सांची और ग्वालियर के प्रमुख स्थलों का भ्रमण कर नई दिल्ली के लिए रवाना होगी।

श्रीमती सिंधिया ने कहा कि देश में शतरंज के 74 ग्रैंड मास्टर हैं। भारत में होने वाले ओलिंपियाड से बहुत से खिलाड़ी प्रोत्साहित होंगे। उन्होंने कहा हर खेल का समय आता है, अब भारत में शतरंज का समय है।

खेल मंत्री को ग्रैंड मास्टर अनुराग महामल ने 44वें शतरंज ओलिंपियाड की मशाल सौंपी, जिसे उन्होंने आगे की यात्रा के लिए चेस एसोसिएशन एडहॉक कमेटी के अध्यक्ष श्री गुरमीत सिंह को सौंपा। श्रीमती सिंधिया ने कार्यक्रम में चेस की विधा में पारंगत हो रहे बाल खिलाड़ियों से चर्चा की और उनका उत्साहवर्धन भी किया।

प्रमुख सचिव खेल एवं युवा कल्याण श्रीमती दीप्ति गौड़ मुखर्जी, पूर्व निदेशक सीबीआई श्री ऋषि कुमार शुक्ला, संचालक खेल एवं युवा कल्याण श्री रवि कुमार गुप्ता, रीजनल डायरेक्टर साईं श्री सत्यजीत संकृत, शतरंज के इंटरनेशनल मास्टर अक्षत खंपरिया सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी तथा खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

रोग उन्मूलन के लिए टोकन-टू-टोटल के दृष्टिकोण से करें कार्य

राज्यपाल ने की सिकल सेल एनीमिया और टी.बी. रोग उपचार प्रबंधन कार्यों की समीक्षा

राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ रोग उपचार प्रबंधन कार्यों की समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुये।

भोपाल, राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ सिकल सेल एनीमिया और टी.बी. रोग उपचार प्रबंधन कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने टोकन-टू-टोटल की कार्य नीति के साथ रोग उपचार प्रबंधन करने को कहा। उन्होंने कहा रोग स्क्रीनिंग कार्य के लिए क्षेत्र चिन्हित कर सघन जांच का कार्य किया जाना चाहिए।

राज्यपाल ने कहा कि रोग स्क्रीनिंग कार्य की दिशा रोग के लक्षित समूह के निर्धारण और सघन जांच पर केंद्रित होनी चाहिए। सिकल सेल स्क्रीनिंग के लिए आंगनवाड़ी केंद्रों, प्राथमिक, माध्यमिक और हायर सेकेण्डरी स्कूलों में जांच कैम्प लगाकर चिन्हांकन किया जाए। पॉजिटिव प्रकरणों में सभी परिजन की जांच हो। यही दृष्टिकोण गर्भवती माताओं की जांच में भी रखना चाहिए। श्री पटेल ने क्षय रोग उपचार प्रबंधन में पोषण, नियमित औषधि सेवन संबंधी व्यवस्थाओं के दृष्टिगत संस्थागत उपचार व्यवस्थाओं को विस्तारित कर क्षय रोग उपचार प्रयासों संबंधी पहल करने के लिए कहा। उन्होंने आशा कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण कार्यक्रम को चरणबद्ध रूप में संचालित करने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि जनजातीय बहुल आबादी वाले विकासखण्डों में पदस्थ कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। राज्यपाल ने वैकल्पिक उपचार पद्धतियों के प्रमाणीकरण द्वारा समावेशन प्रयासों पर पहल और स्वास्थ्य विभाग के जन-जागरण प्रयासों में विश्वविद्यालयों के साथ समन्वय को मजबूत बनाने के लिए निर्देशित किया।

श्री पटेल को बताया गया कि मध्यप्रदेश, सामुदायिक सहभागिता के कार्यों में देश में दूसरे स्थान पर है। प्रमाणीकरण कार्यों में राष्ट्रीय स्तर पर खरगोन जिले को स्वर्ण और उज्जैन जिले को कांस्य पदक से सम्मानित किया गया है। आयुष्मान भारत टी.बी. अभियान में भी केंद्र सरकार द्वारा प्रथम स्थान के लिए प्रदेश को पुरस्कृत किया गया है। राज्य के सभी विकासखंड में मॉलिक्यूलर जांच की सुविधा भी उपलब्ध है। जनजातीय प्रकोष्ठ के अध्यक्ष श्री दीपक खांडेकर, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य श्री मोहम्मद सुलेमान, राज्यपाल के प्रमुख सचिव श्री डी.पी. आहूजा, स्वास्थ्य आयुक्त डॉ. सुदाम खाड़े, प्रबंध संचालक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन सुश्री प्रियंका दास, जनजातीय प्रकोष्ठ के सदस्य सचिव श्री बी.एस. जामोद, राष्ट्रीय जनजातीय स्वास्थ्य अनुसंधान संस्थान के निदेशक डॉ. अपरूप दास, जनजातीय प्रकोष्ठ के सदस्य एवं विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान के छात्र-छात्राओं को निर्वाचन प्रक्रिया की दी जानकारी

उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री प्रमोद कुमार शुक्ला उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान के विद्यार्थियों को निर्वाचन संबंधी जानकारी देते हुये।

भोपाल, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री प्रमोद कुमार शुक्ला ने बताया कि निर्वाचन सदन में उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान, भोपाल के इंटर्नशिप के लिए स्नातक अंतिम वर्ष के राजनीति विज्ञान के 14 छात्र-छात्राओं को स्वतंत्र-निष्पक्ष निर्वाचन संबंधी विस्तृत जानकारी दी गयी। सत्र का उद्घाटन मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश श्री अनुपम राजन ने किया। इस सत्र में निर्वाचन से संबंधित विषयों जैसे निर्वाचन एवं मतदान प्रक्रिया, ई.वी.एम. एवं वी.वी.पी.ए.टी. की कार्य-प्रणाली, पोस्टल बैलेट सिस्टम, इलेक्ट्रॉनिकली पोस्टल बैलेट सिस्टम (ई.टी.पी.बी.एस.). निर्वाचन व्यय निगरानी, आदर्श आचरण संहिता, पेड न्यूज, कानून-व्यवस्था, निर्वाचक नामावली, बूथ लेवल अधिकारी की व्यवस्था, वोटर हेल्पलाइन एप, मतदाता सूची में नाम जोड़ने एवं संशोधन के लिए ऑनलाइन आवेदन की व्यवस्था, नाम निर्देशन प्रक्रिया, आई.टी. एप्लीकेशन एवं स्वतंत्र, निष्पक्ष निर्वाचन के लिए किये जा रहे प्रयास संबंधी जानकारी दी गयी। 7 जुलाई से 27 जुलाई 2022 तक प्रतिभागियों को निर्वाचन संबंधी प्रशिक्षण दिया जायेगा।

यह निर्वाचन कार्यालय द्वारा संचालित इंटर्नशिप का द्वितीय प्रोग्राम है। इससे पहले भी सरोजिनी नायडू शासकीय कन्या स्नातकोत्तर (स्वशासी) महाविद्यालय, शिवाजी नगर, भोपाल के छात्र-छात्राओं को प्रोजेक्ट वर्क कराया गया था। पूर्व में भी छात्र-छात्राओं को निर्वाचन प्रक्रिया से अवगत कराया गया था।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन ने छात्रों के निर्वाचन संबंधी अनेक प्रश्नों का जवाब दिया। प्रतिभागियों ने इसे सहजता से ग्रहण किया तथा वर्तमान में चल रही कार्य-प्रणाली से अवगत हुए। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश श्री राजन ने प्रतिभागियों से सभी पात्र छात्र-छात्राओं के नाम, जो मतदाता सूची में जुड़ने से छूट गये हैं, जुड़वाने में सहयोग का आग्रह किया, जिससे कोई भी मतदाता छूट न जाये की धारणा को मूर्तरूप दिया जा सके। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा प्रत्येक कॉलेज में इलेक्ट्रोरल लिटरेसी क्लब का गठन एवं छात्र-छात्राओं के बीच से कैम्पस एम्बेसडर की व्यवस्था सुदृढ़ करने पर जोर दिया गया। छात्र-छात्राओं ने संकल्प लिया कि वह अपने महाविद्यालय के विद्यार्थियों को प्रेरित करेंगे तथा लोकतंत्र की मजबूती में सहयोग करेंगे। अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजेश कौल उपस्थित थे।

त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन के दूसरे चरण में 80 प्रतिशत हुआ मतदान

भोपाल, त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन-2022 के दूसरे चरण में सभी 106 विकासखण्डों में शांति पूर्ण मतदान संपन्न हुआ। कुल 80 प्रतिशत अनुमानित अंतिम मतदान हुआ। इनमें 80 प्रतिशत महिला, 81 प्रतिशत पुरुष और 13 प्रतिशत अन्य मतदाता हैं। सर्वाधिक मतदान 90.40 प्रतिशत जिला राजगढ़ में हुआ है। सबसे कम मतदान 66.50 प्रतिशत जिला भिंड में हुआ है।

वन विहार में मनाया गया रातापानी अभयारण्य का 47वां स्थापना दिवस

पक्षी सर्वेक्षण रिपोर्ट और विभिन्न पोस्टर का हुआ विमोचन

भोपाल, प्राकृतिक सौन्दर्य से परिपूर्ण 40 से ज्यादा बाघ और 249 प्रजाति के पक्षियों को अपने में समेटे रातापानी अभयारण्य का 47वां स्थापना दिवस वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में मनाया गया। प्रमुख सचिव वन श्री अशोक वर्णवाल ने अभयारण्य के स्थापना दिवस और यहाँ पर्यटकों को दी जा रही सुविधाओं के लिये प्रबंधन एवं संरक्षण से जुड़े अमले को बधाई दी।

उल्लेखनीय है कि रातापानी अभयारण्य की स्थापना 2 जुलाई 1956 को हुई थी। रायसेन जिले के औबेदुल्लागंज वन मण्डल में स्थित रातापानी अभयारण्य वन्य प्राणियों और पक्षियों के लिए उपयुक्त रहवास है, जो 8259 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में विस्तारित है।

प्रमुख सचिव वन श्री वर्णवाल ने रातापानी अभयारण्य की धरोहर पर केन्द्रित प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। प्रदर्शनी में भित्ती चित्र, जल-प्रपात, ऐतिहासिक महल, बावड़िया, पक्षी विविधताओं को प्रदर्शित किया गया है। उन्होंने रातापानी अभयारण्य पक्षी सर्वेक्षण रिपोर्ट, वन-विहार इंसेक्ट सर्वे रिपोर्ट, वन विहार बटर फ्लाई कंजर्वेशन रिपोर्ट और वन विहार सोशल मीडिया प्लेट फार्म पोस्टर का विमोचन किया। साथ ही वन विहार साफ्टवेयर बेस्ड ऑनलाइन टिकिटिंग अपग्रेडेशन का शुभारंभ किया।

मध्यप्रदेश स्थानीय प्राधिकरण (निर्वाचन अपराध) अधिनियम, 1964 में कार्यवाही के निर्देश

भोपाल, राज्य निर्वाचन आयोग ने सभी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने जिले के अन्तर्गत मध्यप्रदेश स्थानीय प्राधिकरण (निर्वाचन अपराध) अधिनियम, 1964 यथा संशोधित 2014 के उल्लंघन के प्रत्येक प्रकरण में अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही की जाना सुनिश्चित करें।

आयोग के सचिव श्री राकेश सिंह ने बताया कि आयोग को प्रतिबंधित 48 घण्टे की अवधि में अभ्यर्थियों के पक्ष में निर्वाचन अपील संबंधी शिकायतें प्राप्त हुई हैं।

सचिव श्री राकेश सिंह ने बताया कि आयोग ने यह निर्देश मध्यप्रदेश स्थानीय प्राधिकरण (निर्वाचन अपराध) संशोधन अधिनियम, 2014 द्वारा मध्यप्रदेश स्थानीय प्राधिकरण (निर्वाचन अपराध) अधिनियम, 1964 में संशोधन कर धारा-3 में मतदान की समाप्ति के लिये नियत किये गये समय के साथ समाप्त होने वाली 48 घण्टों की कालावधि के दौरान सार्वजनिक सभाओं आदि के प्रतिषेध के अंतर्गत दिया है। उन्होंने कहा कि अधिनियम की धारा-3(1) (ख) के अंतर्गत यह स्पष्ट प्रावधान है कि- 'मतदान की समाप्ति के लिये नियत किये गये समय के साथ समाप्त होने वाले 48 घण्टों की कालावधि के दौरान चलचित्र, इलेक्ट्रॉनिक या प्रिन्ट मीडिया या किसी अन्य साधन से जनता के समक्ष किसी निर्वाचन संबंधी बात का संप्रदर्शन नहीं करेगा।'

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

पात्रता

आवेदकों के लिए आयु सीमा
17 1/2 से 21 वर्ष तक

भर्ती

सेवा संबंधित अधिनियम के तहत उम्मीदवारों को प्रशिक्षण अवधि सहित चार साल की सेवा अवधि के लिए भर्ती किया जाएगा

भर्ती प्रक्रिया में कोई बदलाव नहीं

प्रशिक्षण

मौजूदा प्रशिक्षण केंद्रों में कठोर सैन्य प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा

सेवा

पहाड़ों से लेकर रेगिस्तान तक के विभिन्न इलाकों में, जल, थल या वायु में राष्ट्र की सेवा का अवसर

R-47228/2022

वित्तीय पैकेज

कुल वार्षिक पैकेज

प्रथम वर्ष का पैकेज - लगभग ₹4.76 लाख

चौथे वर्ष में लगभग ₹6.92 लाख तक की बढ़ोतरी

भत्ते

जोखिम और कठिनाई संबंधित एवं अन्य भत्ते, जो लागू हो

सेवा निधि

प्रत्येक अग्निवीर को अपने मासिक वेतन का 30% का योगदान देना होगा

सरकार द्वारा समान राशि का योगदान किया जाएगा

चार वर्षों के बाद लगभग ₹ 11.71 लाख की राशि मिलेगी, जो आयकर से मुक्त होगी

मृत्यु पर मुआवजा

₹48 लाख का गैर-अंशदायी जीवन बीमा कवर

सेवा के दौरान मृत्यु होने पर ₹44 लाख की अतिरिक्त अनुग्रह राशि

'सेवा निधि' घटक समेत चार साल तक के अप्रयुक्त हिस्से का भुगतान

अपंगता की स्थिति में मुआवजा

चिकित्सा अधिकारियों द्वारा निर्धारित दिव्यांगता के प्रतिशत के आधार पर मुआवजा

दिव्यांगता के लिए क्रमशः ₹44 / 25 / 15 लाख 50% / 75% / 100% की एकमुश्त अनुग्रह राशि

कार्यकाल पूरा होने पर

चार साल पूरे होने पर सभी उम्मीदवार 'सेवा निधि' के हकदार होंगे

प्राप्त कौशल का प्रमाण पत्र और उच्चतर शिक्षा के लिए क्रेडिट का प्रावधान

स्क्रीनिंग का मूल्यांकन

सेंट्रलाइज्ड पारदर्शी स्क्रीनिंग, योग्यता और सेवा के दौरान प्रदर्शन के आधार पर आंकलन

100% अग्निवीर नियमित कैडर में भर्ती के लिए अपनी स्वेच्छा से आवेदन कर सकते हैं

चयन

एक केंद्रीकृत, पारदर्शी और कठोर प्रक्रिया से चयन

नियमित कैडर में भर्ती होने पर नियमित सैनिक तौर पर निर्धारित वेतन। मौजूदा नियमों के अनुसार पेंशन

QR FOR ENROLMENT OF AGNIVEER IN ARMY

Sr. No.	Category	Age	Education
1.	Agniveer (General Duty) (All Arms)	17 ½ - 23	Class 10th/Matric pass with 45% marks in aggregate and 33% in each subject. For boards following grading system, minimum of 'D' grade (33%-40%) in individual subjects or grades with 33% in individual subjects and overall aggregate C2 grade or equivalent corresponding to 45% in aggregate. **Note :-** Candidates with valid Light Motor Vehicle (LMV) Driving License will be given preference for Driver requirements.
2.	Agniveer (Tech All Arms)	17 ½ - 23	10+2/Intermediate Exam Pass in Science with Physics, Chemistry, Maths and English with min 50% marks in aggregate and 40% in each subject. OR 10+2/Intermediate exam pass in Science, with Physics, Chemistry, Maths & English from any recognized State Edn Bd or Central Edn Bd to incl NIOS and ITI course of min one year in required field with NSQF level 4 or above.
3.	Agniveer Clerk/Store Keeper Technical (All Arms)	17 ½ - 23	10+2/Intermediate Exam Pass in any stream (Arts, Commerce and Science) with 60% marks in aggregate and minimum 50% in each subject. Securing 50% in **English and Maths/Accts/Book Keeping in Cl XII is mandatory.**
4.	Agniveer Tradesmen 10th pass (All Arms)	17 ½ - 23	(a) Class 10th simple pass. (b) No stipulation in aggregate percentage but should have scored min 33% in each subject.
5.	Agniveer Tradesmen 8th pass (Syce, Housekeeper & Messkeeper (All Arms)	17 ½ - 23	(a) Class 8th simple pass (b) No stipulation in aggregate percentage but should have scored min 33% in each subject.

R-47227/2022

श्री राहुल नार्वेकर

देश के सबसे युवा स्पीकर

पहली बार विधायक बने श्री राहुल नार्वेकर को महाराष्ट्र

विधानसभा का अध्यक्ष चुना गया है। इस महत्वपूर्ण संवैधानिक पद को संभालने वाले वह देश के सबसे कम उम्र के व्यक्ति हैं। गौरतलब है कि विधानसभा अध्यक्ष पद के लिए हुए मतदान में श्री नार्वेकर को कुल 164 वोट मिले हैं।

सिनी शेट्टी

फेमिना मिस इंडिया 2022 बनीं

कर्नाटक की रहने वाली सिनी शेट्टी फेमिना मिस इंडिया

2022 चुनी गई हैं। वह अब 71वें मिस वर्ल्ड पेजेंट में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। शेट्टी को फेमिना मिस इंडिया वर्ल्ड का ताज मिस इंडिया 2020, मनासा वाराणसी द्वारा पहनाया गया। फेमिना मिस इंडिया 2022 की फर्स्ट रनर-अप राजस्थान की रुबल शेखावत, जबकि सेकंड रनर-अप उत्तर प्रदेश की रहने वाली शिनाता चौहान हैं।

तनुजा नेसारी

यूके की संसद द्वारा आयुर्वेद रत्न पुरस्कार से सम्मानित

अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (AIIA) की निदेशक

तनुजा नेसारी को यूके की संसद द्वारा आयुर्वेद रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यूके के भारतीय पारंपरिक विज्ञान पर सर्वदलीय संसदीय समूह ने भारत और विदेशों में आयुर्वेद के विकास को बढ़ावा देने में उनके योगदान को मान्यता देते हुए यह पुरस्कार प्रदान किया। यूनाइटेड किंगडम और विदेशों में आयुर्वेद, योग, ज्योतिष, वास्तु, यूनानी के ज्ञान का प्रसार करने के उद्देश्य से 2014 में भारतीय पारंपरिक विज्ञान पर सर्वदलीय संसदीय समूह का गठन किया गया था।

रवि शास्त्री

फैनकोड के ब्रांड एंबेसडर नियुक्त

भारतीय टीम के पूर्व कोच और क्रिकेटर रवि शास्त्री को

फैनकोड (FanCode) ने अपना ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है। फैनकोड एक लाइव कंटेंट, स्पोर्ट्स स्टैटिस्टिक्स और ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस है। फैनकोड भारत के वेस्टइंडीज दौरे और ECB के द हंड्रेड के विशेष अधिकारों के साथ कुछ क्रिकेट मैचों की मेजबानी करेगा और शास्त्री इन खेलों के लिए आगामी अभियानों का नेतृत्व करके फैनकोड को प्रमोट करेंगे।

HCL टेक्नोलॉजीज को

माइक्रोसॉफ्ट पार्टनर ऑफ द ईयर अवॉर्ड मिला

एचसीएल टेक्नोलॉजीज को माइक्रोसॉफ्ट पार्टनर ऑफ

द ईयर अवार्ड्स 2022 में माइक्रोसॉफ्ट टेक्नोलॉजी पर आधारित ग्राहक समाधानों के नवाचार और कार्यान्वयन के लिए मान्यता दी गई। एचसीएल टेक ने हेल्थकेयर एंड लाइफ साइंसेज (वैश्विक विजेता) के लिए माइक्रोसॉफ्ट पार्टनर ऑफ द ईयर अवॉर्ड और 2022 यूके माइक्रोसॉफ्ट पार्टनर ऑफ द ईयर अवॉर्ड जीता। HCL को इंटरनेट ऑफ थिंग्स (डोमेन फाइनलिस्ट) के लिए 2022 के माइक्रोसॉफ्ट पार्टनर ऑफ द ईयर अवार्ड में फाइनलिस्ट भी नामित किया गया था।

तेलंगाना में

देश की सबसे बड़ी तैरती सौर ऊर्जा परियोजना काम पूरा हुआ

एनटीपीसी ने देश की सबसे बड़ी तैरती सौर ऊर्जा

परियोजना का काम पूरा कर लिया। तेलंगाना के रामागुंडम की इस परियोजना से 100 मेगावॉट बिजली मिलेगी। इसके शुरू होने से दक्षिण भारत में तैरती सौर क्षमता का वाणिज्यिक उत्पादन बढ़कर 217 मेगावॉट हो गया है। इससे पहले एनटीपीसी ने केरल के कायमकुलम में 92 मेगावॉट और आंध्र प्रदेश के सिम्हाद्री में 25 मेगावॉट की तैरती सौर ऊर्जा परियोजना से विद्युत उत्पादन शुरू किया था।

टी. राजा कुमार

फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स के अध्यक्ष नियुक्त

सिंगापुर के टी. राजा कुमार को मनी लॉन्ड्रिंग रोधी

निगरानी संस्था फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (FATF) का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। कुमार ने मार्कस प्लीयर का स्थान लिया है। टी राजा कुमार को दो वर्षों के लिए FATF का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। राजा कुमार ने सिंगापुर के राष्ट्रीय विश्वविद्यालय से एलएलबी (ऑनर्स) और कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय से दर्शनशास्त्र (अपराध और कानून) में मास्टर डिग्री प्राप्त की है।

अशोक सूता

CII गुणवत्ता रत्न पुरस्कार 2021 के लिए चुने गए

हैप्पीस्ट माइंड्स टेक्नोलॉजीज के संस्थापक और



कार्यकारी अध्यक्ष अशोक सूता को CII गुणवत्ता रत्न पुरस्कार 2021 के लिए चुना गया है। वर्ष 2019 में शुरू किए गए वार्षिक CII गुणवत्ता रत्न पुरस्कार को गुणवत्ता अभियान में उत्कृष्ट नेतृत्व, योगदान और विशिष्ट सेवा के लिए प्रदान किया जाता है। सीआईआई पुरस्कार समिति ने सर्वसम्मति से श्री सूता को उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए वर्ष 2021 का पुरस्कार देने की घोषणा की।

संदीप कुमार गुप्ता

बन सकते हैं गेल इंडिया के नए चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक

इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (IOC) में वित्त निदेशक

संदीप कुमार गुप्ता गेल (इंडिया) लिमिटेड के प्रमुख बन सकते हैं। सार्वजनिक उपक्रम चयन बोर्ड ने 10 उम्मीदवारों के इंटरव्यू के बाद गेल के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक पद के लिए 56 वर्षीय गुप्ता का चयन किया है। गुप्ता, मनोज जैन का स्थान लेंगे, जो 31 अगस्त को सेवानिवृत्त होने जा रहे हैं। यदि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति संदीप गुप्ता की नियुक्ति को मंजूरी देती है, तो गुप्ता का कार्यकाल फरवरी 2026 तक होगा।

श्री नितिन गुप्ता

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड के चेयरमैन नियुक्त

भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) के अधिकारी नितिन गुप्ता को केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) का नया चेयरमैन नियुक्त किया गया है। वह आयकर संवर्ग के 1986 बैच के आईआरएस अधिकारी हैं। नितिन गुप्ता अभी बोर्ड में सदस्य (जांच) के रूप में कार्यरत थे।

बता दें, जेवी महापात्रा के 30 अप्रैल को सेवानिवृत्त होने के बाद से इस पद का अतिरिक्त कार्यभार बोर्ड की सदस्य संगीता सिंह संभाल रही थीं। गुप्ता इससे पहले भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) और कर विभाग के विभिन्न अन्य क्षेत्रीय संरचनाओं में काम कर चुके हैं।

ओडिशा सरकार

राष्ट्रीय एमएसएमई पुरस्कार में प्रथम पुरस्कार जीता

ओडिशा के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई)



विभाग ने राष्ट्रीय एमएसएमई पुरस्कार 2022 में प्रथम पुरस्कार हासिल किया है। ओडिशा के एमएसएमई विभाग को एमएसएमई के विकास के लिए विभिन्न विकासात्मक पहलों के आधार पर 'एमएसएमई क्षेत्र के प्रचार और विकास में उत्कृष्ट योगदान के लिए राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को राष्ट्रीय एमएसएमई पुरस्कार 2022' श्रेणी में प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

मुकेश अंबानी

रिलायंस जियो के डायरेक्टर पद से दिया इस्तीफा

मुकेश अंबानी ने रिलायंस जियो के डायरेक्टर पद से



इस्तीफा दे दिया है। उनके बड़े बेटे आकाश अंबानी को कंपनी के बोर्ड का चेयरमैन बनाया गया है। मार्केट रेगुलेटरी सेबी को दी गई जानकारी में कंपनी ने बताया कि रिलायंस जियो के बोर्ड ने आकाश अंबानी को बोर्ड का चेयरमैन नियुक्त करने की मंजूरी दे दी है। आकाश अंबानी पहले कंपनी में नॉन-एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर रह चुके हैं।

सीबीएसई ने

विद्यार्थियों की सुविधा के लिए लॉन्च किया परीक्षा संगम पोर्टल

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने विद्यार्थियों

की सुविधा के लिए परीक्षा संगम पोर्टल लॉन्च किया है। परीक्षा संगम स्कूल क्षेत्रीय कार्यालयों और सीबीएसई मुख्यालय की ओर ले ली जाने वाली विभिन्न परीक्षा संबंधी प्रक्रियाओं को एक ही जगह पर उपलब्ध कराएगा। यहां विद्यार्थी के रजिस्ट्रेशन से लेकर बोर्ड के परीक्षा परिणाम घोषित होने तक की पूरी जानकारी रहेगी।

नाटो देशों ने

स्वीडन और फिनलैंड के लिए परिग्रहण प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर किए

नाटो के 30 सहयोगियों ने स्वीडन और फिनलैंड के

लिए परिग्रहण प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर किए। इसके बाद दोनों देशों का सदस्यता संबंधी अनुरोध विधायी मंजूरी के लिए गठबंधन की राजधानियों को भेजा गया। इस पर नाटो के महासचिव जेंस स्टोल्टेनबर्ग ने कहा यह फिनलैंड, स्वीडन और नाटो के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। हालांकि, इसके बावजूद भी तुर्की, स्वीडन और फिनलैंड को नाटो में शामिल किए जाने के लेकर अभी भी समस्याएं पैदा कर सकता है।

मैरीना वियाज़ोवस्का

फिल्ड्स मेडल से सम्मानित होंगी

यूक्रेन की गणितज्ञ मैरीना वियाज़ोवस्का को प्रतिष्ठित फिल्ड्स मेडल से सम्मानित करने की घोषणा की गई। उनके साथ तीन और लोगों को भी यह सम्मान दिया जाएगा। जिसमें जिनेवा विश्वविद्यालय के फ्रांसीसी गणितज्ञ ह्यूगो डुमिनिल-कोपिन, प्रिंसटन के कोरियाई-अमेरिकी गणितज्ञ जून हुह और ऑक्सफोर्ड

विश्वविद्यालय के ब्रिटिश गणितज्ञ जेम्स मेनार्ड शामिल हैं। लुसाने स्थित स्विस फेडरल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में कार्यरत वियाज़ोवस्का ने एक समान गोलों को अष्ट आयामी ढांचे में बहुत ही सघन अवस्था में रखने की दिशा में कार्य किया है। फिल्ड्स मेडल को गणित का नोबेल पुरस्कार माना जाता है। प्रत्येक चार साल पर 40 साल से कम उम्र के गणितज्ञों को यह पुरस्कार मिलता है।

मिशेल पूनावाला

शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित

मिशेल पूनावाला को कला के क्षेत्र में उनके

योगदान के लिए यूनाइटेड किंगडम में एनआरआई वर्ल्ड समिट 2022 में शिरोमणि पुरस्कार मिला है। पूनावाला के अलावा, श्री साधु भ्रामविहारी, भगवान रामी रेंजर, रीता हिंदुजा छाबड़िया को भी शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। शिरोमणि पुरस्कार 1977 में स्थापित किया गया था। इससे पहले मदर टेरेसा, चीफ मार्शल मानेकशॉ, राज कपूर, सुनील गावस्कर, सचिन तेंदुलकर, कपिल देव, विश्वनाथन आनंद, दलाई लामा, जया बच्चन, आशा भोंसले आदि को इससे सम्मानित किया जा चुका है।

येर लैपिड

इजराइल के नए प्रधानमंत्री बने

इजराइल के 14वें प्रधानमंत्री के रूप में येर लैपिड को



चुना गया है। उनका कार्यकाल मात्र 5 महीने का ही होगा। उन्हें 1 नवंबर को होने वाले चुनाव तक के लिए कार्यवाहक प्रधानमंत्री के रूप में चुना गया है। इजराइल में पिछले 3 साल में 5वीं बार प्रधानमंत्री का चुनाव होगा। प्रधानमंत्री बनने के बाद लैपिड ने कहा कि इजराइल को हम यहूदी, मजबूत और लोकतांत्रिक राज्य बनाने का प्रयास करेंगे। इजराइल के नए प्रधानमंत्री बनने के बाद येर लैपिड को भारतीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट कर बधाई दी।

स्मृति शेष

मशहूर रंगमंच निर्देशक पीटर ब्रुक नहीं रहे

ब्रिटेन के मशहूर रंगमंच निर्देशक पीटर ब्रुक का 97 वर्ष



की आयु में निधन हो गया। वह संस्कृत के महाकाव्य महाभारत को रंगमंच पर पेश करने के लिए प्रसिद्ध थे। 1925 में लंदन में जन्मे ब्रूक रॉयल शेक्सपियर कंपनी में एक युवा निर्देशक के रूप में एक ऐसे समय में आए थे, जब 20वीं शताब्दी के थिएटर के यूरोपीय नवप्रवर्तकों का काम ग्रेट ब्रिटेन में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने लगा था।

सेल और मारुति सुजुकी के पूर्व अध्यक्ष वी. कृष्णमूर्ति का निधन

इस्पात के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम सेल और मारुति



सुजुकी के पूर्व अध्यक्ष वी. कृष्णमूर्ति का चेन्नई में निधन हो गया। वह 97 वर्ष के थे। वी. कृष्णमूर्ति 1985 से 1990 तक सेल के अध्यक्ष रहे थे। वह भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल), मारुति उद्योग और गेल के भी अध्यक्ष रहे। डॉ. वी. कृष्णमूर्ति ने भारत सरकार के उद्योग सचिव, योजना आयोग के सदस्य और कई अन्य प्रधानमंत्री समितियों के सदस्य के रूप में कार्य किया। उनकी सेवाओं के लिए उन्हें पद्म श्री, पद्म भूषण और पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

प्लास्टिक कचरे को कम करने की दिशा में बड़ा कदम

भारत में सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध

भारत इस साल आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है, हमारी आजादी की लड़ाई के महानायक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी भी स्वच्छता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते थे। गांधीजी की इसी प्राथमिकता को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 'स्वच्छ भारत मिशन' के माध्यम से एक जन आंदोलन के रूप में आगे बढ़ाया है। इसी कड़ी में केंद्र सरकार ने एक कानून लागू किया है, जिसके अनुसार एक जुलाई, 2022 से देशभर में सिंगल यूज प्लास्टिक वस्तुओं के उत्पादन, बिक्री और उपयोग पर प्रतिबंध प्रभावी हो गया है। अब प्लास्टिक कचरा प्रबंधन नियम के अंतर्गत सिंगल यूज प्लास्टिक की कुल 19 वस्तुओं पर यह प्रतिबंध प्रभावी होगा। अगस्त 2021 में अधिसूचित नियम और 2022 में सिंगल यूज प्लास्टिक को चरणबद्ध रूप से समाप्त करने के प्रयासों के तहत 31 दिसंबर, 2022 तक प्लास्टिक कैरी बैग की न्यूनतम मोटाई को मौजूदा 75 माइक्रोन से 120 माइक्रोन में बदल दिया जाएगा।

कई साल से परेशानी का सबब बनी प्लास्टिक का समाधान तलाशने की दिशा में केंद्र सरकार पहले से काम कर रही है। इस समस्या को लेकर केंद्र सरकार बेहद गंभीर है। इसलिए सरकार ने इस दिशा में अपने कार्यों की गति को और बढ़ा दिया है। यदि आंकड़ों पर गौर फरमाएं तो 2014 में 'स्वच्छता अभियान' की शुरुआत से पहले केवल 18 प्रतिशत ठोस कचरे का निस्तारण वैज्ञानिक रूप से किया जाता था जो सरकार के प्रयासों के बाद अब लगभग 4 गुना बढ़ कर 70 प्रतिशत के करीब हो गया है।

सिंगल यूज प्लास्टिक की कौन-सी चीजें होंगी प्रतिबंधित?

प्रतिबंधित प्लास्टिक में थर्माकोल से बनी प्लेट, कप, गिलास, कटलरी जैसे कांटे, चम्मच, चाकू, ट्रे, मिठाई के बक्सों पर लपेटी जाने वाली फिल्म, निमंत्रण कार्ड, सिगरेट पैकेट की फिल्म, प्लास्टिक के झंडे, गुब्बारे की स्टिक और आइसक्रीम पर लगने वाली स्टिक, क्रीम, कैंडी स्टिक और 100 माइक्रोन से कम के बैनर शामिल हैं। प्रतिबंध को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित किए जाएंगे। अधिकारी इस पर निगरानी रखेंगे।

देश में हर साल पैदा होता है 9 हजार 200 मीट्रिक टन प्लास्टिक कचरा

प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करना एक वैश्विक पर्यावरण चुनौती के रूप में पहचाना जाता है। पर्यावरण और पारिस्थितिकी विकास सोसाइटी ने दिल्ली में प्लास्टिक प्रदूषण को कम करने के लिए इस अभियान को बीट प्लास्टिक प्रदूषण नाम दिया है। केंद्रीय और राज्य प्रदूषण नियंत्रण प्राधिकरण और केंद्रीय लघु, सूक्ष्म और मध्यम उद्यम मंत्रालय छोटी औद्योगिक इकाइयों को प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक वस्तुओं के विकल्प के उत्पादन के लिए तकनीकी सहायता देंगे। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने लगभग चार साल पहले अनुमान लगाया था कि भारत प्रतिदिन लगभग 9,200 मीट्रिक टन प्लास्टिक कचरा उत्पन्न करता है, या एक वर्ष में 3.3 मिलियन मीट्रिक टन से अधिक।

देश में लगभग 70 प्रतिशत प्लास्टिक कचरा होता है रिसाइकिल

एक रिपोर्ट के मुताबिक यह जानकारी दी गई है कि देश में लगभग 70 प्रतिशत प्लास्टिक कचरे को रिसाइकिल किया जाता है। देश में सालाना 2.4 लाख टन प्लास्टिक का उत्पादन होता है। 18 ग्राम प्रति व्यक्ति खपत है। 60 हजार करोड़ रुपए का है

यह उद्योग। इसके निर्माण में 88 हजार इकाइयां लगी हैं। इस उद्योग से 10 लाख लोग जुड़े हैं। सालाना एक्सपोर्ट 25 हजार करोड़ रुपये का है।

सिक्किम पहला राज्य जहां प्रतिबंधित हुआ था प्लास्टिक

सिक्किम पहला राज्य है, जिसने 1998 में सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया था। सरकार ने प्लास्टिक बैग की मोटाई के लिए एक मानक तय किया है और खुदरा विक्रेताओं द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाले बैग के लिए शुल्क अनिवार्य कर दिया है। प्लास्टिक प्रदूषण रोकने के लिए सार्वजनिक स्थलों, राष्ट्रीय संपदाओं, जंगलों और समुद्री तटों पर सफाई अभियान शुरू किए गए हैं। पूरे देश में करीब 100 स्मारकों को शामिल किया गया है।

एप के जरिए कर सकते हैं शिकायत

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) ने सिंगल यूज प्लास्टिक पर लगे प्रतिबंध को असरदार बनाने के लिए एप बनाया है। सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रतिबंध के बावजूद भी अगर कोई इसका पालन नहीं करता है, तो कोई भी व्यक्ति उसकी फोटो खींचकर एप पर अपलोड कर सकेगा। फोटो के आधार पर संबंधित विभाग कार्रवाई करेगा। एसयूपी-सीपीसीबी के नाम से यह एप प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकेगा। अगर कहीं पर भी सिंगल यूज प्लास्टिक का स्टॉक या बेचते देखते हैं, तो फोटो खींचकर इस एप पर डाल सकते हैं। एप पर फोटो और शिकायत डालते ही स्थानीय स्वायत्त शासन निकाय सक्रिय हो जाएगा और संबंधित स्थान पर कार्रवाई करेगा। अगर निकाय कार्रवाई नहीं करता है, तो यह शिकायत अपने आप राज्य प्रदूषण नियंत्रण विभाग के पास पहुंच जाएगी। अगर राज्य प्रदूषण नियंत्रण विभाग भी कार्रवाई करवाने में नाकाम रहता है, तो यह शिकायत केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण मंडल के पास पहुंच जाएगी। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण मंडल संबंधित संस्था, फर्म, फैक्ट्री और दुकान फर्म के खिलाफ कार्रवाई करवाएगा।

कैसे काम करेगा एप?

सिंगल यूज प्लास्टिक पर रोक लगाने के लिए टास्क फोर्स का गठन किया गया है। यह जिला और राज्य स्तर पर काम करेंगी। इसमें अलग-अलग विभागों के अधिकारी शामिल हैं, जो सिंगल यूज प्लास्टिक की रोकथाम को लेकर कार्रवाई के साथ समझाइश सहित अन्य कार्यक्रम चलाएंगे। सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने के लिए आमजन को भी जागरूक किया जाएगा। होटल, रेस्टोरेंट, हॉस्पिटल, ट्रेडर्स एसोसिएशन को सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध का पालन करने के लिए सूचित किया गया है।

गौरतलब है कि सीपीसीबी का एक एप आमजन के उपयोग के लिए है तो वहीं एक और एप है जो कि मंडल अधिकारियों की कार्रवाई पर निगरानी रखने के लिए बनाया है। आमजन प्ले स्टोर से एप डाउनलोड कर सिंगल यूज प्लास्टिक बेचने, उपयोग करने वालों और स्टॉक रखने वालों की सूचना फोटो और सूचना डालकर विभाग को दे सकेंगे। फोटो मिलते ही स्थानीय स्वायत्त संस्थाएं और अन्य संबंधित दूसरे विभाग अपनी-अपनी भूमिका के लिए सक्रिय होकर पर्यावरण को बचाएंगे।

अन्य महत्वपूर्ण जानकारी

- 2021 में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 'स्वच्छ भारत मिशन-अर्बन 2.0' का शुभारंभ किया गया, जिसका लक्ष्य सभी शहरों को साल 2026 तक कचरा-मुक्त बनाना है।
- भारत ने 2019 में आयोजित चौथी संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण सभा (यूएनईए) में एकल उपयोग प्लास्टिक उत्पाद प्रदूषण से निपटने के लिए एक प्रस्ताव पेश किया था, जिससे इस मुद्दे पर वैश्विक ध्यान आकर्षित हुआ।
- मार्च 2022 में संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण सभा (यूएनईए) के संपन्न पांचवें सत्र में भारत प्लास्टिक प्रदूषण के खिलाफ वैश्विक स्तर पर कार्रवाई शुरू करने के संकल्प पर आम सहमति विकसित करने के लिए सभी सदस्य देशों के साथ रचनात्मक रूप से जुड़ा।
- केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) द्वारा जनता तक व्यापक पहुंच बनाने के लिए प्रकृति नाम के शुभंकर की 5 अप्रैल को शुरुआत की गई।
- हल्के वजन वाले प्लास्टिक कैरी बैग की वजह से फैलने वाले कचरे को रोकने के लिए 30 सितंबर, 2021 से प्लास्टिक कैरी बैग की मोटाई 50 माइक्रोन से बढ़ाकर 75 माइक्रोन और 31 दिसंबर, 2022 से 120 माइक्रोन कर दी गई है। मोटाई में इस वृद्धि के कारण प्लास्टिक कैरी का दोबारा उपयोग भी संभव होगा।

- रश्मि रंजन
(लेखिका, समसामयिक मुद्दों पर लेखन करती हैं।)

मध्यप्रदेश के जिलों को जानिए

खूबसूरत घाटों और पहाड़ों के लिए प्रसिद्ध है नर्मदापुरम्

नर्मदापुरम् मध्यप्रदेश के नर्मदापुरम् संभाग का एक जिला है। पहले इसका नाम मालवा के पहले शासक होशंगशाह के नाम पर होशंगाबाद था। 2022 में इसका नाम बदलकर नर्मदापुरम् कर दिया गया है।

नर्मदा नदी घाटी में स्थित यह जिला उत्तर में रायसेन, पूर्व में नरसिंहपुर, दक्षिण-पूर्व में छिंदवाड़ा, दक्षिण में बैतूल, पश्चिम में हरदा और उत्तर-पश्चिम में सीहोर जिले से घिरा है। 1998 में जिले के पश्चिमी भाग को हरदा जिला बनाने के लिए विभाजित किया गया था।

पहले यह जिला मध्य प्रांत और बरार के नेरबुड्डा (नर्मदा) प्रभाग का हिस्सा था, जो 1947 में भारत की स्वतंत्रता के बाद मध्य भारत (बाद में मध्यप्रदेश) का राज्य बन गया। यह शहर नर्मदा नदी के किनारे बने अपने खूबसूरत घाटों के लिए प्रसिद्ध है, सेठानी घाट एक प्रमुख आकर्षण है।

इतिहास

प्राचीन अभिलेखों के अनुसार 15वीं शताब्दी में मुगल शासक होशंगशाह गौरी, मांडू होता हुआ यहां आया और उसके राज के दौरान इस शहर का नाम होशंगाबाद पड़ा। इसके पहले इसका नाम नर्मदापुर था। 1405 ई. में सुल्तान होशंगशाह के शासनकाल के दौरान ऐतिहासिक अभिलेखों में इसका नाम पहली बार सामने आया था, जिन्होंने होशंगाबाद में हंडिया और जोगा में एक छोटा किला बनाया था।

18वीं शताब्दी की शुरुआत में जिले को सात राजनीतिक प्रभागों में विभाजित किया गया था। सिवनी और हरदा तहसील के उत्तरी हिस्से मोहम्मद फौजदार की राजधानी हंडिया के अधीन थे, जबकि पूर्वी हिस्से में रजवाड़ा गढ़ा-मंडला के गोंड साम्राज्य के पास था। यहाँ तक कि होशंगाबाद उस समय के गिन्नौर शासक के नियंत्रण में था।

1817 के अंतिम एंग्लो-मराठा युद्ध में, इस क्षेत्र पर अंग्रेजों का कब्जा था।

1835 से 1842 तक होशंगाबाद, बैतूल और नरसिंहपुर जिलों को होशंगाबाद में मुख्यालय के साथ एक में रखा गया था। मकरानी राज्य को 1948 में हरसूद तहसील के एक हिस्से के रूप में होशंगाबाद में मिला दिया गया।

1 नवंबर, 1956 को भाषा के आधार पर राज्यों के पुनर्गठन के बाद, इसे भोपाल डिविजन में शामिल किया गया। 1972 में तवा नदी परियोजना को तेज करने के लिए इसे भोपाल में मुख्यालय के साथ एक एकल जिला आयुक्त के रूप में घोषित किया गया था।

7 फरवरी, 2022 से होशंगाबाद का नाम बदलकर 'नर्मदापुरम्' कर दिया गया है।

अर्थव्यवस्था

जिले की अर्थव्यवस्था कृषि पर ही आधारित है। इस क्षेत्र में कृषि भूमि काफी उपजाऊ है और किसानों को साल भर तवा बांध से सिंचाई की सुविधा मिलती है। जिले में प्रमुख रूप से गेहूं, सोयाबीन, मूंग, गन्ना, चना और धान की खेती की जाती है। नर्मदापुरम् देश में सबसे बड़े गेहूं और सोयाबीन उत्पादक जिलों में से एक है। जिले में उत्पादित बासमती एवं सुगंधा धान देशभर में अपनी खुशबू बिखेर रही है।

नर्मदापुरम् के मालाखेड़ी स्थित रेशम केंद्र में तैयार धागे से साड़ियां, सलवार सूट और कुर्ते तैयार किए जाते हैं। रेशम पालन और वस्त्र निर्माण कार्य से कई लोगों को रोज़गार मिल रहा है।

जिले में कृषि के बाद दूसरा सबसे बड़ा राजस्व रेत खनिज से मिलता है। पशुपालन और दुग्ध उत्पादन भी अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

जिले में कई छोटे-बड़े उद्योग हैं, जिनमें तेल मिल, चीनी मिल, लकड़ी से सामान बनाने आदि के कारखाने शामिल हैं। इटारसी जिले का सबसे बड़ा आर्थिक केंद्र और लॉजिस्टिक हब है। सिक्योरिटी पेपर मिल होशंगाबाद और आयुध निर्माणी इटारसी भारत सरकार की मूल्यवान औद्योगिक इकाइयों में से एक है।

नर्मदापुरम् जिला प्रमुख तथ्य

1. जिले का गठन- 1 नवंबर, 1956
2. संभाग- नर्मदापुरम्
3. जिला मुख्यालय- नर्मदापुरम्
4. क्षेत्रफल- 5408.23 वर्ग किलोमीटर
5. जनसंख्या- 12,40,975 (पुरुष-6,48,970, महिलाएं-5,92,005)
6. लिंग अनुपात- 914
7. जनघनत्व- 185 प्रति वर्ग किलोमीटर
8. साक्षरता- 75.29 प्रतिशत
9. तहसीलें- 9 (नर्मदापुरम् ग्रामीण, इटारसी, डोलरिया, सिवनी मालवा, बावई, सोहागपुर, पिपरिया, बनखेड़ी, नर्मदापुरम् शहरी)
10. विकासखंड- 7 (नर्मदापुरम्, केसला, सिवनी मालवा, बावई, सोहागपुर, पिपरिया, बनखेड़ी)
11. ग्राम पंचायत- 421
12. ग्राम- 965
13. जनपद पंचायत- 7
14. नगर पालिका- 4 (नर्मदापुरम्, इटारसी, सिवनी मालवा, पिपरिया)
15. वन क्षेत्र- 2229.74 वर्गमीटर
16. विधानसभा क्षेत्र- 4 (नर्मदापुरम्, सिवनी मालवा, सोहागपुर और पिपरिया)
17. लोकसभा क्षेत्र- 1 (नर्मदापुरम्)
18. भाषा एवं बोली- हिन्दी

(सभी आंकड़े 2011 की जनगणना के अनुसार)

अन्य महत्वपूर्ण जानकारी

- मध्यप्रदेश की जीवन रेखा मानी जाने वाली नर्मदा नदी के तट पर बसे नर्मदापुरम् की देश भर में तीर्थ नगरी के रूप में एक अलग पहचान है।
- जिले के पवारखेड़ा में कृषि अनुसंधान केंद्र स्थित है और यहां कृषि महाविद्यालय भी स्थापित किया गया है।
- नर्मदापुरम् शहर से कुछ किलोमीटर दूर नर्मदा नदी के पास स्थित आदम गढ़ पहाड़ी की गुफाओं में की गई चित्रकारी में मध्य पाषाण युगीन सभ्यता के अवशेष देखे जा सकते हैं। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा संरक्षित इस साइट पर उत्खनन के दौरान प्राचीन सभ्यता से जुड़े अवशेष प्राप्त हुए हैं।
- जिले में स्थित पचमढ़ी एक खूबसूरत पर्वतीय पर्यटक स्थल है। यह ब्रिटिश शासनकाल के जमाने से एक छावनी है। अपनी प्राकृतिक सुंदरता के कारण 1067 मीटर की ऊँचाई पर स्थित यह हिल स्टेशन 'सतपुड़ा की रानी' भी कहलाता है। पचमढ़ी बायोस्फीयर रिजर्व में आता है और मध्यप्रदेश का उच्चतम बिन्दु धूपगढ़, यहीं स्थित है।
- पचमढ़ी की खोज का श्रेय कैप्टन जेम्स फोरसिथ को जाता है। यहां की गुफाएं पुरातात्विक महत्व की हैं, क्योंकि इनमें शैलचित्र भी मिले हैं। पचमढ़ी नाम, पंचमढ़ी या पांडवों की पांच गुफाओं के कारण पड़ा है, जिनके संबंध में माना जाता है कि, उन्होंने इस क्षेत्र में अपने अज्ञातवास का अधिकांश समय बिताया था। पचमढ़ी में महादेव, चौरागढ़ का मंदिर, बी फॉल, सतपुड़ा राष्ट्रीय उद्यान सहित कई दर्शनीय स्थल हैं।
- जिले के आगरगांव में उच्च गलनांक वाली धातु टंगस्टन पाई जाती है। इसका उपयोग एक्स-रे, बल्ब के फिलामेंट, रडार, रेडियो, पारा संशोधन, टेलीविजन यंत्रों में किया जाता है।
- नर्मदापुरम् जिले के सूरज कुण्ड नामक स्थान से अनेक पशु जीवाश्म नर्मदा नदी से प्राप्त हुए हैं।
- मध्यप्रदेश की पहली खुली जेल कॉलोनी नर्मदापुरम् में स्थापित की गई थी। इस जेल में कैदी अपने परिवारों के साथ रह सकते हैं।
- मध्यप्रदेश का सबसे बड़ा रेलवे जंक्शन इटारसी में है। खनिजों की दृष्टि से समृद्ध इटारसी में आयुध निर्माण कारखाना है, जो भारतीय सशस्त्र सेना के हथियारों की आवश्यकता की पूर्ति करता है।

- रीता मोदी
(लेखिका, समसामयिक विषय पर लेखन कार्य करती हैं)

कोरोना के बाद फिटनेस ट्रेनर के कॅरियर की अहमियत

'रोज़गार और निर्माण' के पाठकों के लिये 'कॅरियर की राहें' नाम से उपयोगी स्तंभ लगातार प्रकाशित किया जा रहा है। अच्छे कॅरियर के लिये जरूरी है कि युवा कॅरियर की विभिन्न विधाओं से परिचित हों और अपनी रुचि, योग्यता और क्षमताओं के अनुरूप अपने लिये उपयुक्त कॅरियर का निर्धारण करें। पिछले 40 वर्षों से नई पीढ़ी के लिये कॅरियर संबंधी विषयों पर नियमित लेखन कर रहे, डॉ. जयंतीलाल भंडारी युवाओं को कॅरियर के विभिन्न अवसरों से परिचित कराते हुये आगे बढ़ने का मार्गदर्शन दे रहे हैं।

कोरोना महामारी के चलते लोग अपने स्वास्थ्य को लेकर पहले की तुलना में अधिक प्राथमिकता देने लगे हैं। जहां कोरोनाकाल के बाद अधिक संख्या में लोग जिम जा रहे हैं, वहीं और ज्यादा बड़ी संख्या में लोग ऑनलाइन गाइडेंस व होम जिम की ओर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। ऐसे में प्रशिक्षित फिटनेस ट्रेनर की डिमांड भी बढ़ी है और फिटनेस इंडस्ट्री में कॅरियर के अवसरों में बढ़ोतरी हो रही है।

फिट रहने की जरूरत ने बढ़ाए फिटनेस ट्रेनर के मौके

इसमें कोई दो मत नहीं है कि सेहत को लेकर हमारी मानसिकता बदल रही है।

इस समय फिट रहना हर किसी के लिए जरूरी हो गया है। पहले फिटनेस सेंटर का प्रयोग केवल खिलाड़ी या पहलवान ही किया करते थे, लेकिन बदलते वक्त के साथ-साथ फिटनेस सेंटर और जिम का विस्तार होता गया है। अब इनका प्रयोग आम आदमी से लेकर प्रत्येक वर्ग के द्वारा किया जाता है। आजकल जिम में युवाओं के साथ बच्चे, महिलाएं तथा बुजुर्ग भी एक्सरसाइज के लिए जाने लगे हैं और इन्हें गाइड करने में अहम भूमिका निभा रहे हैं फिटनेस ट्रेनर। एक फिटनेस ट्रेनर शिक्षक के रूप में तरह-तरह की एक्सरसाइज तो सिखाता ही है साथ ही साथ वह प्रेरक कोच और संभवतः एक दोस्त के रूप में भी काम करता है। वह अपने प्रशिक्षणार्थियों का स्वास्थ्य, खान-पान, आवश्यकता हो तो जीवन शैली में बदलाव जैसे कई महत्वपूर्ण आधारभूत प्रशिक्षण भी देता है।

फिटनेस ट्रेनर के लिए कॅरियर के मौके

चूंकि एक फिटनेस ट्रेनर कोविड-19 के बाद फिटनेस और स्वास्थ्य के लिए अनेक भूमिकाएं निभा रहा है, अतएव इस क्षेत्र में कॅरियर के मौके बढ़ रहे हैं। फिटनेस ट्रेनर कई प्रकार के होते हैं। जिम ट्रेनर जिम में एक साथ अनेक लोगों को अपनी देखरेख में एक्सरसाइज करवाते हैं। पर्सनल ट्रेनर एक बार में केवल एक ही व्यक्ति को ट्रेनिंग देते हैं। व्यक्ति के डाइट चार्ट के साथ ही उसकी सेहत, खान-पान और वर्क स्टाइल का भी ख्याल रखने का काम पर्सनल फिटनेस ट्रेनर करते हैं। विशेष ट्रेनर फिटनेस एक्सपर्ट के रूप में फिटनेस के किसी विशेष एरिया में एक्सपर्ट की भूमिका निभाते हैं। फिटनेस ट्रेनर लोगों को फिटनेस की बारीकियां बताता है, फिटनेस टारगेट तय करता है, लोगों की लाइफ स्टाइल तथा उम्र के हिसाब से फिटनेस शेड्यूल बनाता है। फिटनेस

ट्रेनर बॉडी को शेप देने में मदद करता है। वह फिजिक को फ्लेक्सिबल बनाने और एक्सरसाइज से शरीर का वजन कम करने में अहम भूमिका निभाता है। इतना ही नहीं, फिटनेस ट्रेनर बॉडी मास इंडेक्स के जरिए शरीर की आवश्यकता एवं क्षमता के अनुसार एक्सरसाइज भी बताता है और उम्र तथा सेहत के मुताबिक क्या डाइट हो, इसकी जानकारी भी देता है। फिटनेस के लिए एरोबिक्स, किक बॉक्सिंग, योग, स्पिनिंग, कराटे, स्पिन साइक्लिंग, वेट लिफ्टिंग की ट्रेनिंग फिटनेस ट्रेनर द्वारा ही प्रदान की जाती है।

हमारे देश में कुछ वक्त पहले तक पश्चिमी देशों की तरह फिटनेस के प्रति ज्यादा जागरूकता नहीं थी, लेकिन धीरे-धीरे हमारे देश में भी लोगों का एटीट्यूड बदल रहा है और लोग बड़ी संख्या में शहरों में ही नहीं गांवों में भी तेजी से जिम तथा हेल्थ सेंटर को दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाते हुए दिखाई दे रहे हैं। लोगों के सेहत के प्रति इस नए रुझान ने फिटनेस ट्रेनर के काम को एक अच्छे कॅरियर के रूप में बदल दिया है। जिम, स्पा, बड़े होटल, हेल्थ क्लब, फिटनेस सेंटर, टूरिस्ट रिजॉर्ट आदि जगहों पर फिटनेस ट्रेनर की भारी मांग है। बड़ी-बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियां भी अपने कर्मचारियों के लिए समय-समय पर फिटनेस प्रोग्राम्स का आयोजन करती हैं, जहां फिटनेस ट्रेनर्स की अच्छी खासी मांग होती है। इस क्षेत्र में स्वरोज़गार के अवसर भी बढ़ते जा रहे हैं। अगर आपने अपना फिटनेस सेंटर खोल लिया तो कमाई की संभावनाएं बहुत बढ़ जाती हैं। कॅरियर के रूप में इस विकल्प को अपनाने में खर्च भी कुछ खास नहीं है। फिटनेस पर यूट्यूब वीडियो बनाकर भी अच्छी आमदनी की जा सकती है।

फिटनेस ट्रेनर के कॅरियर की शैक्षणिक जरूरतें व स्किल्स

देश में फिटनेस ट्रेनर से संबंधित विभिन्न कोर्सों में सामान्यतः बारहवीं के उपरांत

प्रवेश दिया जाता है। इस क्षेत्र में अच्छे कॅरियर के लिए फिजिकल वर्कआउट पर बेहतर पकड़, डाइट की जानकारी व बेहतर कम्यूनिकेशन स्किल्स जरूरी है। आपको अपने क्लाइंट को उसकी जीवनशैली बदलने के बारे में ठीक से समझाना आना चाहिए। रोग के हिसाब से व्यायाम की जानकारी आदि विषयों पर भी मजबूत पकड़ होनी चाहिए। एक पेशेवर फिटनेस ट्रेनर से यह उम्मीद की जाती है कि वह स्वास्थ्य से संबंधित खोजों के बारे में अपडेट रहे और इसकी जानकारी अपने क्लाइंट्स को देता रहे। चूंकि फिटनेस ट्रेनर एक ट्रेंड प्रोफेशनल होता है, अतएव उसे ह्यूमन एनाटॉमी की गहरी जानकारी के साथ-साथ व्यायाम और बायो-मैकेनिक्स में भी महारत हासिल होनी चाहिए।

फिटनेस ट्रेनर से संबंधित पाठ्यक्रम

मध्यप्रदेश सहित पूरे देश में विभिन्न विश्वविद्यालयों, कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन, विभिन्न जिम यूनिवर्सिटी, विभिन्न फिटनेस एकेडमी, विभिन्न फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी के द्वारा फिजिकल ट्रेनर एवं फिजिकल एजुकेशन से संबंधित डिप्लोमा एवं डिग्री कोर्सों का संचालन किया जाता है। यदि आप फिजिकल ट्रेनर के रूप में अपना कॅरियर बनाना चाहते हैं तो अपने लिए उपयुक्त कोर्स और गुणवत्तापूर्ण संस्थान का चयन करके फिजिकल ट्रेनर के रूप में कॅरियर बनाने के लिए आगे बढ़ सकते हैं।

- डॉ. जयंतीलाल भंडारी

(लेखक कॅरियर मार्गदर्शन के लिये लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में प्रतिष्ठित हैं।)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न

सामान्य ज्ञान - खेल

1. **रियो ओलिंपिक-2016 में हॉकी में महिला वर्ग का स्वर्ण पदक किस देश ने जीता था?**
   (अ) ब्रिटेन (ब) नीदरलैंड्स
   (स) न्यूजीलैंड (द) जर्मनी
2. **वर्ष 2021 में किस खिलाड़ी ने क्रेमलिन कप का खिताब जीता था?**
   (अ) कारेन खाचानोव
   (ब) अस्लान कारात्सेव
   (स) मारिन सिलिक
   (द) इनमें से कोई नहीं
3. **भारत ने एशियन कुश्ती चैम्पियनशिप-2021 में कितने स्वर्ण पदक जीते थे?**
   (अ) तीन (ब) चार
   (स) पांच (द) सात
4. **वर्ष 2026 में एशियाई खेल किस देश में आयोजित किए जायेंगे?**
   (अ) कतर (ब) जापान
   (स) थाईलैंड (द) फिलीपींस
5. **इस वर्ष सर्बिया ओपन में पुरुष एकल वर्ग के चैम्पियन हैं?**
   (अ) माटेयो बेरेटिनी
   (ब) एलेक्जेंडर ज्वेरेव
   (स) आंद्रे रूबलेव
   (द) फेलिसियानो लोपेज
6. **इंग्लैंड के लिए टेस्ट क्रिकेट में 10 हजार रन बनाने वाले पहले खिलाड़ी हैं?**
   (अ) जो रूट (ब) माइकल वॉन
   (स) इयॉन बॉथम (द) एलिस्टर कुक
7. **टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली महिला क्रिकेटर हैं?**
   (अ) मिताली राज
   (ब) सूजी बेट्स
   (स) बेलिंडा क्लार्क
   (द) मेग लेनिंग
8. **गेब्रियल जीसस किस देश के दिग्गज फुटबॉलर हैं?**
   (अ) ब्राजील (ब) स्वीडन
   (स) मैक्सिको (द) कोलंबिया
9. **वर्ष 2016 में किस खिलाड़ी ने फॉर्मूला-वन चैम्पियनशिप जीती थी?**
   (अ) लुईस हैमिल्टन
   (ब) जेनसन बटन
   (स) सबेस्टियन वेटल
   (द) निको रोसबर्ग
10. **टेबल टेनिस को किस वर्ष पहली बार ओलिंपिक खेलों में जगह मिली थी?**
    (अ) वर्ष 1972 (ब) वर्ष 1980
    (स) वर्ष 1988 (द) वर्ष 1992
11. **नेशंस लीग किस खेल की एक वैश्विक प्रतियोगिता है?**
    (अ) बास्केटबॉल
    (ब) टेनिस
    (स) मुक्केबाजी
    (द) फुटबॉल
12. **वर्ष 2021 में किस देश ने एफआईएच जूनियर पुरुष हॉकी वर्ल्डकप जीता है?**
    (अ) अर्जेंटीना
    (ब) बेल्जियम
    (स) द. कोरिया
    (द) इनमें से कोई नहीं
13. **रोहित शर्मा ने वन-डे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में कितने शतक बनाए हैं?**
    (अ) 26 (ब) 29
    (स) 30 (द) 34
14. **भारतीय पुरुष हॉकी टीम के वर्तमान मुख्य कोच हैं?**
    (अ) शॉर्ड मारिने
    (ब) दिलीप तिर्की
    (स) ग्राहम रीड
    (द) इनमें से कोई नहीं
15. **वर्ष 2021 में विम्बलडन ग्रैंड स्लैम में महिला एकल वर्ग की चैम्पियन बनी थीं?**
    (अ) कैरोलिना प्लिस्कोवा
    (ब) एश्ले बार्टी
    (स) एंजेलिक कर्बर
    (द) इलिना स्विटोलिना
16. **भारतीय खेल प्राधिकरण की स्थापना किस वर्ष की गई थी?**
    (अ) वर्ष 1984
    (ब) वर्ष 1985
    (स) वर्ष 1986
    (द) वर्ष 1988
17. **अर्जुन पुरस्कार विजेता चिराग शेट्टी किस खेल के खिलाड़ी हैं?**
    (अ) टेनिस (ब) एथेलेटिक्स
    (स) फुटबॉल (द) बैडमिंटन
18. **इनमें से कौन-सा खेल विंटर ओलिंपिक-2022 में शामिल नहीं था?**
    (अ) जिम्नास्टिक
    (ब) आइस हॉकी
    (स) स्की जंपिंग
    (द) स्नो बोर्डिंग
19. **विराट कोहली ने किस देश के खिलाफ वन-डे क्रिकेट में पदार्पण किया था?**
    (अ) ऑस्ट्रेलिया
    (ब) वेस्टइंडीज
    (स) श्रीलंका
    (द) अफगानिस्तान
20. **प्रमोद भगत ने किस वर्ष पैरा बैडमिंटन वर्ल्ड चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीता है?**
    (अ) वर्ष 2018
    (ब) वर्ष 2019
    (स) वर्ष 2020
    (द) वर्ष 2021
21. **भाला फेंक खिलाड़ी एंडरसन पीटर्स किस देश का प्रतिनिधित्व करते हैं?**
    (अ) ग्रेनेडा (ब) जमैका
    (स) क्यूबा (द) कैन्या
22. **टोक्यो ओलिंपिक में किस देश ने कुश्ती में सबसे ज्यादा स्वर्ण पदक जीते हैं?**
    (अ) ईरान (ब) जापान
    (स) हंगरी (द) अमेरिका
23. **इनमें से किस देश ने अब तक आईसीसी टी-20 वर्ल्डकप नहीं जीता है?**
    (अ) श्रीलंका (ब) ऑस्ट्रेलिया
    (स) द. अफ्रीका (द) इंग्लैंड
24. **वर्ष 1986 में किस देश ने फीफा वर्ल्ड कप का खिताब जीता था?**
    (अ) ब्राजील (ब) इंग्लैंड
    (स) जर्मनी (द) अर्जेंटीना
25. **वर्ष 2022 में लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स वूमेन अवॉर्ड जीतने वाली महिला खिलाड़ी हैं?**
    (अ) एलिसन फेलिक्स
    (ब) एमा राडूकानू
    (स) एलिन थॉमसन हेराह
    (द) केटी लेडेकी

उत्तर

1. (अ), 2. (ब), 3. (स), 4. (ब), 5. (स), 6. (द), 7. (ब), 8. (अ), 9. (द), 10. (स), 11. (द), 12. (अ), 13. (ब), 14. (स), 15. (ब), 16. (अ), 17. (द), 18. (अ), 19. (स), 20. (ब), 21. (अ), 22. (ब), 23. (स), 24. (द), 25. (स)

- पुष्पेंद्र कुमार सविता

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी वाले विषयों पर लेखन करते हैं।)

Objective Questions for MPPSC AE/MPPEB JE

Civil Engineering

1. Which of the following is a field test for measuring the consistency of plastic concrete?
(a) Kelly Ball test
(b) Le Chatelier's test
(c) Compaction factor test
(d) Elongation Index test

Ans- (a) Kelly Ball test

Solution : Kelly Ball apparatus is used to determine the workability of fresh concrete in field. It consists of a hemispherical ended cylinder and the test determines the depth to which the apparatus will sink under its own weight rest all the test are laboratory test.

2. The age of tree can be known by examining :
(a) Heart wood
(b) Medullary rays
(c) cambium layer
(d) annular rings

Ans- (d) annular rings

Solution : The age of a tree can be estimated by the number of concentric rings on a cross-section of its trunk. A tree age can be determined by counting the annual growth rings in its trunk. Each ring represents one year and the rings thickness reveals the relative amount of rainfall that year.

3. A soil sample has a porosity of 40% and the specific gravity of solid is 2.70. If the soil is 50% saturated, the unit weight will be nearly :
(a) 18 KN/m³
(b) 19 KN/m³
(c) 17 KN/m³
(d) 20 KN/m³

Ans- (a) 18 KN/m³

Solution : Given,
Porosity (n) = 40%
Specific gravity (G) = 2.7
Degree of saturation (s) = 50%

$$\text{Void ratio (c)} = \frac{n}{1-n}$$

$$= \frac{0.4}{1-0.4} \Rightarrow \frac{0.4}{0.6} \Rightarrow \frac{2}{3}$$

$$\text{unit weight } (\gamma) = \left(\frac{G+Se}{1+e}\right)\gamma_w$$

$$= \left[\frac{2.7+0.5\times 2/3}{1+2/3}\right]\times 9.81$$

$\gamma = \underline{17.85\ KN/m^3}$

$\gamma = 18\ KN/m^3$

4. A soil has liquid limit of 35, plastic limit of 20 and moisture content 25%. What will be its liquidity index and plasticity index.
(a) 0.67, 15 (b) 0.65, 20
(c) 0.33, 15 (d) 0.60, 10

Ans- (c) 0.33, 15

Solution :
Liquid limit (W_L) = 35% = 0.35
Plastic limit (W_P) = 20% = 0.20
Moisture content (W)= 25%=0.25

- Plasticity index (I_P) = W_L - W_P = 0.35 - 0.20 ⇒ 0.15 ⇒ 15%
- Liquidity Index $(I_L) = \dfrac{W-W_P}{I_P}$

$$(I_L) = \frac{0.25-0.20}{0.15} \Rightarrow 0.33$$

5. In pumping out test, the drawdown is 5 m. If the coefficient of permeability of the soil is 10^{-4} m/s, the Radius of influence is :
(a) 150m (b) 170m
(c) 140m (d) 160m

Ans- (a) 150m

Solution : Given,
drawdown (S) = 5m
coefficient of permeability (K) = 10^{-4} m/s
Radius of influence (R)

$$= 3000\ S\sqrt{K}$$

$$= 3000\times 5\times\sqrt{10^{-4}}$$

$$= 3000\times 5\times 10^{-2} \Rightarrow R = 150\ m$$

6. An axially loaded column is of 300mm × 300mm size. If effective length of column is 3m, what is the minimum eccentricity of the Axial load for the column?
(a) 10 mm (b) 20 mm
(c) 15 mm (d) 25 mm

Ans- (b) 20 mm

Solution : e min =

$$\left(\frac{\text{unsupported length of Column}}{500}\right)$$

$$+\left(\frac{\text{least latcral dimension}}{30}\right)$$

$$=\left(\frac{L}{500}+\frac{D}{30}\right)\text{or 20 mm}$$

whichever maximum

$$=\left(\frac{300}{500}+\frac{300}{30}\right)$$

= 10.6 mm or 20 mm
e min = 20 mm is maximum

7. In limit state design of RC, the strains in tension reinforcement should not exceed:

(a) $0.87\dfrac{fy}{Es}+0.002$

(b) $0.87\dfrac{fy}{Es}-0.002$

(c) $0.87\dfrac{fy}{Es}+0.0035$

(d) $0.87\dfrac{fy}{Es}-0.0035$

Ans- (a) $0.87\dfrac{fy}{Es}+0.002$

Solution : The maximum strain in tension reinforcement in the section of failure is be not less than

$$\epsilon=\left(\frac{fy}{1.15\,Es}\right)+0.002$$

$$\epsilon=\left(\frac{0.87\,fy}{Es}\right)+0.002$$

8. To control the deflection limit state the basic values of span to effective depth ratio (As per IS 456.2000) for simply supported and continous beams are kept as :
(a) 7 and 20 (b) 20 and 35
(c) 26 and 40 (d) 20 and 26

Ans- (d) 20 and 26

Solution : The basic value of span to effective depth ratio is given -

Cantilever beam	7
Simply Supported beam	20
Continuous beam	26

9. In working stress design, if the modular ratio is 'm', steel ratio is 'r', the critical neutral axis constant 'k' is given by

(a) $\dfrac{m}{m+r}$ (b) $\dfrac{m+r}{r}$

(c) $\dfrac{m+r}{m}$ (d) $\dfrac{m}{m-r}$

Ans- (a) $\dfrac{m}{m+r}$

Solution : Depth of critical neutral axis = Kd
Where
K = critical neutral axis constant

$$K = \frac{m}{m+r}$$

$$m = \frac{280}{30_{cbc}}$$

(Long term modular ratio)

10. If d is the gross diameter of rivet and P is the pitch of rivets the efficiency riveted joint is given by :

(a) $\dfrac{P-d}{P}$ (b) $\dfrac{P-d}{d}$

(c) $\dfrac{P+d}{P}$ (d) $\dfrac{P+d}{d}$

Ans- (a) $\dfrac{P-d}{P}$

Solution : Efficiency of joints :

$$\eta = \frac{\text{Strengt of joint in tearing}\times 100}{\text{tensile strength of plate}}$$

$$\eta = \frac{(P-d)t}{P\times t} \Rightarrow \eta = \frac{P-d}{P}$$

11. Maximum permissible longitudinal pitch of rivets, in rivet joints in compression member is :
(a) 16D (b) 12t
(c) 32t (d) 16t

Ans- (b) 12t

Solution : Maximum pitch for the compression member is 12t or 200mm, which ever is less, will be taken.

12. For M15 grade concrete, Shear reinforcement is necessary, if shear stress is more than.
(a) 6 N/mm² (b) 4 N/mm²
(c) 2 N/mm² (d) 1.2 N/mm²

Ans- (c) 2 N/mm²

Solution : As per Is 456-2000 maximum shear stress with shear reinforcement

	LSM	WSM
M15	2.5	1.6
M20	2.8	1.8
M25	3.1	1.9
M30	3.5	2.2
M35	3.7	2.3
M40 & Above	4.0	2.5

$T_v \not> T_{max}$

13. As per IS 800:1984, the thickness of slab base is :

(a) $\sqrt{\dfrac{3w}{\sigma_{bs}}\left(a^2-\dfrac{b^2}{4}\right)}$

(b) $\dfrac{3w}{\sigma_{bs}}\left(a^2+\dfrac{b^2}{4}\right)$

(c) $\sqrt{\dfrac{3w}{\sigma_{bs}}\left(\dfrac{a^2-b^2}{4}\right)}$

(d) $\sqrt{\dfrac{3w}{\sigma_{bs}}\left(\dfrac{a^2+b^2}{4}\right)}$

Ans- (a) $\sqrt{\dfrac{3w}{\sigma_{bs}}\left(a^2-\dfrac{b^2}{4}\right)}$

Solution : As per IS 800:1984, the thickness of slab base is

$$\sqrt{\frac{3w}{\sigma_{bs}}\left(a^2-\frac{b^2}{4}\right)}$$

14. A beam section is classified as low shear case when the factored, shear force is less than :
(a) 0.2 V_d (b) 0.3 V_d
(c) 0.7 V_d (d) 0.6 V_d

Ans- (d) 0.6 V_d

Solution : For low shear case
$V \le 0.6\ V_d$

15. In a reinforced concrete slab of 100mm thickness, the maximum size of reinforcing bars is :
(a) 12 mm (b) 18 mm
(c) 8 mm (d) 14 mm

Ans- (a) 12 mm

Solution : As per IS 456:2000 maximum dia of main bar in concrete slab

$$\phi_{main} = \frac{1}{8}\times \text{thickness}$$

$$= \frac{1}{8}\times 100 \Rightarrow 12.3 \approx 12\text{mm}$$

16. A rectangular block is subjected to normal stresses on two orthogonal faces 600 MPa and 400 MPa of same nature. What shall be maximum shear stress produced on a plane?
(a) 250 MPa (b) 270 MPa
(c) 100 MPa (d) 500 MPa

Ans- (c) 100 MPa

Solution : Maximum shear stress

$$(T\ max) = \frac{\sigma_1-\sigma_2}{2}$$

$$= \frac{600-400}{2} \Rightarrow 100\ MPa$$

17. If the angle between fusion faces of a fillet weld is 60°-90°, the effective throat thickness as per Indian standard is equal to :

(a) $\dfrac{1}{\sqrt{3}}\times$ Size of weld

(b) $\sqrt{3}\times$ Size of weld

(c) $\dfrac{1}{\sqrt{2}}\times$ Size of weld

(d) $\dfrac{1}{2}\times$ Size of weld

Ans- (c) $\dfrac{1}{\sqrt{2}}\times$ Size of weld

Solution : Effective throat thickness

$$= \frac{1}{\sqrt{2}}\times \text{effective length}$$

18. The slenderness ratio for masonry walls should not be more than :
(a) 20 (b) 25
(c) 10 (d) 15

Ans- (a) 20

Solution : According IS 1905:1987 Maximum slenderness ratio for a load bearing wall depends upon number of storey.

No. of Storey	Max. Slenderness ratio: Using Portland cement or portland Pozzolana cement in mortar	Using Lime mortar
Not-Exceeding 2	27	20
Exceeding 2	27	13

19. Gantry girders are designed to resist :
(a) Lateral load
(b) Vertical load
(c) Longitudnal load
(d) All of the above

Ans- (d) All of the above

Solution : Gantry girders are designed to resist lateral, longitudinal and vertical loads.

20. The plastic section modulus for a rectangular section of width b and depth d is :

(a) $\dfrac{bd^2}{4}$ (b) $\dfrac{b^2d}{4}$

(c) $\dfrac{bd^2}{12}$ (d) $\dfrac{bd^3}{12}$

Ans- (a) $\dfrac{bd^2}{4}$

Solution : We know
Shape factor of Rectangular section = 1.5

$$\frac{Zp}{Zy} = 1.5 \Rightarrow \frac{Zp}{\frac{bd^2}{6}} = 1.5$$

$$Zp = 1.5\frac{bd^2}{6} \Rightarrow Zp = \frac{bd^2}{4}$$

21. A simply supported beam of rectangular section and span L is subjected to a uniformly distributed load at the center. The length of elastoplastic zone of the plastic hinge will be :

(a) $\dfrac{L}{4}$ (b) $\dfrac{L}{6}$

(c) $\dfrac{L}{\sqrt{3}}$ (d) $\dfrac{L}{7}$

Ans- (c) $\dfrac{L}{\sqrt{3}}$

Solution : $L_p = L\sqrt{1-\dfrac{1}{\alpha}}$

$$L_p = L\sqrt{1-\frac{2}{3}} \Rightarrow L_p = \frac{L}{\sqrt{3}}$$

22. The shape factor for a solid circular section of diameter D is equal to :

(a) $\dfrac{16}{3\pi}$ (b) $\dfrac{3\pi}{16}$

(c) $\dfrac{16\pi}{3}$ (d) $\dfrac{3\pi}{16}$

Ans- (a) $\dfrac{16}{3\pi}$

Solution : Shape factor $= \dfrac{Zp}{Ze}$

$$Ze = \frac{I}{y} = \frac{\pi d^3}{32}$$

$$Zp = \frac{\pi d^3}{8}\left(\frac{2d}{3\pi}+\frac{2d}{3\pi}\right)$$

$$Zp = \frac{d^3}{6}$$

$$S.F. = \frac{d^3}{6}\times\frac{32}{\pi d^3} \Rightarrow \frac{16}{3\pi}$$

23. Functional Organisation System of working was introduced by:
(a) Henry Gantt
(b) F.W. Taylor
(c) J.E. Kelly
(d) Newton

Ans- (b) F.W. Taylor

Solution : Functional Organization is suggested by F.W. Taylor. In functional organization different experts guide the subordinates in organization. Workers or subordinates thus receive order from several specialists or officers and are responsible for their performance to different experts.

24. The optimistic time, pessimistic time an most likely time required for completion of activity is 4, 11 and 6 respectively. The expected time is :
(a) 6.5 days (b) 4.5 days
(c) 3 days (d) 8 days

Ans- (a) 6.5 days

Solution : Given,
t_p = 11 days
t_o = 4 days
t_m = 6 days

$$t_E = \frac{t_o+4t_m+t_p}{6}$$

$$= \frac{4+4\times 6+11}{6} \Rightarrow \frac{39}{6} \Rightarrow 6.5\,\text{days}$$

25. the cost of a machine is Rs. 10,000 with a useful life of 10 years. Its depreciated cost, after 5 years, if the salvage value is Rs. 1,000 on straight line basis, will be
(a) Rs. 5,500 (b) Rs. 5,250
(c) Rs. 5,000 (d) Rs. 5,600

Ans- (a) Rs. 5,500

Solution : Depreciation (D) $= \dfrac{c-v}{n}$

c = Cost of machine = Rs 10000
v = Salvage value = Rs 1000
n = number of useful year= 5 years

$$D = \frac{10000-1000}{10} \Rightarrow \frac{9000}{10} \Rightarrow 900$$

Value after n, year = $C-(D\times n)$
= 10000 - (900 × 5)
= 10000 - 4500 ⇒ 5500

- साहिल शर्मा

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी वाले विषयों पर लेखन करते हैं।)

यूजीसी नेट/जेआरएफ परीक्षा के लिए अति महत्वपूर्ण प्रश्नोत्तर

राजनीति विज्ञान

1. कांग्रेस की पूर्ववर्ती संस्थाओं के अस्तित्व में आने से संबंधित वर्षों की गलत जोड़ चुनिए -

संस्था	वर्ष
अ. ब्रिटिश इंडियन सोसायटी	1851
ब. पूना सार्वजनिक सभा	1873
स. इंडिया एसोसिएशन	1876
द. मद्रास महाजन सभा	1884

2. भारत में स्थानीय स्वशासन का जनक माना जाता है -
अ. लार्ड रिपन को
ब. कार्नवालिस को
स. विलियम बैंटिक को
द. लार्ड क्लाइव को।

3. जलियांवाला बाग हत्याकांड सन् 1919 में किस तिथि को हुआ था -
अ. 03 अप्रैल
ब. 13 अप्रैल
स. 03 जुलाई
द. 13 अक्टूबर।

4. धार्मिक स्वतंत्रताओं से संबंधित प्रावधानों का उल्लेख किन अनुच्छेदों में वर्णित है -
अ. 16-20
ब. 19-23
स. 21-25
द. 25-28

5. प्लेटो का गुरू कौन था -
अ. सुकरात
ब. सेफेलस
स. अरस्तू
द. थ्रेसीमेकस।

6. जून 2022 में जी-7 की शिखर सम्मेलन सम्पन्न हुआ है -
अ. फ्रांस में
ब. जर्मनी में
स. कनाडा में
द. ब्रिटेन में।

7. "जो लोग यह कहते हैं कि धर्म का राजनीति से कोई लेना-देना नहीं है, वे धर्म का अर्थ ही नहीं जानते। वास्तव में धर्म के बिना राजनीति कूड़ा-कचरा है।" यह कथन है -
अ. अरविंद घोष का
ब. महात्मा गांधी का
स. लोकमान्य तिलक का
द. राजेन्द्र प्रसाद का।

8. राजव्यवस्था में जनमत संग्रह को महत्व दिया जाता है -
अ. कनाडा में
ब. स्विट्जरलैंड में
स. ब्रिटेन में
द. भारत में।

9. "प्रशासन का अर्थ कार्य करना नहीं अपितु कार्य कराना है।" यह कथन संबंधित है -
अ. एकीकृत दृष्टिकोण से
ब. व्यापक दृष्टिकोण से
स. प्रबन्धकीय दृष्टिकोण से
द. वैज्ञानिक दृष्टिकोण से।

10. किस समाचार पत्र या पत्रकार ने केबिनेट मिशन को भारत का भविष्य बिगाड़ने हेतु ब्रिटेन द्वारा प्रस्तुत योजना कहा था -
अ. फ्री प्रेस जनरल ने
ब. गणेश शंकर विद्यार्थी ने
स. टाइम्स ऑफ इंडिया ने
द. माखनलाल चतुर्वेदी ने।

11. अनुच्छेद 49 संबंधित है -
अ. प्रेस की स्वतंत्रता से
ब. राष्ट्रीय स्मारकों के संरक्षण से
स. कार्यपालिका का न्यायपालिका से पृथक्करण
द. इनमें से कोई नहीं।

12. किस प्रधानमंत्री की पहल पर दक्षिण-दक्षिण सहयोग की शुरुआत हुई थी -
अ. पं. नेहरू
ब. इन्दिरा गांधी
स. राजीव गांधी
द. पी.वी. नरसिंहराव।

13. Welfare State शब्द का सर्वप्रथम प्रयोगकर्ता है -
अ. आर्कबिशप टेंपिल
ब. मार्टिन लूथर
स. नेल्सन मंडेला
द. शुम्पीटर।

14. इनमें से असत्य है-
अ. अमेरिकी सीनेट की सदस्यों की संख्या मात्र 100 है।
ब. ब्रिटेन एवं अमेरिका में द्विदलीय प्रणाली पायी जाती है।
स. भारत ने न्यायिक पुनरावलोकन की व्यवस्था सोवियत संघ से ली है।
द. चीन में साम्यवादी दल का ही वर्चस्व बना हुआ है।

15. इनमें से कौन-सी रचना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नहीं है -
अ. सच्चा सेवाभाव
ब. शिक्षा-दीक्षा
स. सोशल हार्मनी
द. ज्योतिपुंज।

16. 'आज का भारत' की लेखिका हैं -
अ. सरदार बेगम
ब. मन्नू भंडारी
स. रजनी पामदत्त
द. रमाबाई देशमुख।

17. किस संविधान संशोधन द्वारा संघीय एवं राज्य मंत्रीमंडल का आकार निश्चित कर दिया गया है कि अब लोक/विधान सभा के कुल सदस्य संख्या के 15 प्रतिशत से अधिक सदस्य मंत्री नहीं बनाए जाएंगे -
अ. 91वें संविधान संशोधन
ब. 92वें संविधान संशोधन
स. 93वें संविधान संशोधन
द. 94वें संविधान संशोधन।

18. इंदिरा गांधी सरकार ने कितने बार अविश्वास प्रस्तावों का सामना किया था -
अ. 11 बार
ब. 13 बार
स. 15 बार
द. 17 बार

19. संविधान के किस भाग में 'आपातकालीन उपबंध' वर्णित हैं-
अ. 16 में
ब. 18 में
स. 19 में
द. 20 में

20. म.प्र. से लोक सभा हेतु निर्वाचित होने वाले सदस्यों की संख्या है -
अ. 24
ब. 29
स. 33
द. 39

21. गलत जोड़ी को चुनिये -
संधि/समझौता- कार्यक्षेत्र/विषय
अ. लिस्बन संधि- यूरोपीय संघ
ब. पी.टी.बी.टी.- निःशस्त्रीकरण
स. बाल्कन समझौता- द्वितीय विश्व युद्ध
द. मॉन्ट्रियल समझौता- वैश्विक अर्थव्यवस्था

22. गंडक नदी समझौता हुआ है -
अ. भारत-भूटान के मध्य
ब. भारत-बांग्लादेश के मध्य
स. भारत-नेपाल के मध्य
द. भारत-म्यांमार के मध्य।

23. Caste in Indian Politics के लेखक हैं-
अ. रजनी कोठारी
ब. ए.ओ. ह्यूम
स. राममनोहर लोहिया
द. जयप्रकाश नारायण।

24. किस वर्ष 31वें संविधान संशोधन द्वारा लोक सभा के सदस्यों की संख्या 525 से बढ़ाकर 545 की गई थी -
अ. 1971 में
ब. 1972 में
स. 1973 में
द. 1975 में।

25. लोक प्रशासन और निजी प्रशासन किन बातों में समान है?
अ. योजना बनाना
ब. कर्मचारियों में समन्वय
स. हिसाब-किताब रखना
द. उपरोक्त तीनों

26. इनमें से कौन मार्क्स के विचारों का स्रोत नहीं है -
अ. ब्रिटिश अर्थव्यवस्था
ब. अमेरिकी स्वतंत्रता संघर्ष
स. जर्मन दर्शन
द. फ्रांस की क्रांतिकारी परम्परा।

27. निम्नलिखित संगठनों/संधियों/सम्मेलन के सही वर्षानुसार क्रम को चुनिये -
1. भारत-रूस मैत्री संधि
2. सातवां गुटनिरपेक्ष सम्मेलन
3. साप्टा (SAPTA)
4. विश्व व्यापार संगठन
अ. 1, 2, 4, 3
ब. 1, 3, 4, 2
स. 2, 1, 4, 3
द. 2, 1, 3, 4

28. निम्नलिखित क्रांतियों के नारों में सही नहीं है -
अ. अमेरिकी क्रांति - प्रतिनिधित्व नहीं तो कर नहीं
ब. फ्रांसीसी क्रांति - स्वतंत्रता, समानता एवं बंधुता
स. चीनी क्रांति - राष्ट्रीयता, राजतंत्र एवं प्रभुता
द. रूसी क्रांति - भूमि, रोटी एवं शांति

29. अमेरिका में 'विदेशी सहायता अधिनियम' पारित हुआ था -
अ. 1958 में
ब. 1961 में
स. 1968 में
द. 1971 में।

30. वह भारतीय प्रधानमंत्री जिसने कभी भी चीन की यात्रा नहीं की -
अ. श्रीमती इंदिरा गांधी
ब. श्री नरेन्द्र मोदी
स. श्री पी.वी. नरसिंहराव
द. श्री अटलविहारी वाजपेयी।

31. आठवीं अनुसूची संबंधित है -
अ. केन्द्र-राज्य संबंध से
ब. दल-बदल कानून से
स. भाषाओं के संरक्षण से
द. संवैधानिक संकट निवारण से।

32. भारतीय विदेश नीति की विशेषता नहीं है-
अ. गुटनिरपेक्षता
ब. पंचशील सिद्धांत
स. तटस्थता
द. निःशस्त्रीकरण।

33. राष्ट्रपति पर महाभियोग चलाए जाने की प्रक्रिया का उल्लेख किस अनुच्छेद में है -
अ. 52 में
ब. 54 में
स. 60 में
द. 61 में।

34. आवश्यकतानुसार तदर्थ (एडहॉक) न्यायाधीशों की नियुक्ति की जा सकती है -
अ. मात्र उच्चतम न्यायालय में
ब. उच्च एवं उच्चतम न्यायालय में
स. जिला न्यायालयों में
द. उक्त सभी में।

35. भारत में किस समिति/आयोग ने भ्रष्टाचार निवारण के लिए न्यूजीलैंड की शैली पर आधारित 'संसदीय आयुक्त' की नियुक्ति की सिफारिश की थी -
अ. राजमन्नार समिति ने
ब. संथानम समिति ने
स. सरकारिया आयोग ने
द. प्रशासनिक सुधार आयोग ने।

36. प्राक्कलन समिति में कुल सदस्य होते हैं -
अ. 15
ब. 20
स. 22
द. 30

37. फ्रांस की सरकारी फाइल को कहा जाता है -
अ. रेड बुक
ब. येलो बुक
स. ब्लू बुक
द. ग्रीन बुक।

38. कोलम्बो प्रस्ताव-1962 संबंधित रहा है -
अ. भारत-श्रीलंका के मध्य
ब. भारत-पाक के मध्य
स. भारत-चीन के मध्य
द. भारत-भूटान के मध्य।

39. "राजनीति तो रक्तरहित युद्ध है, जबकि युद्ध रक्तरंजित राजनीति है।" ऐसा कहा है -
अ. माओ ने ब. ब्रेझनेव ने
स. किसिन्जर ने द. स्टालिन ने।

40. रेडक्लिफ लाइन स्थित है -
अ. भारत-चीन के मध्य
ब. भारत-बंगलादेश के मध्य
स. भारत-पाक के मध्य
द. भारत-नेपाल के मध्य।

41. भारत-अमेरिका के मध्य हुआ '123 समझौता' संबंधित है -
अ. रक्षा सहयोग से
ब. नाभिकीय सहयोग
स. शैक्षिक सहयोग से
द. मुक्त व्यापार से।

42. अंतर्राष्ट्रीय राजनीति पर प्रभाव डालने वाली निम्नलिखित किस घटना का घटित वर्ष सही सुमेलित नहीं है -
अ. हिन्द चीन समस्या - 1954
ब. वियतनाम संघर्ष - 1971
स. सोवियत संघ का विघटन-1991
द. सी.टी.बी.टी. - 1997

43. भारतीय संविधान की विशेषताओं में शामिल है -
1. संसदीय प्रणाली
2. विधि का शासन
3. दलीय सर्वोच्चता
4. एकात्मक सरकार।
अ. 1, 2 एवं 4
ब. 1, 2 एवं 3
स. मात्र 1 एवं 2
द. मात्र 1 एवं 3

44. पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में कार्यरत एनजीओ 'ग्रीनपीस' का मुख्यालय स्थित है -
अ. मास्को, रूस में
ब. हिरोशिमा, जापान में
स. एम्सटर्डम, नीदरलैंड में
द. बीजिंग, चीन में।

45. भारत द्वारा सार्क (दक्षेस) के कुल व्यय का कितने प्रतिशत भार वहन किया जाता है -
अ. 21
ब. 25
स. 28
द. 32

46. महासभा के अध्यक्ष रजाली इस्माइल की अध्यक्षता वाले कार्यदल ने सुरक्षा परिषद की सदस्यता 15 से बढ़ाकर कितनी करने का सुझाव दिया है -
अ. 20
ब. 22
स. 24
द. 26

47. 26 जून 2022 को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' के प्रसारण का कौनसा संस्करण था -
अ. 75
ब. 90
स. 95
द. 100 वां।

48. संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन (UNESCO) का मुख्यालय स्थित है -
अ. रोम में
ब. जिनेवा में
स. लंदन में
द. पेरिस में।

49. मिन्नोब्रुक सम्मेलन का विचारणीय विषय था -
अ. परिवर्तनशील समाज में लोक प्रशासन
ब. लोक प्रशासन को विज्ञान की श्रेणी में रखना
स. लोक प्रशासन को कला की श्रेणी में रखना
द. लोक प्रशासन की परिभाषा तय करना।

हल

1. ब, 2. अ, 3. ब, 4. द, 5. अ
6. ब, 7. ब, 8. ब, 9. स
10. अ, 11. ब, 12. ब, 13. अ
14. स, 15. ब, 16. स, 17. अ
18. स, 19. ब, 20. ब, 21. द
22. स, 23. अ, 24. स, 25. द
26. ब, 27. अ, 28. स, 29. ब
30. अ, 31. स, 32. स, 33. द
34. अ, 35. ब, 36. द, 37. ब
38. स, 39. अ, 40. स, 41. ब
42. द, 43. स, 44. स, 45. द
46. स, 47. ब, 48. द, 49. अ।

व्याख्यात्मक हल

1. ब. कांग्रेस की पूर्ववर्ती संस्थाओं में उल्लेखनीय हैं ब्रिटिश इंडियन सोसायटी (1851), पूना सार्वजनिक सभा (1870), इंडिया एसोसिएशन (1876) और मद्रास महाजन सभा (1884)।

6. ब. जून 2022 में जी-7 शिखर सम्मेलन जर्मनी में सम्पन्न हुआ है। इसमें प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भी सहभागिता की है।

14. स. भारत ने न्यायिक पुनरावलोकन की व्यवस्था अमेरिका से ग्रहण की है।

21. द. मॉन्ट्रियल समझौता (1987) वैश्विक पर्यावरण से संबंधित है।

27. अ. सही कालानुक्रम इस प्रकार होगा-
1. भारत - रूस मैत्री संधि-1971
2. सातवां गुटनिरपेक्ष सम्मेलन (नई दिल्ली)-1983
3. विश्व व्यापार संगठन-1995
4. साप्टा (SAPTA) - 2006

28. स. चीनी क्रांति (1911) का नारा था- राष्ट्रवाद, लोकतंत्र एवं जीविका।

42. द. सी.टी.बी.टी. 1996 में अस्तित्व में आयी है। इसका पूर्ण रूप है- काम्प्रेंसिव टेस्ट बेन ट्रीटी (समग्र/व्यापक परीक्षण प्रतिबंध संधि)।

49. अ. प्रथम मिन्नोब्रुक सम्मेलन 1968 में हुआ था।

डॉ. नियाज अहमद अंसारी
(सहा. प्राध्यापक : राजनीति शास्त्र एवं लोक प्रशासन शासकीय आदर्श महाविद्यालय, उमरिया (म.प्र.)

खेल चर्चा

गितिका और अल्फिया ने एलोर्डा कप में जीते स्वर्ण पदक

नूर सुल्तान, भारत की महिला मुक्केबाज गितिका और अल्फिया पठान ने कजाकिस्तान में आयोजित एलोर्डा कप मुक्केबाजी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुये स्वर्ण पदक जीता है। भारत ने इस प्रतियोगिता में 2 स्वर्ण, 2 रजत सहित कुल 14 पदक जीते हैं। गितिका ने महिलाओं की किलोग्राम भारवर्ग स्पर्धा के फाइनल में अपनी हमवतन खिलाड़ी कलाइवानी श्रीनिवासन को हराकर स्वर्ण पदक जीता, वहीं अल्फिया ने 81 किलोग्राम भारवर्ग के फाइनल में कजाकिस्तान की पूर्व विश्व चैंपियन लज्जत कुंगेइबायेवा को 5-0 से हराकर खिताब जीता। टूर्नामेंट में भारत की कलाइवानी (48 किलोग्राम) और जमुना बोरो (54 किलोग्राम) ने रजत पदक जीता। प्रतियोगिता में ज्योति गुलिया, साक्षी, सोनिया लाठेर, नीमा, ललिता और बबिता विष्ट ने कांस्य पदक जीते हैं। इनके अलावा कुलदीप कुमार, अनंत चोपड़ा, सचिन और जुगनू ने पुरुष वर्ग में कांस्य पदक अपने नाम किये हैं।

बटलर बने इंग्लैंड की वन-डे और ट्वेंटी-20 टीम के कप्तान

लंदन, इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने धुरंधर बल्लेबाज जोस बटलर को इंग्लैंड की वन-डे और ट्वेंटी-20 टीम का कप्तान नियुक्त किया है। बटलर इयोन मोर्गन की जगह लेंगे, जिन्होंने हाल ही में संन्यास लिया है। बटलर ने इंग्लैंड के लिये 57 टेस्ट, 151 वन-डे और 88 ट्वेंटी-20 मैच खेले हैं। तीनों प्रारूपों में बटलर का प्रदर्शन शानदार रहा है। बटलर ने पिछले वर्ष आईसीसी ट्वेंटी-20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन किया और इंग्लैंड को सेमीफाइनल तक पहुंचाया था।

भारतीय एथलीट पूवम्मा डोप टेस्ट में निलंबित

नई दिल्ली, भारत की सीनियर रिले धाविका और पूर्व एशियन गेम्स चैंपियन एम.आर. पूवम्मा पर राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने पिछले वर्ष डोप टेस्ट में नाकाम रहने के कारण 3 महीने का प्रतिबंध लगाया है। पिछले वर्ष फरवरी में आयोजित इंडियन ग्रांप्री के दौरान पूवम्मा के डोप टेस्ट के नमूने लिये गये थे। पूवम्मा को प्रतिबंधित मेथिल हेक्सानिएमाइन के सेवन का दोषी पाया गया था। इस प्रतिबंध के कारण पूवम्मा 15 जुलाई से अमेरिका के पूजीन में आयोजित होने वाली विश्व चैंपियनशिप में हिस्सा नहीं ले पायेंगी।

न्यूजीलैंड में महिला और पुरुष क्रिकेटरों को समान मैच फीस

ऑकलैंड, न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने महिला क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिये ऐतिहासिक फैसला लेते हुये महिला और पुरुष क्रिकेटरों को बराबर मैच फीस देने का फैसला किया है। न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड के अनुसार नये केंद्रीय अनुबंध के तहत महिला और पुरुष क्रिकेटरों को अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट मुकाबलों में एक ही कॉन्ट्रैक्ट के अनुसार मैच फीस मिलेगी। न्यूजीलैंड में अब महिला और पुरुष क्रिकेटरों को प्रति टेस्ट मैच के लिये 5 लाख रुपये, प्रति वन-डे मैच के लिये 1.95 लाख रुपये तथा प्रति ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच 1.21 लाख रुपये मैच फीस मिलेगी। वहीं घरेलू वन-डे मैच के लिये 39 हजार रुपये प्रति मैच तथा घरेलू ट्वेंटी-20 मैच के लिये 28 हजार रुपये प्रति मैच फीस मिलेगी।

डायमंड लीग

नीरज चोपड़ा ने पहली बार जीता पदक

स्टॉकहोम, टोक्यो ओलिंपिक के गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा ने एक बार फिर से भाला फेंक में अपना ही नेशनल रिकॉर्ड तोड़ दिया है। स्टॉकहोम डायमंड लीग में नीरज ने 89.94 मीटर का लंबा थ्रो किया। नीरज ने 14 जून को पावो नुरमी गेम्स में 89.03 मीटर लंबा थ्रो किया था। अब उन्होंने इस रिकॉर्ड को तोड़ दिया है, लेकिन एक बार फिर 90 मीटर को क्रॉस करने से चूक गए। ओलिंपिक में स्वर्ण पदक जीतने के बाद नीरज ने जून में ही फील्ड पर वापसी की है।

पहले ही थ्रो में तोड़ा रिकॉर्ड

नीरज चोपड़ा ने अपने पहले ही थ्रो पर नेशनल रिकॉर्ड तोड़ा। उन्होंने दूसरा थ्रो 84.37, तीसरा थ्रो 87.46, चौथा थ्रो 84.67, पांचवा थ्रो 86.67, छठा थ्रो 86.84 मीटर का फेंका। इस दौरान उन्होंने एक भी फाउल थ्रो नहीं किया। टोक्यो ओलिंपिक के बाद यह नीरज का तीसरा इवेंट था। इससे पहले हुए दो इवेंट में उन्होंने रजत और स्वर्ण पदक जीते थे।

स्वर्ण पदक से चूके

अपना नेशनल रिकॉर्ड तोड़ने के बाद भी नीरज चोपड़ा स्वर्ण पदक नहीं जीत सके। कैरेबियन देश ग्रेनेडा के पीटर्स एंडरसन ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया। 24 साल के एंडरसन ने 90.31 मीटर का सबसे लंबा थ्रो किया। एंडरसन इस सीजन में 93.07 मीटर का भी थ्रो कर चुके हैं। नीरज दूसरे स्थान पर रहे और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। पावो नुरमी गेम्स में भी नेशनल रिकॉर्ड तोड़ने के बाद नीरज को स्वर्ण पदक नहीं मिला था।

डायमंड लीग में पहला पदक

यह नीरज चोपड़ा का डायमंड लीग में पहला पदक है। इससे पहले उनका बेस्ट प्रदर्शन नंबर-4 था। जर्मनी के जुलियान वेबर ने 89.08 मीटर का सबसे लंबा थ्रो कर कांस्य पदक जीता। अब 15 से 24 जुलाई के बीच होने वाले वर्ल्ड एथेलेटिक्स चैंपियनशिप में नीरज चोपड़ा पदक के लिए दावेदारी पेश करेंगे।

नीरज चोपड़ा स्टॉकहोम में हिस्सा लेने वाले अकेले भारतीय हैं। यह डायमंड लीग में उनकी सातवीं हाजिरी है। वह पिछली बार 2018 में ज्यूरिख में हुए आयोजन में शामिल हुए थे और उन्होंने इस आयोजन में इससे पहले कोई पदक नहीं जीता है।

नीरज अब अमेरिका में आयोजित होने वाली विश्व एथेलेटिक्स चैंपियनशिप में शिरकत करेंगे।

- **नीरज टोक्यो ओलिंपिक में भाला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक विजेता हैं।**
- **नीरज ने पिछले दिनों पावो नूरमी गेम्स में रजत तथा कुआर्ताने गेम्स में स्वर्ण पदक जीता है।**
- **नीरज राष्ट्रमंडल खेलों में भाला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक के दावेदार हैं।**

विश्व कप के बाद न्यूजीलैंड का दौरा करेगी टीम इंडिया

ऑकलैंड, ऑस्ट्रेलिया में ट्वेंटी-20 विश्व कप के बाद भारत तीन ट्वेंटी-20 और तीन एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैचों की श्रृंखला के लिए न्यूजीलैंड का दौरा करेगा। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने बताया कि श्रृंखला का आयोजन 18 से 30 नवंबर के बीच किया जाएगा। इसके बाद अगले साल जनवरी में न्यूजीलैंड की टीम सीमित ओवरों की श्रृंखला के लिए भारत आएगी। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने कहा कि भारत ट्वेंटी-20 विश्व कप के खत्म होने के बाद न्यूजीलैंड की पुरुष क्रिकेट टीम के खिलाफ वेलिंगटन, तौरंगा और नेपियर में तीन ट्वेंटी-20 और ऑकलैंड में तीन एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलने के लिए न्यूजीलैंड आएगा।

कार्लोस सेंज ने जीती ब्रिटिश ग्रांप्री फॉर्मूला-वन रेस

सिल्वरस्टोन, स्पेन के अनुभवी कार रेसर कार्लोस सेंज जूनियर ने ब्रिटिश ग्रांप्री फॉर्मूला-वन रेस का खिताब अपने नाम किया है। ब्रिटिश ग्रांप्री की क्वालिफाइंग रेस में शानदार प्रदर्शन कर कार्लोस ने पोल पोजिशन हासिल की। मुख्य रेस में भी कार्लोस का दमदार प्रदर्शन जारी रहा। कार्लोस ने 52 लैप की इस रेस को 2 घंटा 17 मिनट 50.311 सेकेंड में पूरी की। रेस में सर्जियो पेरेज दूसरे, लुईस हैमिल्टन तीसरे, चार्ल्स लेकलर्क चौथे तथा फर्नांडो अलोंसो पांचवें स्थान पर रहे। ये कार्लोस सेंज जूनियर के फॉर्मूला-वन कॅरियर की पहली जीत है।

फीफा विश्व कप में 'ऑफ साइड' फैसलों के लिये नयी तकनीक

लुसाने, फीफा इस साल कतर में होने वाले फुटबॉल विश्व कप में 'ऑफ साइड' फैसलों को बेहतर करने के लिये नयी तकनीक शुरू करेगा, जिसमें 'लिंब-ट्रैकिंग कैमरा' (पैर की गतिविधियों पर नजर रखने के लिये) प्रणाली का इस्तेमाल किया जायेगा।

फीफा ने कहा कि वह 'सेमी-ऑटोमेटिड ऑफ साइड' तकनीक (एसएओटी) लॉन्च करने के लिये तैयार है, जिसमें कई कैमरे खिलाड़ी के मूवमेंट पर नजर रखते हैं और साथ ही गेंद में एक 'सेंसर' लगा होगा, जिससे स्टेडियम की स्क्रीन पर तुरंत ही त्रि-आयामी छवियां दिखेंगी जिससे प्रशंसकों को रेफरी के फैसले को समझने में मदद मिलेगी।

यह लगातार तीसरा विश्व कप होगा, जिसमें फीफा ने रेफरी की मदद के लिये नयी तकनीक शुरू की है। फीफा द्वारा ब्राजील में वर्ष 2014 में हुये टूर्नामेंट के लिये 'गोल लाइन' तकनीक तैयार की गयी थी, क्योंकि वर्ष 2010 के फीफा विश्व कप में कई रैफरी ने काफी गलतियां की थीं। फिर वर्ष 2018 के फीफा विश्व कप में वीडियो 'रिव्यू' लाया गया, जिससे कई मौकों पर रेफरी को मैच का रुख बदलने वाली

घटनाओं पर फैसला करने में मदद मिली थी। इस नयी 'ऑफ साइड' प्रणाली में वीडियो सहायक रेफरी (वीएआर) प्रणाली की तुलना में बेहद सटीक और जल्दी फैसला आयेगा। हालांकि विश्व कप 2018 में ऑफ साइड की बड़ी गलतियां नहीं हुई थीं।

फीफा के 'रेफरिंग' कार्यक्रम की अगुआई करने वाले और तकनीक पूर्व युग में 2002 विश्व कप फाइनल में काम कर चुके पिएरलुईजी कोलिना ने कहा ये उपकरण काफी सटीक है, इसमें शायद और सुधार हो सकता है।

विक्टर एक्सेलसन मलेशिया ओपन के चैंपियन बने

क्वालालंपुर, डेनमार्क के दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ी विक्टर एक्सेलसन ने मलेशिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट का खिताब जीता है। एक्सेलसन ने टूर्नामेंट के पुरुष एकल वर्ग के फाइनल में जापान के केंटो मोमोटा को आसान मुकाबले में 21-4, 21-7 से हराया।

मैच में एक्सेलसन ने शुरुआत से ही आक्रामक रणनीति अपनाई। एक्सेलसन ने पहले गेम में मोमोटा के खिलाफ लगातार 2 अंक बटोरे। मोमोटा ने भी चार अंक बटोरे, लेकिन पहला गेम 21-4 से एक्सेलसन के नाम रहा। दूसरे गेम में भी एक्सेलसन का शानदार प्रदर्शन जारी रहा। दूसरे गेम में मोमोटा ने वापसी की कोशिश की, लेकिन एक्सेलसन के सामने ज्यादा देर टिक नहीं पाये। एक्सेलसन ने दूसरा गेम 21-7 से जीता।

इंतानोन बनी महिला चैंपियन

मलेशिया ओपन में महिला एकल वर्ग का खिताब थाईलैंड की रतचानोक इंतानोन ने जीता। इंतानोन ने महिला एकल वर्ग के फाइनल में टोक्यो ओलिंपिक की चैंपियन चेन यूफेई को कड़े मुकाबले में 21-15, 13-21, 21-16 से हराया। पहले गेम में इंतानोन ने बेहतरीन खेल दिखाया और यूफेई पर दबाव बनाकर गेम 21-15 से जीत लिया। दूसरे गेम में यूफेई ने शानदार पलटवार करते हुये 21-13 से जीत दर्ज की। तीसरे और निर्णायक गेम में भी दोनों खिलाड़ियों के बीच रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। तीसरे गेम में एक समय यूफेई ने बढ़त बनाई थी, लेकिन इंतानोन ने अंतिम क्षणों में लगातार अंक अर्जित कर 21-16 से गेम और खिताब अपने नाम कर लिया।

- **विक्टर एक्सेलसन का यह इस वर्ष चौथा खिताब है।**
- **एक्सेलसन ने इस वर्ष ऑल इंग्लैंड, इंडोनेशिया मास्टर्स और इंडोनेशिया ओपन भी जीता है।**
- **एक्सेलसन ने टोक्यो ओलिंपिक-2020 और वर्ल्ड चैंपियनशिप-2017 में स्वर्ण पदक जीता है।**
- **रतचानोक इंतानोन ने दूसरी बार जीता है मलेशिया ओपन।**
- **इंतानोन वर्ष 2016 में भी बनी थीं मलेशिया ओपन की चैंपियन।**

इंग्लैंड-भारत टेस्ट मैच

इंग्लैंड ने दर्ज की ऐतिहासिक जीत

बर्मिंघम, इंग्लैंड की टेस्ट क्रिकेट टीम ने बर्मिंघम में भारत के खिलाफ खेले गये टेस्ट मैच में शानदार जीत दर्ज की। इंग्लैंड ने बर्मिंघम टेस्ट में भारत को सात विकेट से हराया। ये टेस्ट क्रिकेट में इंग्लैंड का सबसे सफल रनचेज है। इंग्लैंड ने 378 रनों का लक्ष्य महज 76.4 ओवरों में 3 विकेट खोकर हासिल कर लिया। मैच में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुये पहली पारी में 416 रन बनाये। भारत के लिये ऋषभ पंत ने 146 तथा रविन्द्र जडेजा ने 104 रनों की बेहतरीन पारी खेली। वहीं इंग्लैंड के लिये जेम्स एंडरसन ने 5 विकेट झटके। पहली पारी में इंग्लैंड के बल्लेबाजों का प्रदर्शन खराब रहा। इंग्लैंड के 5 विकेट 83 रन पर गिर गये। इसके बाद जॉनी बेयरस्टो ने 106 रनों की पारी खेली। बेयरस्टो की शानदार पारी के बावजूद इंग्लैंड की टीम पहली पारी

में 284 रन ही बना सकी।

पहली पारी में 132 रनों की बढ़त लेने वाली भारतीय टीम दूसरी पारी में बड़ा स्कोर खड़ा करने में नाकाम रही। भारत के लिये चेतेश्वर पुजारा (66) और ऋषभ पंत (57) ही अर्धशतक बना सके। भारतीय टीम दूसरी पारी में महज 245 रन ही बना सकी। इंग्लैंड को जीत के लिये 378 रनों का लक्ष्य मिला। इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज एलेक्स लीस (56) और जैक क्राउले (46) ने पहले विकेट के लिये 107 रनों की साझेदारी कर इंग्लैंड को मजबूत शुरुआत दिलाई। भारतीय टीम ने इसके बाद 109 के स्कोर पर तीन विकेट झटककर वापसी की कोशिश की, लेकिन जो रूट और जॉनी बेयरस्टो ने भारत की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। दोनों बल्लेबाजों ने चौथे विकेट के लिये 269 रनों की साझेदारी कर इंग्लैंड को जीत दिलाई। रूट ने 142 तथा बेयरस्टो ने 114 रनों की शतकीय पारी खेली। यह टेस्ट मैच भारत और इंग्लैंड के बीच पिछले वर्ष खेली गई पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का हिस्सा था। इंग्लैंड की जीत के साथ यह टेस्ट सीरीज 2-2 से बराबर रही है। सीरीज का पांचवां मैच कोरोना के चलते स्थगित हुआ था, जो अब खेला गया है। सीरीज का पहला मैच ड्रा रहा था, भारत ने दूसरा तथा चौथा मैच जीता था, वहीं इंग्लैंड ने तीसरा मैच जीता था।

जसप्रीत बुमराह ने ब्रॉड के ओवर में बनाये 35 रन

बर्मिंघम, भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने टेस्ट क्रिकेट में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। बुमराह ने बर्मिंघम में इंग्लैंड के खिलाफ खेले गये मैच में स्टुअर्ट ब्रॉड के एक ओवर में 35 रन बटोरे। ये टेस्ट क्रिकेट में एक ओवर के दौरान बनाये गये सबसे ज्यादा रन है। बुमराह ने 35 में से 29 रन बल्ले से बनाये, जबकि 6 रन अतिरिक्त के रूप में मिले। इससे पहले टेस्ट क्रिकेट में ओवर में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड ब्रायन लारा, जॉर्ज बेली और केशव महाराज के नाम पर था। इन तीनों बल्लेबाजों ने 28-28 रन बनाये थे। स्टुअर्ट ब्रॉड ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में भी एक ओवर में सबसे ज्यादा रन (36) खर्च करने वाले गेंदबाजों में शुमार हैं।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

सामयिकी

● एयर मार्शल ए.पी. सिंह ●

सेंट्रल एयर कमांड में पदभार ग्रहण किया

एयर मार्शल ए.पी. सिंह ने 01 जुलाई, 2022 को सेंट्रल एयर कमांड (सीएसी) में एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ

(एओसी-इन-सी) का पदभार ग्रहण किया। एयर मार्शल ए.पी. सिंह को 21 दिसंबर, 1984 को भारतीय वायुसेना की फाइटर स्ट्रीम में शामिल किया गया था। वह राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, डिफेंस सर्विस स्टाफ कॉलेज और राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय के पूर्व छात्र हैं। वे एक योग्य उड़ान प्रशिक्षक और एक एक्सपेरिमेंटल टेस्ट पायलट हैं, उनके पास 4900 घंटे से अधिक का उड़ान अनुभव है। वर्तमान नियुक्ति संभालने से पहले, वह पूर्वी वायु कमान में सीनियर एयर स्टाफ ऑफिसर थे। एयर मार्शल ए.पी. सिंह को उनकी विशिष्ट सेवा के लिए 26 जनवरी, 2019 को भारत के राष्ट्रपति द्वारा अति विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया था।

उद्यमी भारत कार्यक्रम

एमएसएमई क्षेत्र को मजबूत करना पूरे समाज को मजबूत करना है : प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 'उद्यमी भारत' कार्यक्रम में हिस्सा लिया। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर 'एमएसएमई प्रदर्शन में सुधार तथा तेजी' (रैंप) योजना, 'पहली बार के एमएसएमई निर्यातकों का क्षमता निर्माण' (सीबीएफटीई) योजना और 'प्रधानमंत्री रोज़गार सृजन कार्यक्रम' (पीएमईजीपी) की नई सुविधाओं जैसी प्रमुख पहलों का शुभारंभ किया। उन्होंने 2022-23 के लिए पीएमईजीपी के लाभार्थियों को डिजिटल रूप से सहायता भी हस्तांतरित की, एमएसएमई आइडिया हैकथॉन, 2022 के परिणाम घोषित किए, राष्ट्रीय एमएसएमई पुरस्कार, 2022 वितरित किए और आत्मनिर्भर भारत (एसआरआई) फंड में 75 एमएसएमई को डिजिटल इक्विटी सर्टिफिकेट जारी किए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि एमएसएमई के उद्यम से ही आत्मनिर्भर भारत के अभियान को सिद्धि मिलेगी, भारत सशक्त होगा। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी में भारत जो भी ऊंचाइयां हासिल करेगा, वह एमएसएमई क्षेत्र की सफलता पर निर्भर करेगी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत का एक्सपोर्ट लगातार बढ़े, भारत के प्रोडक्ट्स नए बाजारों में पहुंचें इसके लिए देश के एमएसएमई सेक्टर का सशक्त होना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा, "हमारी सरकार, आपके इसी सामर्थ्य, इस सेक्टर की असीम

संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए निर्णय ले रही है, नई नीतियां बना रही है।" उन्होंने कहा कि आज शुरू की गई पहल और सरकार द्वारा किए गए अन्य उपाय एमएसएमई की क्वालिटी और प्रमोशन से जुड़े हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि जब हम एमएसएमई कहते हैं तो तकनीकी भाषा में इसका विस्तार होता है माइक्रो, स्मॉल एंड मीडियम एंटरप्राइजेज। लेकिन ये सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम, भारत की विकास यात्रा का बहुत बड़ा आधार हैं। भारत की अर्थव्यवस्था में लगभग एक तिहाई हिस्सेदारी एमएसएमई सेक्टर की है। एमएसएमई क्षेत्र को सशक्त करने का मतलब है - पूरे समाज को सशक्त करना, सबको विकास के लाभ का भागीदार बनाना, सबको आगे बढ़ाना। इसलिए एमएसएमई सेक्टर सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा, हमारे लिए एमएसएमई का मतलब है- सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को अधिकतम समर्थन। प्रधानमंत्री ने कहा कि एमएसएमई रोज़गार सृजन के लिए महत्वपूर्ण है। महामारी के संकट के दौरान, हमने अपने छोटे उद्यमों को बचाने के साथ ही उन्हें नई ताकत देने का भी फैसला किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने इमरजेंसी क्रेडिट लाइन गारंटी स्कीम के तहत साढ़े 3 लाख करोड़ रुपए की मदद एमएसएमई उद्यमों के लिए सुनिश्चित की। एक रिपोर्ट के मुताबिक, इससे करीब 1.5 करोड़ रोज़गार खत्म होने से बच गए। उन्होंने कहा कि आजादी के इस अमृत काल में, हमारे एमएसएमई भारत की आत्मनिर्भरता के विराट लक्ष्य की प्राप्ति का भी एक बहुत बड़ा माध्यम है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार निर्यात बढ़ाने में एमएसएमई की मदद के लिए कदम उठा रही है। विदेश स्थित भारतीय मिशन को इस पर काम करने को कहा गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मिशनों का मूल्यांकन तीन मापदंडों यानी व्यापार, प्रौद्योगिकी और पर्यटन पर किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अब पहली बार खादी और ग्रामोद्योग का टर्नओवर 1 लाख करोड़ रुपए के पार पहुंचा है। ये इसलिए संभव हुआ है क्योंकि गांवों में हमारे छोटे-छोटे उद्यमियों ने, हमारी बहनों ने बहुत परिश्रम किया है। बीते 8 वर्षों में खादी की बिक्री 4 गुणा बढ़ी है। प्रधानमंत्री ने कहा, "इस कार्यक्रम के माध्यम से मैं एमएसएमई क्षेत्र से जुड़े अपने सभी भाइयों और बहनों को आश्वस्त करता हूं कि सरकार ऐसी नीतियां बनाने के लिए प्रतिबद्ध है जो आपकी आवश्यकताओं को पूरा करती है और आपके लिए सकारात्मक हो। एक उद्यमी भारत की हर उपलब्धि हमें एक आत्मनिर्भर भारत की ओर ले जाएगी। मुझे आप पर और आपकी क्षमता पर विश्वास है।

वारोआ प्लेग की वजह से

मधुमक्खियों को मार रहा है ऑस्ट्रेलिया

ऑस्ट्रेलिया में पहली बार घातक वारोआ प्लेग फैलने के बाद 60 लाख से अधिक मधुमक्खियों को मारा गया है। यह परजीवी देश के दक्षिण-पूर्वी हिस्से में फैल गये हैं। अब इनकी वजह से करोड़ों रुपए की शहद इंडस्ट्री पर खतरा मंडरा रहा है।

इसे देखते हुए ही मधुमक्खी पालकों के लिए अलर्ट जारी किया गया। जिसके बाद से हजारों हनी-बी कॉलोनियों (जहां मधुमक्खी पालन किया जाता है) को नष्ट कर दिया गया है। न्यू साउथ वेल्स राज्य के चीफ प्लांट प्रोटेक्शन ऑफिसर के अनुसार "ऑस्ट्रेलिया एकमात्र प्रमुख शहद उत्पादक देश है जो अभी तक वेरोआ माइट से मुक्त है। अगर यह परजीवी फैल जाता है तो, शहद उद्योग को सालाना 7 करोड़ डॉलर का नुकसान हो सकता है।"

ऑस्ट्रेलिया के कृषि मंत्री डगलैड सॉन्डर्स के अनुसार "अब तक छह सौ

छत्तों को नष्ट किया जा चुका है जिनमें से हरेक में दस से तीस हजार के बीच मधुमक्खियां थीं। यह संख्या और बढ़ेगी। हमें अब तक आठ ऐसे परिसरों का पता चला है जहां संक्रमण हो चुका है।

आने वाले दिनों में नष्ट करने के ये आदेश जारी रहेंगे। सरकार एक रसायन के छिड़काव के बारे में भी सोच रही है जो वारोआ के प्रसार को धीमा कर सकता है। छत्तों को जलाकर नष्ट करने से पहले मधुमक्खियों को पेट्रोल या गैस से मारा जा रहा है।"

● रूस-यूक्रेन युद्ध ●

यूक्रेन के लिसिचांस्क पर रूसी सेना का नियंत्रण

यूक्रेन की सेना ने पुष्टि की है कि देश के पूर्वी शहर लिसिचांस्क पर रूस की सेना ने अपना नियंत्रण कर लिया है। यूक्रेनी सेना

के जनरल स्टाफ ने कहा है कि "लिसिचांस्क में भारी संघर्ष हमारे रक्षा बलों को अपने कब्जे वाले स्थानों से हटने के लिए मजबूर होना पड़ा। यह कदम यूक्रेनी रक्षकों के जीवन को संरक्षित करने के लिए उठाना पड़ा।" इससे पहले रूस के रक्षामंत्री सर्गेई शोइगु ने कहा था कि उनकी सेना ने लिसिचांस्क पर कब्जा कर लिया है और लुहांस्क क्षेत्र पर पूर्ण नियंत्रण कर लिया है। इस बीच यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा कि उनकी सेना अपनी रणनीति और आधुनिक हथियारों की आपूर्ति में वृद्धि के साथ लिसिचांस्क को फिर से अपने कब्जे में ले लेगी।

रक्षा क्षेत्र में

भारत और सऊदी अरब सहयोग बढ़ाएंगे

भारत और सऊदी अरब ने रक्षा क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के उपायों पर विस्तार से चर्चा की है। भारत यात्रा पर आये सऊदी अरब के सामरिक मामलों के रक्षा उपमंत्री अहमद ए असीरी ने रक्षा सचिव डॉ. अजय कुमार से भेंट की और इस दौरान दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की गयी। श्री असीरी ने रक्षा सचिव को रक्षा सहयोग के बारे में बुधवार को आयोजित भारत-सऊदी अरब संयुक्त समिति की 5वीं बैठक के बारे में जानकारी दी। संयुक्त सचिव (सशस्त्र बल) दिनेश कुमार और श्री असीरी ने भारत-सऊदी अरब संयुक्त समिति की बैठक की संयुक्त रूप से अध्यक्षता की थी। बैठक में दोनों पक्षों ने संयुक्त अभ्यास, विशेषज्ञता वाले क्षेत्रों में आदान-प्रदान और उद्योग के क्षेत्र में सहयोग सहित सैन्य संबंधों में प्रगति की समीक्षा की। इसके अलावा रक्षा उद्योग क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिए संयुक्त उद्यम के नए अवसरों की पहचान करने और पारस्परिक हित के क्षेत्रों की जांच करने का

निर्णय लिया गया। मौजूदा संयुक्त नौसैनिक अभ्यासों के दायरे और इनके स्तर को बढ़ाने तथा अन्य क्षेत्रों में द्विपक्षीय अभ्यासों के विस्तार पर भी चर्चा की गई। भारत-सऊदी अरब संयुक्त समिति की अगली बैठक अगले वर्ष सऊदी अरब में आयोजित करने पर सहमति बनी। यह समिति दोनों देशों के रक्षा मंत्रालयों के बीच द्विपक्षीय रक्षा सहयोग के सभी पहलुओं की व्यापक समीक्षा और मार्गदर्शन करने के लिए शीर्ष निकाय है। श्री असीरी ने एकीकृत रक्षा स्टाफ के प्रमुख से भी बातचीत की। सऊदी शिष्टमंडल के लिए एक रक्षा उद्योग संवाद का भी आयोजन किया गया जिसमें अनेक भारतीय रक्षा उद्योगों ने भाग लिया था।

पर्यटकों के लिए दो साल बाद खुल रहा है भूटान

भूटान के अधिकारियों ने कहा है कि देश सितंबर से अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों का स्वागत करने को तैयार है। प्राकृतिक सुंदरता और प्राचीन बौद्ध संस्कृति वाले देश ने मार्च 2020 में कोविड-19 का पहला मामला मिलने के बाद कठोर शुरुआती कदम उठाए और पर्यटन पर प्रतिबंध लगा दिया। देश की आय का एक महत्वपूर्ण स्रोत विदेशी पर्यटक हैं। आठ लाख से कम की आबादी वाले देश ने 60 हजार से भी कम कोरोना के मामले दर्ज किए और संक्रमण से 21 मौतें हुईं, लेकिन कोरोना के कारण पिछले दो वित्तीय वर्ष में तीन अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था सिकुड़ गई, जिस कारण अधिक लोग गरीबी में चले गए। देश में पर्यटन 50,000 लोगों को रोज़गार देता



है और प्रत्यक्ष विदेशी मुद्रा में महामारी से पहले के तीन वर्षों में लगभग 8.4 करोड़ डॉलर का वार्षिक औसत योगदान दिया। 1974 में भूटान को उच्च श्रेणी के पर्यटकों के लिए खोला गया था, उस समय यहां 300 पर्यटक पहुंचे थे। टीसीबी के डेटा से पता चलता है कि 2019 में यह संख्या बढ़कर 3,15,600 हो गई जो कि इससे पहले वाले साल से 15.1 फीसदी अधिक थी। टूर ऑपरेटरों ने कहा कि पर्यटक अपना चयन करने के लिए स्वतंत्र होंगे। उनका कहना है कि पर्यटक खुद के ऑपरेटर और यात्रा कार्यक्रम बना पाएंगे जबकि इससे पहले पर्यटकों को टूर ऑपरेटरों के पैकेज चुनने पड़ते थे। पर्यटन परिषद भूटान (टीसीबी) ने बताया है कि विदेशी पर्यटकों को देश में 23 सितंबर से प्रवेश की अनुमति होगी। हालांकि, उनसे प्रति पर्यटक प्रति रात दो सौ डॉलर सतत विकास शुल्क लिया जाएगा, जो कि पिछले तीन दशक से लिए जा रहे शुल्क से 65 डॉलर ज्यादा है। अधिकारियों ने कहा कि नया शुल्क पर्यटकों के कार्बन प्रभाव को कम करेगा।

एंट्री फीस की घोषणा करने वाला पहला शहर बना वेनिस

इटली के वेनिस शहर में अगले वर्ष जनवरी से यहां आने वाले पर्यटकों के लिए प्रवेश शुल्क अनिवार्य कर दिया गया है और इसी के साथ ही यह इस तरह का प्रवेश शुल्क लगाने वाला दुनिया का पहला शहर बनने जा रहा है। इटली के पर्यटन क्राउन में स्थित वेनिस की यात्रा करने वाले पर्यटकों को 16 जनवरी, 2023 से प्रवेश शुल्क का भुगतान करना होगा। वेनिस के पर्यटन अधिकारी सिमोन वेंटुरिनी ने संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी।

उन्होंने इसे महान क्रांति और अति पर्यटन समस्या का समाधान करार दिया। शहर इस समस्या का लंबे समय से सामना कर रहा है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार प्रवेश टिकट की कीमत तीन से 10 यूरो तक होगी। यह पर्यटकों की संख्या के अनुसार अलग-अलग होगी। पर्यटकों के जितने अधिक अनुरोध होंगे टिकट की कीमत उतनी अधिक होगी। द इंडिपेंडेंट के अनुसार प्रवेश शुल्क का भुगतान नहीं करने वाले पर्यटक को 300 यूरो का जुर्माना देना होगा। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार छह साल से कम उम्र के बच्चों और निवासियों को इसमें छूट दी जाएगी। उन्होंने कहा दिव्यांगों, घर के मालिकों, स्वास्थ्य कारणों से रिश्तेदारों से मिलने और किसी खेल और सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए शहर में आने वाले लोगों को छूट मिलेगी।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

स्वामी "मध्यप्रदेश माध्यम" की ओर से प्रकाशक, मुद्रक राघवेन्द्र कुमार सिंह, मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित एवं डी.बी. कार्प द्वारा दैनिक भास्कर, प्लाट नंबर-10, सेक्टर-बी, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित। सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह।